# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






खामनेई (मृतक)



अराफी (नया सुप्रीम लीडर)

## ईरान में कयामत

### दुनिया भर में तेल संकट गहराने का डर

### 24 घंटे के भीतर ईरान की सारी टॉप लीडरशिप के 40 प्रमुख लोगों का सफाया

# 30 'बमों' से इजराइल ने उड़ाए खामनेई के चीथड़े

- ट्रंप ने कहा- दुनिया के सबसे क्रूर तानाशाह का अंत
- ट्रंप ने कहा- तुरंत सरेंडर करो। इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा- सरेंडर करने तक स्टैंड इन पोजीशन में होते रहेंगे नॉन स्टॉप हमले

**सुप्रीम लीडर खामेनेई की बेटी-दामाद, बहू-पोती की मौत**

**ईरान के नए सुप्रीम लीडर बने अयातुल्ला अलीरेजा अराफी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

24 घंटे से पूरा अरब जल रहा है। अमेरिका इजराइल ने मिलकर करीब 1200 बमों व करीब 2 हजार मिसाइलों से तेहरान को मिट्टी-मिट्टी व धुआं-धुआं कर दिया है। वहीं, ईरान ने भी 8 अरब देशों के साथ इजराइल व अमेरिका के सैन्य अड्डों पर मिसाइलें बरसाई हैं। इन हमलों में इजराइल व अमेरिका का दावा है कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई व उसके 40 प्रमुख लोगों का खात्मा कर दिया गया है। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि हमने एक महान नेता खो दिया है।





### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे।

## खामेनेई की मौत पर भारत और पाक में प्रदर्शन



पाकिस्तान के कराची में प्रदर्शन करते लोग

श्रीनगर के लाल चौक पर शनिवार को कश्मीरी शिया मुसलमानों ने जमकर प्रदर्शन किया। लाल चौक पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यह हमला पूरी मानवता और संप्रभुता पर प्रहार है। पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के स्कर्दू शहर में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने स्कर्दू में संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक कार्यालय में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास पर धावा बोल दिया और दीवार फांदकर अंदर घुसने की कोशिश की। इस दौरान हुई गोलीबारी में 12 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए।

### भोपाल की करोंद मस्जिद में भी श्रद्धांजलि सभा



**भोपाल।** राजधानी की करोंद स्थित शिया मस्जिद में रविवार को जोहर की नमाज के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा- पूरी दुनिया उस शख्सियत को जानती है, जिसने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और मजलूमों का साथ दिया। खामेनेई ने अपने जीवन में अत्याचार का विरोध किया और इस्लामी इंकलाब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया।

## भारत वेस्टइंडीज को हराकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में

**कोलकाता।** भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उसने संजू सैमसन की रिकॉर्ड नाबाद 97 रनों की पारी के दम पर सुपर-8 के एक तरह से क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। कोलकाता के ऐतिहासिक स्टेडियम ईडन गार्डंस स्टेडियम में विंडीज ने पहले बैटिंग करते हुए 196 रनों का स्कोर किया। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन की रिकॉर्ड पारी के दम पर टी20 विश्व कप इतिहास में सबसे बड़ी जीत (रन चेज) हासिल की। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक 2 विकेट झटके, जबकि भारतीय टीम की इंग्लैंड से सेमीफाइनल में भिड़ंत 5 मार्च को होगी। यह मुकाबला वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बड़े लक्ष्य के आगे अभिषेक शर्मा सिर्फ 10 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अकील हुसैन ने उन्हें शिमरन हेटमायर के हाथों कैच आउट कराया। हालांकि, पिछले मैच में विस्फोट करने वाले संजू सैमसन ने उसी अंदाज में शुरुआत की और आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों से अकेले लोहा लिया। दूसरे छोर पर ईशान किशन 6 गेंदों में 10 और कप्तान सूर्यकुमार यादव 16 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाने के बाद 16 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इस बीच संजू ने 26 गेंदों में मोती को लगाए गए चौके से टी20 विश्व कप में पहली हाफ सेंचुरी जड़ी। दूसरे छोर पर तिलक वर्मा ने शुरुआत तो धीमी की, लेकिन जल्द ही अपने रनचेज मास्टर वाले अंदाज में आ गए। तिलक वर्मा हालांकि 27 रन की पारी खेलकर जेसन होल्डर की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 15 गेंदों में 4 चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद हार्दिक पंड्या (15) का विकेट भी गिरा। इसके बाद संजू सैमसन ने कोई झटका नहीं लगने दिया और भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। सैमसन ने 50 गेंदों में 12 चौके और 4 छक्के के दम पर 97 रनों की नाबाद पारी खेली। *(विस्तृत खेल पेज 13 पर)*

### एयरपोर्ट्स पर हाहाकार जंग के बीच भारत में 444 उड़ानें रद



ईरान पर हुए हमले की वजह से शनिवार को 410 उड़ानें रद्द की गईं थी और अब संभावनाएं जताई गई है कि रविवार को भारत 444 इंटरनेशनल उड़ानें रद्द हैं। एमिरेट्स, कतर एयरवेज समेत कई एयरलाइनों ने उड़ानें निलंबित कीं और 1,800 से ज्यादा फ्लाइट रद्द हुईं। अरब क्षेत्र में करीब 3400 उड़ानें रद्द हैं।

### लेकिन, बड़ा सवाल ये

- क्या खामनेई जिंदा है? क्योंकि, कह तो नेतन्याहू व ट्रंप भी रहे हैं, ईरान की आर्मी भी कह रही है पर खामनेई के फोटो कहां हैं?
- कहीं, खामनेई ने ट्रंप से कोई गुप्त समझौता तो नहीं किया कि वह कहीं पहाड़ों के नीचे चला जाए और उसे मरा घोषित कर दिया जाए?
- खामनेई ने लीडरशिप से हटना मान लिया हो और तख्ता पलट को मंजूरी दे दी हो ताकि वह सालों बाद सुरक्षित प्रकट हो सके?
- क्योंकि, ईरान से खामनेई और टॉप लीडरशिप के मारे जाने का बयान चौंकाता है, आमतौर पर ऐसा होता नहीं है कि प्रभावित देश तत्काल पुष्टि कर दे?
- ईरान में कभी भी पैदल सेना नहीं उतारी जा सकती है। क्योंकि, वह पहाड़ी इलाका है। वहां आकाशीय हमले ही संभव है। इसलिए, अमेरिका ने सबसे पहले अफगानिस्तान से पाक पर हमला करवाया। एयरस्पेस क्लीयर हुआ तो हमला कर दिया।

### इन थ्योरी से समझिए युद्ध के पीछे की हकीकत?

**क्या यह सिर्फ परमाणु हथियारों को नष्ट करने व तख्ता पलट के लिए युद्ध है?**

- नहीं, यह परमाणु हथियारों को नष्ट करने व तख्ता पलट के लिए युद्ध नहीं है। यह सिर्फ दुनिया को दिखाने के लिए है।
- इसके पीछे दुनिया के देशों में हथियारों की बिक्री,पैसा बटोरने, अपने प्रभुत्व को स्थापित करने व अपनी सीमाओं की विस्तारवादी नीति प्रमुख है।
- ट्रंप ने नारा ही दिया था- ग्रेट अमेरिका, मेक अगेन। अमेरिका इसी नारे को आगे बढ़ा रहा है। साथ ही ट्रंप अपने दामाद की कंपनी में दुनिया के देशों की मनी पार्क करा रहे हैं।
- इजराइल भी अरब देशों को मिलाकर एक ग्रेटर इजराइल बनाने की कल्पना कर रहा है। इसलिए, इस बार उसने सऊदी अरब को साथ मिलाया। सऊदी अरब ईरान को अपने लिए बड़ी धमकी समझता था।

### इतने सटीक टारगेटेड हमले कैसे संभव हुए?

**एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड एआई ने की मदद**

इस युद्ध में टेक्नोलज़ी व इंटेलीजेंस का इस्तेमाल हुआ। ट्रंप ने एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड एआई की मदद मांगी। उसने इंकार कर दिया। ट्रंप ने उसे ब्लैक लिस्ट कर दिया। शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एंथ्रोपिक की तकनीक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करने वाले बयान के कुछ घंटे बाद ही रक्षा विभाग ने हमले की तैयारी के लिए क्लाउड का इस्तेमाल किया। बाद में क्लाउड एआई ने ही हमले के रूट व पैटर्न सटीक तरीके से उपलब्ध कराए। ईरान पर हमले के दौरान खुफिया जानकारी के आकलन, सटीक ठिकानों की पहचान और युद्ध के संभावित परिदृश्यों को समझने के लिए क्लाउड एआई की मदद ली गई।











अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

2 मार्च, 2026 | पूर्वाह्न 11:30 बजे | नागलवाड़ी, बड़वानी

*वर्ष 2026 को हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। हमारा ध्येय कृषि को औद्योगिक गतिविधियों से जोड़कर किसानों की आय में स्थायी वृद्धि करना और कृषि को पारंपरिक उत्पादन से आगे ले जाकर अन्नदाता की समृद्धि सुनिश्चित करना है।*

*- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री*

D-11215/25

## अन्नदाता के साथ, प्रदेश का विकास

**उड़द प्रोत्साहन योजना 2026**
उड़द किसानों को मिलेगा एमएसपी के अतिरिक्त ₹600 प्रति क्विंटल बोनस का सीधा लाभ।
लगभग 3 लाख हेक्टेयर संभावित बोनी क्षेत्र से बढ़ेगा उत्पादन एवं किसानों की आय।

**भावांतर योजना- सरसों 2026**
सरसों उत्पादन में वृद्धि को देखते हुए 15.71 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान।
फसल की सही कीमत सुनिश्चित करने हेतु भावांतर योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन**
आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के साथ धान, गेहूं, दलहन, मोटा अनाज एवं नगदी फसलों का विस्तार।
₹3285.49 करोड़ की स्वीकृति से खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय वृद्धि।

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना**
पर ड्रॉप मोर क्रॉप परियोजना की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक निरंतरता स्वीकृत करते हुए ₹ 2393.97 करोड़ के प्रावधान से सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा, जल संरक्षण एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि।

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना**
कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु 2031 तक निरंतरता के लिए ₹2008.68 करोड़ की स्वीकृति से कृषि अधोसंरचना और नवाचार को बल।

**राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन**
प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु आगामी 5 वर्षों के लिए ₹ 1101 करोड़ के निवेश से टिकाऊ खेती और लागत में कमी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।

**राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन**
मिशन को गति देने 5 वर्ष की निरंतरता के लिए ₹1793.87 करोड़ की स्वीकृति से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में खाद्य तेल उत्पादन में वृद्धि को मिलेगा बल।

**चना, मसूर एवं तुअर का उपार्जन**
दलहन किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित करने की पहल, प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

## होली पर्व की हार्दिक मंगलकामनाएं

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

जबलपुर
सोमवार 2 मार्च 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 20, अंक : 302
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 16

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8 ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चिंताएं



मैट्रो
14 होली व रमजान पर पुलिस अलर्ट ...

## 3 मार्च को चंद्रग्रहण और 4 मार्च को रंग उत्सव और चल समारोह

# भ्रम में मत रहिए...आज रात 12:50 बजे से 2:02 बजे तक तक 'होलिका दहन' कीजिए

चंद्रग्रहण सुबह 9.14 मिनट से शुरू होकर शाम 7 बजकर 2 मिनट तक रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस साल होली की तारीख को लेकर लोगों में थोड़ी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ लोग जहां 2 मार्च सोमवार को तो कुछ लोग 3 मार्च को होलिका दहन करने की बात कह रहे हैं।

राजधानी के पंडितों के अनुसार 2 मार्च को ही होलिका दहन करना सही रहेगा। पंडित विवेक शर्मा ने के अनुसार इस साल होलिका पूजन और दहन सोमवार की रात को किया जाएगा। वहीं, रंगभरी होली 4 मार्च बुधवार को मनाई जाएगी। दरअसल 2 मार्च सोमवार को पूर्णिमा तिथि पंचांग के अनुसार सुबह 6 बजकर 16 मिनट पर सूर्योदय होगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण भी लगेगा, जो सुबह 9.14 मिनट से शुरू होकर शाम 7 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जाएगा। इसी कारण 3 मार्च को रंग खेलने की परंपरा नहीं होगी और 4 मार्च को रंगभरी होली मनाई जाएगी। 2 मार्च की शाम 5:18 बजे से 3 मार्च की सुबह 4:56 बजे तक भद्रा रहेगा। शास्त्रों के अनुसार भद्रा काल में होलिका दहन वर्जित माना गया है। हालांकि यदि पूरी रात भद्रा हो तो उसके पुच्छ भाग में दहन करना शुभ माना जाता है। इस वर्ष भद्रा का पुच्छ भाग रात 12:50 बजे से 2:02 बजे तक रहेगा। यही 1 घंटा 12 मिनट का समय होलिका दहन के लिए सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। ग्रहण और पूर्णिमा तिथि के समापन को देखते हुए 2 मार्च की मध्यरात्रि का यह समय अधिक शुभ मानाजा रहा है।



### दृष्य गणित के अनुसार
### प्रदोष वेला में शाम 6.36 से 9 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त

पं विष्णु राजोरिया अध्यक्ष परशुराम कल्याण बोर्ड ने बताया कि होलिका दहन मुहूर्त 3 मार्च, फाल्गुन शुक्ल पुर्णिमा के प्रातः काल 5 से 6.33 सूर्योदय तक उत्तम है। धुलेड़ी पर्व 4 मार्च चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को होगा। रंगपंचमी 8 मार्च को मनाई जाएगी। वहीं, दूसरी ओर दृष्य गणित के अनुसार दो मार्च को शाम प्रदोष वेला में 6.36 से 9 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त है।

### मप्र में 3 और 4 मार्च को रहेगा होली का अवकाश

राज्य सरकार ने होली के अवकाश को लेकर रविवार को संशोधित आदेश जारी किया है। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 के आदेश में 3 मार्च को होली का अवकाश घोषित किया गया था। इस दिन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित हुआ था। किंतु प्रदेश भर में 4 मार्च को होली मनाई जा रही है, इसलिए 4 मार्च को भी होली का अवकाश घोषित किया है। इस तरह से मप्र में अब तीन मार्च के साथ ही साथ चार मार्च को होली का अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से जारी आदेश के अनुसार होली पर्व पर नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 की धारा 25 के तहत इस दिन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया जाता है। इसके तहत 4 मार्च बुधवार को होली के अवकाश का गजट नोटिफिकेशन किया गया है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हत्या की आरोपी मांओं की इंदौर में जलेगी होली

इंदौर। मेंस राइट्स के लिए काम करने वाली संस्था पौरुष इस बार अलग तरीके से होली का दहन करेगी। 2 मार्च की शाम 4 बजे महालक्ष्मी नगर मेला ग्राउंड के सामने 'पुत्र-हंता होलिका' का दहन किया जाएगा। इस बार इसमें महिला आरोपियों के चेहरे का दहन होगा। ये देश की वे 11 आरोपी महिलाएं हैं, जिन पर अपने बच्चों की हत्या का आरोप है।



### 28 दिन में यूपीआई ट्रांजैक्शन का टूटा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। यूपीआई का इस्तेमाल भी खूब बढ़ता रहा है। फरवरी के 28 दिनों में ही लोगों ने इतने ट्रांजैक्शन किए कि रिकॉर्ड तोड़ डाला। ट्रांजेक्शन की संख्या फरवरी में सालाना आधार पर 27% बढ़कर 20.39 अरब हो गई है। इस दौरान यूपीआई ट्रांजैक्शन की वैल्यू सालाना आधार पर 22% बढ़कर 26.84 लाख करोड़ हो गई है।



### फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 8 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन फरवरी 2026 में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत से बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि बीते वर्ष समान अवधि में 1.69 लाख करोड़ रुपए था। इससे पहले जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.71 लाख करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 26 की शुरुआत से लेकर अब तक कलेक्शन 20,27,033 करोड़ रुपए रहा है।



## अमेरिका-इजराइल जंग
## दुबई एयरपोर्ट्स बंद, मध्यप्रदेश के 100 से ज्यादा लोग यूएई में फंसे, प्रधानमंत्री मोदी- अमित शाह से लगाई गुहार

# इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला बोले- गिर रहे बम, हमें बचा लीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/इंदौर

ईरान पर इजराइल और अमेरिका की स्ट्राइक के बीच दुबई की मशहूर और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। हमले के बाद दुबई के सभी एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। यहां से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी गई हैं।

जंग का असर मध्य प्रदेश के यात्रियों पर भी पड़ा है। दुबई के शारजाह से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-256 रद्द हो गई है। कल की फ्लाइट आईएक्स 255 और आईएक्स256 भी कैंसिल कर दी गई हैं। इससे मध्य प्रदेश के 100 से ज्यादा यात्री दुबई और शारजाह एयरपोर्ट पर फंस गए हैं। शारजाह से इंदौर के लिए फ्लाइट यूएई टाइम के हिसाब से दोपहर 12:20 बजे निकलने वाली थी, लेकिन आखिरी मिनट में कैंसल कर दी गई। कई पैसेंजर्स पहले ही दुबई पहुंच चुके थे। शारजाह से इंदौर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट्स तय थीं।

वैकल्पिक उड़ानों की संख्या सीमित होने के कारण यात्रियों को तत्काल राहत नहीं मिल पा रही

फंसे लोगों में बिजनेसमैन और बिल्डर भी शामिल



दुबई में एक ऐसा समूह जो होटल खरीदने गया था


▶▶ एयर इंडिया की फ्लाइट आज भी कैंसिल
▶▶ फंसे यात्रियों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित प्रदेश के कई जिलों के लोग शामिल

### बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे भी

इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर गृह मंत्री अमित शाह से मदद की गुहार लगाई है। दुबई से आए वीडियो में शुक्ला की घबराहट साफ दिख रही है। उन्होंने बताया कि यहां हालात बहुत खराब हैं। हमारे सामने बम गिर रहे हैं, दुबई एयरपोर्ट को भी निशाना बनाया गया है। पूरा ट्रैफिक ठप है और हम बुरी तरह फंस गए हैं। फंसे यात्रियों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित प्रदेश के कई जिलों के लोग शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे भी हैं। कई यात्री छुट्टियां मनाने या पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने गए थे, लेकिन अब वापसी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। एक यात्री ने बताया कि वे आठ घंटे से अधिक समय से शारजाह एयरपोर्ट पर बैठे हैं, लेकिन एयरलाइन की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। होटल बुकिंग की अवधि खत्म हो चुकी है। खाने-पीने की भी दिक्कत हो रही है। बच्चों को संभालना मुश्किल हो गया है।



संजय शुक्ला



### महाकाल मंदिर के पुजारी भी फंसे

उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर के पुजारी विकास शर्मा भी उन्हीं में फंसे लोगों में शामिल हैं, जो एक ज्योतिष सम्मेलन में शामिल होने दुबई गए थे। वह बुर्ज खलीफा क्षेत्र में ठहरे थे। फ्लाइट रद्द होने के बाद वह दुबई में ही रुक गए हैं। परिवार ने शासन-प्रशासन से उनकी जल्द सुरक्षित वापसी की मांग की है।



विकास शर्मा

### टिकट का पूरा रिफंड या री-बुकिंग का विकल्प

एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुताबिक इजराइल-ईरान जंग के चलते यूएई सहित मध्य पूर्व के कई देशों ने अपने एयरस्पेस में प्रतिबंध लगाएहैं।



घड़ियाल को नदी में छोड़ते सीएम डॉ. यादव

## सीएम बोले- वन्य-जीव संरक्षण और संवर्धन हमारी प्राथमिकता

# मुख्यमंत्री ने कूनो नदी में छोड़े 53 घड़ियाल और 25 कछुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्योपुर जिले में एक दिन पहले ही बोत्सवाना से लाए गए 9 चीते (6 मादा और 3 नर चीते) कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली में होने की वजह से यहां मौजूद नहीं हो पाए थे। रविवार को वे दिल्ली से सीधे कूनो नेशनल पार्क पहुंचे। उन्होंने कूनो नदी में विलुप्तप्राय 53 घड़ियाल और 25 कछुए रिलीज किए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं चीतों को छोड़े जाने के इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बनना चाहते थे, किंतु विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रतिबद्धताओं के मद्देनजर नई दिल्ली में होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मध्यप्रदेश आने वाले सैलानियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

*विलुप्त होते जीवों के संरक्षण के संकल्प के साथ मप्र सरकार कार्य कर रही*

### छोड़े गए 53 घड़ियाल में से 28 नर एवं 25 मादा शामिल

गेवेलियस गेंगेटिक्स नाम के छोड़े गए 53 घड़ियाल में से 28 नर एवं 25 मादा शामिल हैं। इसी प्रकार 25 कछुए थ्री स्ट्रिप्ड रूफ टर्टल प्रजाति के हैं, जिनका वैज्ञानिक नाम वाटागुर डोगोका है। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश अध्यक्षहेमंत खंडेलवाल, पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत समेत प्रमुख सचिव (वन) संदीप यादव, कमिश्नर सुरेश कुमार। संचालक राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, कूनो डीएफओ आर. थिरुकुराल और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महू में मेजर की कार का तांडव

# 5 गाड़ियों को रौंदा, कई घायल आक्रोशित भीड़ ने पीट डाला

पुलिस की हिरासत में मेजर पहचान पत्रों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

महू में रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सेना के एक मेजर ने अपनी तेज रफ्तार कार से एक के बाद एक पांच वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना इंदौर-महू मार्ग पर स्थित किशनगंज रेलवे ब्रिज के नीचे सुबह लगभग 8 बजे घटित हुई। कार की गति इतनी अधिक थी कि टक्कर लगने के बाद कुछ मोटरसाइकिलें सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गईं। इस भीषण भिड़ंत में कुल चार लोग घायल हुएहैं जिन्हें स्थानीय निवासियों की मदद से तुरंत महू के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मेजर की पिटाई का वीडियो

## परिजनों व लोगों ने जमकर धुनाई की

# पटवारी ने 'नाबालिग' छात्रा का बनाया वीडियो, पास्को में केस

आरोपी ने दो से तीन वीडियो रिकॉर्ड किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

पटवारी द्वारा अपने ही घर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा होते ही परिजनों ओर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ शनिवार रात आरोपी के घर पहुंची और उसकी जमकर पिटाई कर दी। शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा परीक्षा देने से पहले नहाने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने बाथरूम के गेट के ऊपर लगी जाली से मोबाइल के जरिए उसका वीडियो बना लिया।



परिजन हंगामा करते हुए

## डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच विस्फोट

किसी भी शव की पहचान नहीं, परिवार के सदस्यों के नमूने डीएनए परीक्षण के लिए जमा किए जा रहे



### नागपुर में विस्फोटक कारखाने में भयानक धमाका, 17 की मौत

नागपुर। नागपुर जिले के कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में जोरदार धमाका हुआ। जिसमें अब तक 18 लोगों की मौत हो गई। 18 से ज्यादा गंभीर बताए जा रहे हैं। एसबीएल एनर्जी लिमिटेड देश की प्रमुख औद्योगिक और खनन विस्फोटक निर्माता कंपनी है।

## तहसीलदार का आदेश लागू करने वाली याचिका खारिज

### मप्र हाईकोर्ट का बड़ा फैसला
# विवादित जमीन का पजेशन नहीं दे सकेंगे राजस्व अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर हाईकोर्ट ने विवादित जमीन का कब्जा दिलाने वाले तहसीलदार के आदेश को लागू करने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि जमीन के मालिकाना हक के मामलों में सिविल कोर्ट का अधिकार क्षेत्र राजस्व अधिकारियों से ऊपर है। ऐसे में इन मामलों में राजस्व अफसर जमीन का पजेशन नहीं दे सकते। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी संपत्ति के मालिकाना हक से जुड़ा मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है, तो राजस्व अधिकारी उस जमीन से संबंधित किसी भी आदेश को प्रभावी या लागू नहीं कर सकते। यह टिप्पणी जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने महेंद्र सिंह और अन्य द्वारा दायर की गई एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

यदि किसी पक्ष ने टाइटल को चुनौती दी है, तो राजस्व विभाग के बेदखली या कब्जा दिलाने जैसे आदेश होल्ड पर रहेंगे। भूमि के मालिकाना हक के मामलों में सिविल कोर्ट का अधिकार क्षेत्र राजस्व अधिकारियों से ऊपर है।

## ब्रज में होली का उल्लास छाया...हुरियारों पर बरसीं प्रेम पगी छड़ियां

इस अनूठी होली में शामिल होने के लिए देश-विदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

# ठाकुर जी ने जहां पहली बार बजाई बंसी, वहीं ग्वालिनों ने ग्वालों संग खेली 'छड़ीमार' होली

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा के महावन में भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोकुल में छड़ी मार होली खेली गई। इसमें गोकुल की ग्वालिनों ने कान्हा स्वरूप हुरियारों पर प्रेम से पगी छड़ियां बरसाईं। गोकुल की गलियों में होली की धूम मच गई। हर तरफ गुलाल उड़ने लगा। सतरंगी अंबर के बीच चारों तरफ रसियाओं की आवाज गूंजने लगी। होरी के रसिया और टेसू के फूलों से बने रंग में सराबोर होकर श्रद्धालु आंनद लेते रहे। सुबह दस बजे नंद भवन नंदकिला से ठाकुरजी का डोला निकाला गया। डोला नंद भवन से बीच चौक, नंद चौक होकर मुरलीधर घाट पर पहुंचा। मंदिर सेवायत पुजारी मथुरा दास ने ठाकुरजी की आरती उतारी। गोकुल वासियों ने गली-गली में डोला का फूलों की बरसात कर स्वागत किया। गोकुल की ग्वालिन छड़ी लेकर डोला के साथ साथ चल रहीं थीं। हंसी ठिठोली करते हुए ग्वाल-ग्वालिन गोकुल की गलियों से गुजरते हुए मुरलीधर घाट पर पहुंचे। जहां ठाकुरजी ने पहली बार बंसी बजाई, वहीं छड़ी मार होली खेली गई। गोकुल की सैकड़ों ग्वालिनों ने छड़ीमार होली ग्वालों के साथ खेली। गोकुल की इस अनूठी होली में शामिल होने के लिए देश-विदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



### रास्ते में जगह-जगह यात्रा का स्वागत

रास्ते में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। फूल, रंग और अबीर बरसाए गए। चौराहों पर बड़े-बड़े स्टेज तैयार किए गए। उन पर महिलाएं सज-धजकर डांस करते दिखीं। गलियों में होली के गीत और 'जय राधे, जय कृष्णा' के भजन गूंजते रहे।

### श्रीकृष्ण और बलराम ने यहां बाल लीलाएं की थीं

गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहां बाल लीलाएं की थीं। लोगों को मारने के लिए जो छड़ी तैयार की जाती है, उस पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है। इससे भगवान श्रीकृष्ण-बलराम को चोट नहीं लगती है।

# बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की बड़ी पहल, किशोरियों को मिलेगी निःशुल्क वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है।

भारत बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है, एचपीवी टीकाकरण अभियान उसी संकल्प का हिस्सा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र में बेटियों और महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्यव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत मप्र सरकार ने लगभग 8 लाख किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके लिए केंद्र से 7 लाख 58 हजार 500 से अधिक वैक्सीन डोज प्राप्त हो चुके हैं। यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की पात्र बालिकाओं को लगाया जाएगा। उन्हें वैक्सीन की केवल एक डोज दी जाएगी।

### खास बातें

- मप्र में एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 8 लाख किशोरियों को मिलेगा लाभ
- राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध


एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू।

### प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होंगे टीकाकरण सत्र

प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण सत्र प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। टीकाकरण स्वैच्छिक है तथा अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। पात्रता के तहत वे बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन 15वां नहीं मनाया है, साथ ही अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाएं भी पात्र होंगी। समस्त जिलों के लगभग 471 स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण किया जाएगा।

### सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है और इससे बचाव के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से राज्य में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभिभावकों से अपनी बेटियों के उज्ज्वल और कैंसर-मुक्त भविष्य के लिए उनका टीकाकरण अवश्य करवाने और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत मिशन मधुहारी की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लीनिक संचालित होंगे, जहाँ इंसुलिन जाँच और विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा।

### आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्प

मप्र में डॉ. कैलाशनाथ काटजू हॉस्पिटल भोपाल से अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक है। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिसकी प्रिवेलेंस दर लगभग 1 लाख में 156 है। एचपीवी वैक्सीनेशन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर को नियंत्रित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीमारी होने के बाद इलाज करने से बेहतर है कि हम उसे होने ही न दें। यह अभियान प्रिवेंशन केयर की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### *प्रदेश के 16 जिलों में मिशन मधुहारी का किया शुभारंभ*

*उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मिशन मधुहारी का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए आदर्श जीवनशैली, संतुलित आहार और समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। यह पहल टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं किशोरों के समग्र उपचार एवं देखभाल के लिए शुरू की गई है। टाइप-1 मधुमेह ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में इंसुलिन का निर्माण नहीं होता और आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है।*


शुक्ल ने किया शुभारंभ।

## खबर संक्षेप



### आयुष विभाग का आंदोलन प्रमुख सचिव से चर्चा के बाद किया स्थगित

**भोपाल।** आयुष विभाग का आंदोलन प्रमुख सचिव आयुष विभाग मधयप्रदेश शासन से चर्चा के बाद स्थगित कर दिया गया है। आयुष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गोवर्धन सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष निशा खड़िया, संगठन मंत्री हेमलता सेंगर, सचिव आशुतोष रावत, कोषाध्यक्ष महेश खोरे आदि प्रदेश पदाधिकारियों ने बताया कि प्रमुख सचिव आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन से आयुष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मण्डल से मांगों के संबंध में चर्चा की गई।

### राजस्व शिविरः निगम के वाहनों से कराई मुनादी, मैसेज भेजकर दी सूचना

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शनिवार को लगाए गए विशेष राजस्व वसूली शिविर में शहर के शहर के 1706 करदाताओं ने 1 करोड़ 82 लाख रुपए निगम के कोष में जमा करवाए। निगम द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह मार्च में करदाताओं को संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपषिष्ट प्रबंधन प्रभार सहित अन्य करों-शुल्कों की अदायगी में सुविधा को देखते हुए निगम के सभी 85 वार्डों सहित अन्य स्थानों पर विशेष राजस्व वसूली शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह से नई दिल्ली में की सौजन्य भेंट, कृषि कैबिनेट के बारे में दी जानकारी

# किसानों को कृषि कैबिनेट में देंगे होली की सौगात, कल बड़वानी में होगी कृषि कैबिनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य में पहली बार कृषि कैबिनेट जनजातीय अंचल बड़वानी में 2 मार्च को आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसमें किसानों को होली की सौगात देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित इस वर्ष में हम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने वाले सभी कार्यों और नवाचारों को प्रोत्साहन देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी किसानों की बेहतरी के लिए हम कई प्रकार के नवाचार कर रहे हैं। हमारी सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। राज्य सरकार के 17 अलग-अलग विभागों पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, कृषि, उद्योग को साथ लेकर किसानों की समृद्धि के लिए बगीचे से लेकर बाजार तक विस्तृत योजना तैयार की गई है।

डॉ. यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री से सौजन्य भेंट के बाद यह बात कही। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री शाह से भेंटकर उन्हें अवगत कराया कि राज्य सरकार की ओर से विश्व के श्रेष्ठ शासकों में सर्वोच्च स्थान रखने वाले सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित कई आयोजन किए गए हैं।


केन्द्रीय गृहमंत्री शाह से चर्चारत सीएम डॉ. यादव।

### बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में आज प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत प्रदेश की 8 लाख से अधिक बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान प्रदेश की 14 से 15 साल की बालिकाओं के लिए एक वरदान साबित होगा।

### यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की खाली पड़ी जमीन पर बनेगा भव्य स्मारक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में 40 साल पहले भीषण गैस त्रासदी हुई थी। जिसमें 25 हजार से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई। राज्य सरकार ने बीते साल यूनियन कार्बाइड कारखाने में जमा कचरे का सफलतापूर्वक निष्पादन कराया है। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की खाली पड़ी जमीन पर एक भव्य स्मारक बनाए जाने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री शाह से मार्गदर्शन प्राप्त किया है। यहां 87 एकड़ भूमि पर भोपाल गैस त्रासदी स्मारक, साइंस पार्क, कन्वेंशन सेंटर, आदि विकास आधारित राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की योजना है।

### सरकार हर मुश्किल वक्त में किसानों के साथ खड़ी है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर मुश्किल वक्त में किसानों के साथ खड़ी है। प्राकृतिक आपदा से किसानों को हुई फसल क्षति के मुआवजे के लिए सर्वे के बाद सरकार मदद कर रही है। मप्र देश का फूड बॉस्केट है। प्रदेश में रबी, खरीफ, ग्रीष्मकालीन फसलों की अच्छी उत्पादकता है। मप्र दलहन उत्पादन में अग्रणी राज्य है। गेहूं उत्पादन में भी हम देश में दूसरे स्थान पर हैं। प्रदेश में उड़द, मसूर, तुअर पर्याप्त मात्रा में पैदा होती है। मप्र तिलहन में भी प्रथम स्थान रखता है।


केन्द्रीय मंत्री शाह से चर्चारत विजयवर्गीय।

### जन्मस्थली भाभरा में श्रद्धांजलि अर्पित की

सीएम ने कहा कि भगोरिया को राजकीय पर्व के रूप में मना रही है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं शुक्रवार को आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ में भगोरिया उत्सव में शामिल हुए और अमर शहीद चंद्रशेखर के बलिदानदिवस पर उनकी जन्मस्थली भाभरा में श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मध्यप्रदेश नक्सलवादी अभियान से मुक्त हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मप्र नक्सलवादी अभियान से मुक्त हो गया है। लाल सलाम को आखिरी सलाम करने वाला मप्र पहला राज्य है, यह हमारे लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। प्रदेश में हर तरह की नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसी है। बालाघाट ने लंबे समय तक नक्सलवाद का दंश झेला है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए यहां बैगा महोत्सव आयोजित किया जाए। केन्द्रीय वनमंत्री भूपेन्द्र यादव से सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने भेंट की।


केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र से डॉ. यादव, हेमंत ने भेंट की।

### शहीदी वर्ष पर प्रेरणादायी व्याख्यान संपन्न

# त्याग, तप और तेज की त्रिवेणी गुरु तेगबहादुरः रामदत्त चक्रधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले सिखों के नौवें गुरु गुरु तेगबहादुरजी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में संस्कृति थिएटर, कल्चरल स्ट्रीट, भंवरताल, जबलपुर में एक भव्य एवं प्रेरणादायी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वर्गों, व्यवसायों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण उद्बोधन में गुरु तेगबहादुर जी के अद्वितीय त्याग, तपस्या, धैर्य और अप्रतिम साहस का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी का जीवन केवल एक धार्मिक महापुरुष का जीवन नहीं था, बल्कि वह अन्याय के विरुद्ध निर्भीकता से खड़े होने और सत्य की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पण करने की प्रेरक गाथा है।

### *परमवीर थे गुरु तेगबहादुर*

*चक्रधर ने बताया कि गुरु तेगबहादुर जी, गुरु हरगोविंद के सुपुत्र थे। बाल्यावस्था में उनका नाम त्यागमल था, किंतु मात्र 13 वर्ष की आयु में युद्धभूमि में असाधारण वीरता का परिचय देने पर उन्हें "तेगबहादुर" की उपाधि प्राप्त हुई। यह नाम केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उनके तेजस्वी व्यक्तित्व और अदम्य साहस की पहचान बन गया-तेग की धार जैसी प्रखरता और बहादुरी का प्रतीक। मुख्य वक्ता ने उस ऐतिहासिक कालखंड का स्मरण कराया जब औरंगज़ेब के शासनकाल में धार्मिक असहिष्णुता और अत्याचार चरम पर थे। उन्होंने कहा कि उस समय अनेक स्थानों पर लोगों पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा था और समाज भय एवं असुरक्षा के वातावरण में जी रहा था। ऐसे कठिन समय में गुरु तेगबहादुर जी ने निर्भीकता के साथ अन्याय को ललकारा और स्पष्ट घोषणा की कि यदि उन्हें इस्लाम स्वीकार करने के लिए विवश किया जा सकता है, तभी अन्य किसी को बाध्य किया जा सकता है। यह घोषणा केवल एक चुनौती नहीं, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की सशक्त उद्घोषणा थी।*

### आस्था की स्वतंत्रता के प्रतीक

चक्रधर ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि धर्म केवल पूजा-पद्धति का विषय नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आस्था की स्वतंत्रता का प्रतीक है। उनका बलिदान किसी एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था। उन्होंने गुरुजी के साथियों-भाई मति दास, भाई दयाल दास और भाई सती दास-के अद्भुत साहस का भी उल्लेख किया। विपरीत परिस्थितियों और अमानवीय यातनाओं के बावजूद उन्होंने अपनी आस्था नहीं छोड़ी और अडिग रहे। चक्रधर ने कहा कि यह बलिदान केवल सिख समाज का इतिहास नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के आत्मसम्मान, सहिष्णुता और धर्मनिष्ठा का अमर अध्याय है। अपने वक्तव्य के समापन में उन्होंने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी का बलिदान भारतीय इतिहास में धार्मिक स्वतंत्रता, नैतिक साहस और मानवीय गरिमा की अमिट मिसाल है।

### आगजनी में लोगों का सामान जलकर खाक



# अपार्टमेंट में अचानक लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले के मंगला क्षेत्र में एक अपार्टमेंट में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गजमोहिनी अपार्टमेंट के निचले हिस्से में भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी।

मौके पर पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल, रविवार सुबह करीब 5 बजे अपार्टमेंट में अचानक भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, अपार्टमेंट में 48 फ्लैट हैं। आग लगते ही लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिसके बाद सभी लोग फ्लैट खाली करके बाहर आ गए। इस घटना में किसी तरह की भी जनहानि नहीं हुई है। आगजनी के कारण लोगों के सामान का नुकसान हुआ है। आपर्टमेंट का व्यावसायिक उपयोग हो रहा था। जानकारी के अनुसार, घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

### *देखते ही देखते घटना ने लिया विकराल रूप*

*प्राथमिक जांच में सामने आया कि इस रिहायशी अपार्टमेंट का उपयोग व्यावसायिक उपयोग के लिए किया जा रहा था। ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान का बड़ा गोदाम था। जानकारी सामने आने के बाद नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कार्रवाई की बात कही है। आग लगने की जानकारी सुबह सबसे पहले यहां काम करने वाले एक कर्मचारी को लगी। कर्मचारी जब सुबह काम कर रहे थे तो उन्हें धुआं दिखाई दिया। जिसके बाद आग ने विकराल रुप ले लिया। कर्मचारियों ने फ्लैट में रहने वालों को जानकारी दी। देखते ही देखते आग पूरे अपार्टमेंट में फैल गई। फ्लैट में रहने परिवार बाहर आए और दमकल विभाग को जानकारी दी। आग लगने की जानकारी के बाद करीब 1 घंटे में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं, अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई की बात कही है।*

### परिजनों ने जताई थी हत्या की आशंका

# वो सड़क हादसा नहीं था, प्रेमी संग पत्नी ने रची थी हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खरोरा इलाके में एक सनसनीखेज हत्या का खुलासा हुआ है। जिस मौत को पहले सड़क हादसा समझा जा रहा था, वह दरअसल सोची-समझी साजिश निकली। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी और अन्य साथियों के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई थी।

शनिवार को थाना खरोरा में भागवत सारथी ने सूचना दी कि उसके छोटे भाई किशोर का शव ग्राम मांठ स्थित सागौन वाटिका के पास सड़क किनारे संदिग्ध हालात में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने जांच शुरू की। परिजनों ने शुरुआत से ही हत्या



की आशंका जताई और बताया कि शव को घसीटकर वहां फेंका गया प्रतीत हो रहा है। प्रथम जांच के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान जो कहानी सामने आई, उसने सभी को चौंका दिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि मृतक की पत्नी का लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप नामक युवक से प्रेम संबंध था। पिछले कुछ महीनों से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ रही थीं।

### *थार से मारी थी बाइक को जोरदार टक्कर*

*शुक्रवार रात करीब 9 बजे पत्नी ने बहन को लाने के बहाने किशोर को ग्राम बिठिया भेजा। इसी दौरान खरोरा-रायपुर मार्ग पर पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने थार वाहन से किशोर की बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस की सघन जांच में साजिश का पर्दाफाश हो गया। मामले में षड्यंत्रपूर्वक हत्या का प्रकरण दर्ज कर मृतक की पत्नी समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त थार वाहन को जब्त कर लिया गया है।*

### फागुन समारोह में सीएम साय ने की शिरकत, श्रद्धालु, संत-महात्मा पहुंचे

# मुख्यमंत्री ने की कबीर मठ नादिया में डोम निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम नादिया स्थित प्रसिद्ध कबीर मठ में फागुन (फाल्गुन) समारोह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की,बड़ी संख्या में श्रद्धालु संत-महात्मा और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव,सांसद संतोष पांडेय,राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव सहित भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कबीर मठ की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत सेवा साहेब ने इस मठ की स्थापना की थी, जो कबीरपंथ के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र हैं।



### *मठ के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया*

*उन्होंने मंतू ठाकुर का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने मठ के लिए अपनी जमीन और सर्वस्व न्योछावर कर दिया, जिससे यह आश्रम संतों और भक्तों का प्रमुख स्थल बना। उद्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने मठ के विकास के लिए एक बड़ी घोषणा की,उन्होंने कबीर मठ नादिया में डोम निर्माण की घोषणा की, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और समारोहों का आयोजन और भी व्यवस्थित रूप से हो सकेगा। यह घोषणा उपस्थित जनसमूह में उत्साह का संचार करने वाली रही। फागुन समारोह कबीर साहेब के उपदेशों, भक्ति संगीत, प्रवचनों और सामूहिक सत्संग के माध्यम से आयोजित किया जाता हैं। यह महोत्सव फाल्गुन मास में मनाया जाता है, जिसमें भक्ति,एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया जाता हैं,मुख्यमंत्री की उपस्थिति से इस बार कार्यक्रम को और अधिक महत्व प्राप्त हुआ।*

### हजारों नागरिकों ने निःशुल्क परामर्श, जांच और प्राथमिक उपचार का लाभ प्राप्त किया

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का संचालन सफलतापूर्वक पूर्ण

# भोपाल में स्वास्थ्य सेवा का महाकुंभः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पर 100 स्थानों पर एक साथ स्वास्थ्य शिविर लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर आज राजधानी भोपाल में सेवा और समर्पण का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आयोजित इस विशाल अभियान के अंतर्गत शहर के 100 विभिन्न केंद्रों पर एक ही समय में 'निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर' का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

इस भव्य आयोजन को आरोग्य भारती, सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसाइटी और एमपी टीबी एसोसिएशन के विशेष सहयोग से पूर्ण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत देशमुख और भोपाल विभाग सेवा प्रमुख पर्वत सिंह ने की।


फ्री हेल्थ कैंप।

### 10,000 से अधिक नागरिकों ने उठाया लाभ

इस विशाल स्वास्थ्य अभियान के माध्यम से भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में औसतन 10,000 नागरिकों ने निःशुल्क परामर्श, जांच और प्राथमिक उपचार का लाभ प्राप्त किया। इतनी बड़ी संख्या में जनभागीदारी इस आयोजन की सफलता का जीवंत प्रमाण है।

### प्रमुख चिकित्सा संस्थानों का अभूतपूर्व सहयोग

इस महा-अभियान की सफलता में भोपाल के प्रतिष्ठित सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों ने रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य किया। आयोजन समिति ने विशेष रूप से सीएमएचओ भोपाल और हमीदिया अस्पताल के प्रशासनिक सहयोग की सराहना की। इसके साथ ही ईएसआईसी, चिरायु मेडिकल कॉलेज, एलएन मेडिकल कॉलेज, मानसरोवर मेडिकल कॉलेज, पीपुल्स मेडिकल कॉलेज, भोपाल मेमोरियल अस्पताल, कॅरियर कॉलेज, आर.डी. मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज, महावीर मेडिकल कॉलेज आदि के विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने निःस्वार्थ सेवाएँ प्रदान कीं।

## महंगाई की मार के बीच त्यौहार की उमंग फीकी

# आज रात होगा होलिका प्रतिमाओं का दहन



जबलपुर।

**असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक पर्व होलिकोत्सव पर गुरुवार की रात होलिका प्रतिमाओं का दहन किया जाएगा। रंग, उमंग और मस्ती से भरे इस त्यौहार को मनाने की तैयारियों में लोग जुट गये हैं। घर-घर पकवान बन रहे हैं। बच्चे रंग और पिचकारी के अलावा तरह-तरह के मुखौटे, टोपियां लेकर प्रसन्न चित्त नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर होलिका प्रतिमाओं की स्थापना रविवार को ही कर दी गई, वहीं अनेक स्थानों पर सोमवार को ही होलिका प्रतिमाएं बिठाई जाएंगी और रात्रि के प्रथम पहर तक होलिका दहन कर दिया जाएगा।**

होलिका दहन की पूर्व संध्या पर बाजारों में अच्छी खासी रौनक रही। रंग-गुलाल पिचकारियों, मेवा मिष्ठानों की दुकानों पर लोग खरीददारी करते देखे गये। शनैः-शनैः त्यौहार की भयावहता के कारण लोगों का उत्साह और उमंग घटता जा रहा है। रही सही कसर महंगाई ने पूरी कर दी है। पुलिस में आज होलिका दहन की रात और कल धुरेड़ी के दिन सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये। एसएएफ बटालियन की तीन कंपनियां जबलपुर में आ चुकी हैं। शराबखोरी और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्ती से पेश आएगी। इस साल होलिका दहन पर भद्रा पड़ने के कारण शास्त्रों के मुताबिक होलिका दहन रात 1 बजे से 2 बजे के बीच भद्रा काल समाप्त होने के बाद ही शुभ मुहूर्त में होगा उसके बाद दूसरे दिन मंगलवार चंद्रग्रहण होने की वजह से होली खेलने को लेकर मतभेद भी स्थिति सामने आ रही है, कुछ लोग परम्परा अनुसार तीन मार्च को तो कुछ लोग ग्रहण की वजह से अगले दिन चार मार्च को धुरेड़ी मनाने के पक्ष में नजर आ रहे हैं. लिहाजा इस साल दो दिन रंग गुलाल की बौछार होने की संभावना बन गई है।

### होली की पौराणिक मान्यता

बहरहाल होली के त्यौहार की पौराणिक मान्यता यह है कि राजा हिरण्यकश्यप एक अत्याचारी दानव था। लेकिन उसका पुत्र भक्त प्रहलाद एक धार्मिक और न्यायप्रिय था। राजा हिरण्यकश्यप को अपने पुत्र का आचरण पसंद नहीं था। वह उसे भी दानव बनाना चाहता था। ऐसी मान्यता है कि भक्त प्रहलाद भगवान नरसिंह के अनन्य भक्त थे और तमाम अत्याचार करने के बाद भी जब राजा अपने पुत्र भक्त प्रहलाद को दानवी शक्ति से प्रभावित नहीं कर सके तो उन्होंने अग्नि में भस्म नहीं होने का वरदान प्राप्त अपनी बहन होलिका की गोद में अपने पुत्र प्रहलाद को बिठाकर आग के हवाले करने की कोशिश की। लेकिन ईश्वर की कृपा से वरदान का दुरूपयोग करने वाली होलिका तो आग में धूं-धूंकर भस्म हो गई और भक्त प्रहलाद बच गये। तभी से आसुरी शक्ति पर देवीय शक्ति के विजय प्रतीक इस पर्व पर होलिका प्रतिमा का दहन किया जाता है। होलिका दहन के दिन सारी बुराईयों को समाप्त कर दूसरे दिन रंग-गुलाल के साथ गले मिलकर गिले शिकवे भुलाने का संदेश यह पर्व देता है, लेकिन विगत कुछ वर्षों से असामाजिक तत्वों, शराबियों ने इस पर्व के मायने ही बदल दिये हैं। इसलिए पुलिस को इस त्यौहार में खासी सख्ती करनी पड़ती है।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

होली और रमजान पर्व साथ साथ होने की वजह से पुलिस अलर्ट मोड पर है. सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं. थाना स्तर पर 4 4 पेट्रोलिंग टीमें बनाई गई हैं. 2 हजार जवानों का अतिरिक्त पुलिस बल होली की ड्यूटी में तैनात किया गया है. इसके अलावा एसएएफ रैपिड एक्शन फोर्स पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात रहेगा, जो किसी भी अप्रीय स्थिति से निपटने मौके पर पहुंचेगा. पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि होली पर कानून व्यवस्था बनाए रखने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं. सभी थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण करने के निर्देश दिये गये हैं. पुलिस वाहनों में दंगा निरोधक सामग्री आवश्यक रूप से रखने कहा गया है।



# हिन्दू सेवा परिषद ने 9 थानों का एक साथ किया घेराव

**जिहादी हमले के आरोपियों पर रासुका लगाने की मांग**

हरिभूमि, जबलपुर।

सिहोरा में हुए कथित जिहादी हमले के विरोध में हिन्दू सेवा परिषद ने बुधवार को जबलपुर जिले के 9 थाना क्षेत्रों में एक साथ घेराव कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। परिषद ने आरोप लगाया कि सिहोरा प्रकरण में निर्दोष हिन्दू समाज के लोगों को अनावश्यक रूप से गिरफ्तार कर प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हो रही।परिषद के सभी 9 प्रखंडों ने गोहलपुर, अधारताल, कोतवाली, गोरखपुर, भेड़ाघाट, गौरव चौकी, केन्ट, खमरिया और कुण्डम थानों का घेराव किया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए संबंधित थानों में मांग पत्र व ज्ञापन सौंपे गए।प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने सिहोरा स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में हुई घटना को "जिहादी हमला" बताते हुए आरोप लगाया कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 सहित अन्य प्रावधानों में मामले दर्ज कर मुसलमानों की गिरफ्तारियां की गई हैं, लेकिन परिषद की मांग है कि सभी दोषियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। परिषद ने यह भी आरोप लगाया कि सिहोरा क्षेत्र के हिन्दू व्यापारी और मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों/सदस्यों को जांच के नाम पर बार-बार थानों में बुलाकर अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिससे भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। परिषद ने मांग की कि गिरफ्तार किए गए हिन्दू व्यक्तियों के मामलों की निष्पक्ष, स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ जांच कर उन्हें तत्काल विधिसम्मत रूप से रिहा किया जाए।

चेतावनी देते हुए परिषद ने कहा कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक व वैधानिक माध्यमों से आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।प्रदर्शन में अतुल जेसवानी, रवि कुशवाहा, सौरभ जैन, राजा रजक, राजकुमार रान, सचिन पटेल, नितिन सोनपाली, महेन्द्र बुंदेला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संघ के अनुशासन की प्रशंसा, पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन का उपयोग न करने का आव्हान

## तीन दिवसीय शताब्दी युवा शिविर श्रीराम महाविद्यालय में सम्पन्न

**जबलपुर**। विभाग का तीन दिवसीय शताब्दी युवा शिविर श्रीराम महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। इस शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री सरदार महेंद्र सिंह जी, प्रांत संघ चालक प्रदीप दुबे, विभागसंघ चालक कैलाश गुप्ता, विभाग सह कारवाह विवेकानंद जी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिविर में शारीरिक प्रदर्शन एवं घोष का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात एकल गीत के बाद मुख्य अतिथि का उद्बोधन हुआ जिसमें उन्होंने संघ के अनुशासन की प्रशंसा की एवं एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन का उपयोग न करने का आवाहन किया साथ ही पर्यावरण की संरक्षण के संबंध में लोगों को जागरूक किया। अखिल भारतीय सह सरकारवाह रामदत्तजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय स्वयं सेवक संघ को देश में काम करते करते सौ वर्ष हो गए जब संघ का कार्य 1925 में प्रारंभ हुआ तब स्वयंसेवक के रूप में एक ही व्यक्ति थे परम पूजनीय डॉ केशव बलिराम हेडगेवार। आज लाखों स्वयंसेवक इस देश भर के अंदर है। पूजनीय रज्जू भैया जब थे तब कहां करते थे देश में 50 लाख के आसपास स्वयंसेवक होंगे कुछ सक्रिय है कुछ नहीं है, लेकिन अभी विजयादशमी के समय पर जो स्वयंसेवक गणवेश में एकत्रित हुए वे 33 लाख स्वयंसेवक देश के भिन्न-भिन्न स्थानों में गणवेश में उपस्थित हुए। उस समय एक ही शाखा थी नागपुर में लगने वाली मोहिते की शाखा। आज देश भर में 83 हजार शाखाएँ।उस समय एक ही संगठन चलता था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज संघ के विचारों से प्रेरणा पाकर काम करते हैं ,संगठन चलाते है ऐसे 40-42 अखिल भारतीय संगठन है। उन संगठनों के अंतर्गत पूरे देश में छोटे-बड़े 400 से भी अधिक संगठन स्वयं सेवक बड़ी सफलता से चला रहे है। स्वाभाविक रूप से हमारे मन में प्रश्न आता है कि आखिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य क्या है? सौ वर्ष से जो चल रहा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो करना चाहता है उसका उद्देश्य प्रार्थना में हम दोहराते है- परं वैभवं नेतुमेतत स्वराष्ट्रम। इस राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम पिछले सौ वर्षों से चल रहा है। दूसरा प्रश्न यही उठता होगा कि यदि सर्वांगीण उन्नति यदि इस देश में रही होगी तो देश कैसा रहा होगा? तभी तो उसके अनुसार आगे बढ़ेंगे। शिविर में पंच परिवर्तन और संघ के 100 वर्षों पर केंद्रित एक वृहद प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसके केंद्र में भारत माता को स्थापित किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महानगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ज्ञापन सौंप लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को बताई पीड़ा

**जबलपुर**। मदन महल नागपाल गार्डन स्थित लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के कार्यालय में पीड़ित मोहित पटेल नव निवेश कॉलोनी गढ़ा पुरवा जबलपुर ने पहुंचकर मंत्री राकेश सिंह को ज्ञापन सौंपकर कर बताया कि स्वप्निल शर्मा पिता महेंद्र शर्मा निवासी खसरा नंबर 278 पुरवा गढ़ा तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर द्वारा मेरी पैतृक भूमि खसरा नंबर 176 राजस्व निरीक्षक मंडल एक पटवारी हल्का नंबर 7 पर निरंतर अवैध हस्तक्षेप कर कब्जा करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जो अपने आपको बड़ा रसूखदार बताता है एवं राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग करता है। चूंकि माननीय न्यायालय के निर्णय से उक्त भूमि का वैधानिक स्वामित्व हमारे पक्ष में स्थापित है, इसके बावजूद भी बलपूर्वक, दबावपूर्वक अपना दावा प्रस्तुत कर रहा है एवं निरंतर जान से मारने की धमकी देता है, कि जमीन छोड़ दो इस पर हम कब्जा कर लेंगे जिसके कारण मैं एवं मेरा पूरा परिवार मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहा है। पीड़ित मोहित पटेल ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से मौखिक रूप से यह भी बताया कि इससे पहले भी अपनी समस्या को लेकर प्रशासनिक एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है, परंतु आज दिनांक तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## राजस्व संरक्षण में बड़ी सफलता

# संभागीय उड़नदस्ता की सघन कार्रवाई से 24.21 लाख की वसूली

**हरिभूमि जबलपुर**। मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग के निर्देशानुसार संभागीय परिवहन सुरक्षा उड़नदस्ता, द्वारा माह फरवरी में विशेष राजस्व वसूली एवं सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम एवं केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत किया गया।

अभियान के दौरान उड़नदस्ता टीम को उल्लेखनीय सफलता मिली। कार्रवाई से न केवल शासकीय राजस्व की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित हुई, बल्कि सड़क सुरक्षा नियमों के कड़ाई से अनुपालन का भी स्पष्ट संदेश गया।

### सघन जांच और विधिक कार्रवाई

उड़नदस्ता टीम द्वारा वाहनों के



परमिट, फिटनेस, टैक्स, बीमा, ओवरलोडिंग सहित अन्य वैधानिक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई।

अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वाहन संचालकों को परिवहन नियमों के प्रति जागरूक करना भी प्रमुख लक्ष्य रहा।

### ये रहे कार्यवाही में शामिल

इस राजस्व वसूली अभियान में सम्भागीय उड़नदस्ता प्रभारी राजेंद्र साहू, परिवहन उप निरीक्षक अक्षय पटेल, परिवहन आरक्षक आशुतोष मोधे, पीयूष मरावी, अविनाश जायसवाल, उमाशंकर उपाध्याय, अशोक खापर्डे, सारंगधर महाले, इम्तियाज हुसैन, वन्दना परतिते, निमिषा तिवारी एवं श्वेता अहिरवार शामिल रहे।

### ऐसे हुई वसूली -

71 वाहनों से 14,600/- कर वसूली, 2,52,500/- शमन शुल्क

कुल 2,67,100/- राजस्व प्राप्त

### 488 वाहनों पर

21,54,000/- का ऑनलाइन जुर्माना अधिरोपित,

कुल 559 वाहनों पर कार्रवाई 24,21,100/- की कुल चालानी वसूली हुई।

## समरसता की होली 8 मार्च को

**समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान और सर्व समाज की सहभागिता से तीसरे वर्ष रंगपंचमी पर संस्कारधानी में होगा होली महोत्सव**

# अवध की होली, ब्रज की होली, मशाने की होली, इसकान मंदिर संकीर्तन मंडल के साथ विविध झाँकिया रहेंगी आकर्षण का केंद्र

**दोपहर 3 बजे समरंग यात्रा कलेही माता मंदिर मिलोनीगंज से प्रारम्भ होकर छोटा फुहारा, कोतवाली, सराफा, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक से होते हुए डी एन जैन कॉलेज प्रांगण में होली महोत्सव में तब्दील होगी**

**हरिभूमि जबलपुर**। समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान में रंगपंचमी के अवसर पर लगातार इस तीसरे वर्ष में संस्कारधानी में समरसता की होली का आयोजन आगामी रविवार 8 मार्च को किया जायेगा, संस्कारधानी के सर्व समाज की सहभागिता से होने वाले इस आयोजन की तैयारियो हेतु सर्व समाज के प्रतिनिधियों एवं शहर के गणमान्य जनो की वृहत बैठक का आयोजन अग्रवाल बारात घर उखरी में किया गया। समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित सर्व समाज की बैठक में उपस्थित जनों ने होली महोत्सव के आयोजन को हर वर्ष भांति इस वर्ष भी गरिमामय और एतेहासिक बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिनके आधार पर इस आयोजन को सम्पन्न किया जायेगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बैठक में बताया कि विगत तीन वर्षों से आप सभी के सहयोग और सहभागिता से समरसता सेवा संगठन सर्व समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य कर रहा है और प्रत्येक माह संतो, महापुरुषों, देवियों और अपने आराध्य की जन्मजयंती पर हम आयोजन करते है साथ साथ समरसता के प्रतीक पर्व होली और क़ज़ालिया पर सर्व समाज मिलकर संस्कराधानी में एतेहासिक आयोजन करती है, विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी होली के पावन अवसर पर रंगपंचमी को आयोजित होने संस्कारधानी में समरसता की होली का आयोजन इस वर्ष रविवार 8 मार्च को किया जायेगा। श्री जैन ने कहा इस वर्ष भी 8 मार्च को रंगपंचमी पर दोपहर 3 बजे समरंग यात्रा कलेही माता मंदिर मिलोनीगंज से प्रारम्भ होंगी, जो छोटा फुहारा, कोतवाली, सराफा, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक से



होते हुए डी एन जैन कॉलेज प्रांगण पहुंचेगी जहाँ होली महोत्सव का आयोजन होगा। श्री जैन ने बताया पूज्य संतो के सानिध्य में निकाली जाने समरंग यात्रा में इस वर्ष अवध की होली, ब्रज की होली, मशाने की होली, इसकान मंदिर संकीर्तन मंडल के साथ विविध झाँकिया शामिल होंगी। यात्रा में शामिल संतजन अपने रथो से उपस्थित जनसमुदाय पर पुष्प वर्षा करेंगे साथ ही अलग अलग समाजो द्वारा स्वागत मंचों से सामाजिक जन यात्रा में शामिल संतो एवं जनसमुदाय पर पुष्प वर्षा करेंगे। श्री जैन ने बताया समरंग यात्रा के विश्राम के पश्चात डीएनजैन कॉलेज प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा साथ ही गुलाल और फूलो की होली खेली जाएगी. उन्होंने बताया इस वर्ष भी समाजो द्वारा पारम्परिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जायेंगे जिसमे भिन्न भिन्न जायको का स्वाद आगँतुक जनों को मिलेगा। होली महोत्सव की यादो को संजोने के लिए सेल्फी पॉइंट बनाये जायेगे। श्री जैन ने कहा संस्कारधानी के इस होली महोत्सव के आयोजन को एतेहासिक, भव्य और गरिमामयी बनाने के लिए आप सभी के पूर्ण सहयोग की आवश्यकता है, और मुझे पूर्ण विश्वास ही कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी के सहयोग, समन्वय और सहभाग से समरसता की होली का आयोजन सफल होगा। बैठक में डॉ जितेंद्र जामदार, पं वासुदेव शास्त्री, श्री शरदचंद्र पालन, पं रोहित दुबे, श्री जगदीश चोहटेल, पं ब्रजेश दीक्षित, सरदार राजेंद्र सिंह छाबड़ा ने भी विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन सचिव उज्जवल पचौरी ने किया। इस अवसर पर कैलाश अग्रवाल बब्बा जी, तारु खत्री, सुरेश आसवानी डॉ सुनील मिश्रा, सुधा तिवारी, श्वेता सिंह, नीता जैन, श्वेता पचौरी, दीपमाला सोनकर के साथ बड़ी संख्या में समाजो के प्रतिनिधियों, संगठन के सदस्यों ने बैठक में शामिल होकर सुझाव दिए।

# कायस्थ महासभा के परिचय सम्मेलन में 11 रिश्ते तय

**जबलपुर**। कायस्थ महासभा चित्र गुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट द्वारा आदर्श विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन भगवान चित्रगुप्त के पूजन, साध्वी शोभा दीदी के मंगलाचरण से आरंभ हुआ। श्री चित्रगुप्त पीठ के मंडलेश्वर किरण खरे, वृंदावन के मुख्य आतिथ्य में संयोजक सहेन्द्र श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में बताया कि परिचय सम्मेलन दो परिवारों को जोड़ने में सेतु का कार्य करता है, साथ ही मंच पर मनपसंद वर-वधू तलाशने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में सहेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, समाजसेवी ने सम्मेलन में विवाह के जोड़े को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। अध्यक्ष अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया सम्मेलन समाज को संगठित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। मंच पर 232 युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया एवं 11 रिश्ते तय हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारी महामंत्री सहेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, सन्तोष श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार, प्रमोद वर्मा, राजीव श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, सपना श्रीवास्तव, किरण खरे का सहयोग रहा। निःशुल्क कुण्डली मिलान ज्योतिषाचार्य डॉ. रजनीकांत वर्मा द्वारा किया गया। सम्मेलन में इंदौर, सागर, पटना, पन्ना, छतरपुर, भोपाल, कटनी, नरसिंहपुर, दमोह, सतना, बांसबाड़ा, गाडरवारा, करेली, टीकमगढ़, बालाघाट, सिवनी, पुणेआदि।



# सामूहिक दुष्कर्म एवं निर्मम हत्या की संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने की निंदा

**जबलपुर**। गढ़ा पुरवा क्षेत्र में 13 फरवरी 2026 को एक नाबालिग कन्या के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म एवं उसकी निर्मम हत्या की घटना अत्यंत दुःखद, निंदनीय और मानवता को शर्मसार करने वाली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 फरवरी 2026 की शाम तक जब नाबालिग बच्ची घर नहीं पहुंची, तब परिजनों ने गढ़ा थाना जाकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, किन्तु थाना पुलिस द्वारा तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। दो दिन पश्चात उक्त नाबालिग बच्ची का शव पाटन थाना क्षेत्र के सिमरिया के पास एक खेत में पाया गया। यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाती है, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जबलपुर इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करता है तथा पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। मृत आत्मा की शांति हेतु एवं न्याय की मांग को लेकर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2026 को शाम 6:00 बजे मालवीय चौक, जबलपुर में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मांग की है कि फरार आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। पीड़ित परिवार को कम से कम 50 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। दोषियों के विरुद्ध त्वरित न्यायालय में मुकदमा चलाकर उन्हें कठोरतम दंड, अर्थात फांसी की सजा दी जाए। इस प्रकरण में पुलिस की लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध भी उचित कार्रवाई की जाए।

# शिया समाज ने अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की



**जबलपुर।** फूटाताल क्षेत्र स्थित मस्जिद ज़ाकिर अली फूटाताल में अफ़्तार के बाद शिया समाज द्वारा अयातुल्ला अली ख़ामेनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बाबा जैदी ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व में आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन की यह गंभीर घटना बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि अयातुल्ला खामेनेई परमाणु हथियारों को मानवता के लिए विनाशकारी मानते थे और परमाणु शक्ति के शांतिपूर्ण उपयोग की वकालत करते रहे। डॉ. मुज्तबा आब्दी ने आरोप लगाया कि परमाणु हथियारों से लैस शक्तिशाली देशों की नीतियों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुनर्विचार होना चाहिए तथा वैश्विक शांति के लिए संवाद का मार्ग अपनाया जाना चाहिए। मौलाना हैदर मेहदी ने सभा में यह भी कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके साहस, दृढ़ता और विचारों को याद रखेंगी। कुछ वक्ताओं ने वैश्विक राजनीति में संयुक्त राज्य अमेरिका की भूमिका की आलोचना करते हुए कहा कि दबाव के बावजूद उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। अंत में विश्व शांति, मानवता की सुरक्षा और दिवंगत नेता की मग़फिरत के लिए विशेष दुआ की गई।



## रमज़ान में रोज़ा अफ़्तार-ए-आम के कार्यक्रम, अमन-चैन की मांगी दुआ

जबलपुर। पवित्र माह रमज़ान शरीफ़ के दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर रोज़ा अफ़्तार के सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की और मुल्क की अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआएँ की गईं।
रमज़ान मुबारक के अवसर पर हज़रत सैयद अब्दुल रहमान अरबियन अलमारूफ जिन्ना शाह बाबा के आस्ताने पर अफ्तारे-आम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ हिंदू समाज के लोगों ने भी शिरकत कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न दरगाहों के खादिम भी मौजूद रहे। अफ़्तार में मुख्य रूप से अब्दुल रब बाबा, एडवोकेट विकास तिवारी, लखन राजपूत, नितेश, राजा, नूरुद्दीन सद्दाम, इनायत बाबा, शब्बीर भाई, अल्ताफ बाबा, राजू पराग, शिवम बाबा, सौरभ बाबा, मनीष तिवारी, सोनू भाई सहित अन्य दरबारी उपस्थित रहे।वहीं रमज़ान के ग्यारहवें रोजे पर डॉक्टर सेन की गली के पास हैप्पी क्लब की ओर से रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के अलग-अलग इलाकों से आए रोजेदारों ने शिरकत की। अफ्तार के बाद मगरिब की सामूहिक नमाज़ अदा की गई और देश की तरक्की, अमन और भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई।

# नेत्रहीन बच्चों के संग खेली फूलों वाली होली



## डॉ. पुष्पराज पटेल ने बिखेरी खुशियों की महक

**जबलपुर।** होली का त्योहार केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और संवेदनाओं का उत्सव है। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ।

# राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम आदिवासी विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद जिला जबलपुर के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने बताया कि महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के नाम जिला अपर कलेक्टर रघुवीर मरावी को ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर परिषद निम्न बिंदुओं पर मांग करती है दिनांक 19 फरवरी 2026 को विधानसभा सत्र में राज्यपाल के अभी भाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा प्रदेश में संसाधनों के आवंटन में पक्षपात के मुद्दे को उठाया जा रहा था इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा औकात में रहना जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया जो न केवल अत्यंत आपत्तिजनक है, बल्कि पूर्णता असंसदीय एवं अपमानजनक असंवैधानिक भी है। संगठन मांग करता है कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए, इस संसदीय एवं अपमानजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जानी चाहिए एवं भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की जाना चाहिए। अतः आपसे निवेदन है ज्ञापन पर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। ज्ञापन के दौरान संघ के राजेन्द्र सिंह तेकाम, एड. शैलेश धुर्वे, दीपेंद्र मरकाम, रामकुमार सैयाम, उदय मरावी, घनश्याम यादव, नरेश मरकाम, बालकृष्ण उइके, वसंत तेकाम, ब्रजभान धुर्वे, कपिल मार्को, महेश कडोपा, धरम मरावी, अनिल परस्ते, धीरेन्द्र संजू ठाकुर, सतीश, सोम, बंटी तेकाम, महेन्द्र मरावी सहित बहुत संख्या में आदिवासी लोग उपस्थित रहे।

## विगत वर्षो की जीपीएफ स्लिप भी डाउनलोड की जाने की एजीएमपी वेबसाइट में सुविधा हो

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों का प्रत्येक माह जीपीएफ काटा जाता है जिसका लेखा- जोखा महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर (agmp) के पास होता है, एजीएमपी द्वारा प्रत्येक वर्ष जीपीएफ लेखा पर्ची एजीएमपी की वेबसाइट पर अपलोड की जाती है, परंतु पूर्व के वर्षों की जीपीएफ स्लिप हटा दी जाती है जो की सुसंगत नहीं है, कर्मचारियों द्वारा अतिआवश्यकता होने पर अपने जीपीएफ खाते से पैसे निकाले जाते हैं, तो विभाग और कोषालय द्वारा विगत वर्षों की भी लेखा पर्ची मांगी जाती है जिससे समय पर कर्मचारी का पैसा नहीं मिल पाता है। अतः पत्र लिख कर महालेखाकार ग्वालियर से जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघठन मांग करता है कि एजीएमपी वेबसाइट से पुरानी लेखा पर्ची ना हटाई जाए, साथ ही नई पर्ची के साथ वर्ष सिलेक्ट कर पुरानी वार्षिक लेखा पर्ची डाउनलोड की सुविधा हो, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजकुमार यादव, सुरेंद्र चौधरी, लालजी प्रसाद, अशोक परस्ते, योगेश ठाकरे, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, देवेंद्र भट, मनमोहन चौधरी, संतोष चौरसिया, गोपीशाह, आशीष कोरी, मक़सूद कादरी आदि ने मांग की है।

# सनातन संस्कृति है कन्या पूजन

## संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने परशुराम धाम ग्वारीघाट में किया आयोजन



**जबलपुर।** सनातन संस्कृति सदैव वसुदेव कुटुंबकम की परिचायक है, नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है, ब्राह्मण को समाज का सर्वश्रेष्ठ सेवक के रूप में स्थान दिया गया, सनातन संस्कृति चारों वर्णों को अंगीकृत करती है कोई भी ऐसा नहीं है जो एकदूसरे से अलग हो सके, आज जाति, धर्म, छुआछूत अनेक ऐसे प्रश्न उठते हैं जो ब्राह्मणों के इर्द-गिर्द घूमते हैं, कई ऐसे महानायक हैं अंग्रेज हुए, मुगल हुए, वर्तमान समय में राजनेता, कई सामाजिक बंधु हों ब्राह्मण समाज पर आरोप लगा रहे हैं आज उन्हीं से मैं पूछता हूं ब्राह्मणों की संख्या बल कम क्यों है आप तो हमसे संख्या में अधिक हैं लोकतंत्र में विश्वास है सदैव रहेगा यह देश यह माटी हमारे लिए प्राण के समान है आप सब हमारे भाई हैं हम पर विशेष कृपा करें आदिकाल से हमें गरीब कहा जाता था आप गरीब कहते हैं एक गरीब ब्राह्मण हमें अच्छा लगता है हमें देश द्रोही मत कहो ब्राह्मण समाज विनती करता है एक साथ रहो कानून ऐसा प्रतिपादित करो जो सबके काम आए, हमारा विरोध केवल उन बातों को लेकर होता है जो राष्ट्रीयहित में ना हो, भाईचारे के साथ होली मनाई, गीता, रामायण हमारे सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ हैं। उपस्थित पंडित राजकुमार दुबे परशुराम धाम ग्वारीघाट, डॉक्टर अरुण मिश्रा, धनंजय बाजपेई, यदुवंश मिश्रा, सीताराम कुरचानिया, रावेंद्र तिवारी, निशांत शर्मा, आनंद मोहन शर्मा, हमारे गुरु ने कहा होलिका दहन उत्सव 02 तारीख रात्रि 11:30 बजे एवं 03 तारीख रात्रि 11:30 बजे 04 तारीख को ही रंग होली होगी।



## श्री चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव पर निकली भव संकीर्तन यात्रा

**जबलपुर।** श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल जाबालीपुरम के संयोजकत्व में महाप्रभु श्री चैतन्य जी के जन्मोत्सव के शुभ प्रसंग पर आज विशाल संकीर्तन शोभायात्रा स्वामी पगलानंद महाराज, मानस पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. गिरजानंद सरस्वती, संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे के पावन सानिध्य में श्री शिवकल्याण मंदिर कछियाना से भव्य फूलों की होली खेलते हुये नृत्य, गाजे-बाजे, शंख, घंटा, मृदंग की मनोहारी गूँज के साथ तेंदूखेड़ा सीताराम संकीर्तन मंडल द्वारा राधे कृष्ण राधे, सीताराम की अखण्ड धुन गाकर निकाली गई। उक्त कार्यक्रम के संबंध में चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि चैतन्य महाप्रभु ने हरिनाम संकीर्तन को एक नई संचेतना नवीन शैली प्रदान की है, नाम संकीर्तन की अलख घरों घर जगाने के लिए, संस्कारधानी के विभिन्न क्षेत्रों में नौ दिन प्रातः प्रभात फेरी का आयोजन पूर्ण श्रद्धा, समर्पण भाव के साथ किया गया। एक से बढ़कर एक कर्णप्रिय सुमधुर होली गीत पर गुंजायमान मंदिर प्रांगण में भक्तजन भावभोर होकर झूम उठे। तपश्चात पुष्प वर्षा कर महाआरती की गई, गुलाल तिलक लगाकर सभी धर्मावलंबियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य देवेंद्र त्रिपाठी, डॉ. सुधीर अग्रवाल, सत्यप्रकाश नामदेव, मोहित तिवारी, मनोज गुलाबवानी, सुरेश नागौद, कृष्णा नामदेव, मंजू दुबे, संतोष गौतम, नरेश गुजराती, अनिल सुहाने आदि उपस्थित रहे। सभी भक्तजनों का देवेंद्र नेमा ने आभार व्यक्त किया। आज 02 मार्च को शिवकल्याण मंदिर में चैतन्य महाप्रभु का जन्मोत्सव अपरान्ह तीन बजे मनाया जाएगा एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

**सुमधुर भजनों के साथ फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रही**

# गुरुकुल के बच्चों को बांटे कॉपी, पैन, बैग



**सिहोरा।** सेवा सेतु इंडिया' टीम द्वारा सिद्धन धाम, लोढ़ा पहाड़ (कुरों पिपरिया) में एक विशेष सेवा कार्य आयोजित किया गया। जिसमें गुरुकुल में पढ़ रहे विद्यार्थियों को महंत श्री सीताराम शरण जू महाराज के सानिध्य में बैग,कॉपी और पेन प्रदान किए गए ताकि उनकी शिक्षा के मार्ग में कोई बाधा न आए। यह पुनीत कार्य विनय पाल के सुपुत्र हर्ष पाल और अर्पित पाल के नेतृत्व में उनकी टीम में शामिल प्रिंस पंजवानी,अक्षत पसरीजा,चिराग तनवानी, वंश दुर्गानी,शौर्य आनंद,तन्मय अरोड़ा,धीरज आहूजा,नमन मिश्रा और सेंकी नामदेव द्वारा वितरित किया गया। पाल ने कहा हमारा उद्देश्य सिर्फ मदद करना नहीं बल्कि मानवता के जरिए जरूरतमंदों के सपनों को नई उड़ान देना है। टीम ने संत जी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया और इस सेवा संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## हर्ष ढींगड़ा बने सीए

**सिहोरा।** हर्ष ढींगड़ा ने सीए बनकर परिवार के साथ समाज को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने ग्रुप 1 में 165/300 एवं ग्रुप 2 में 169/300 अंक प्राप्त कर यह सफलता हासिल की। ढींगरा झंडा बाजार के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्वर्गीय देवराज खत्री के पोत्र हरीश एवं विनोद खत्री के भतीजे एंव संजय प्रीता खत्री के सुपुत्र है व अपनी प्रारम्भिक शिक्षा मारथोमा ग्राम ज्योति स्कुल सिहोरा खितौला से ग्रहण की है।



## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर अभा कायस्थ महासभा ने पुष्पांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** "महापुरुषों का जीवन हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, अतः हमें महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करते हुये अपने जीवन को राष्ट्रहित में समर्पित करना चाहिये, जिससे हम अपने साथ-साथ देश को भी गौरान्वित कर सकें। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जीवन हमें सदाचार सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है।" उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने पूर्व राष्ट्रपति कायस्थ कुल गौरव डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि के अवसर पर व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनूप सिन्हा, प्रदेश महासचिव सुनील श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, बच्चन श्रीवास्तव, सुधीर खरे, डॉ. संदीप माथुर, डॉ. सोनल खरे, शिखा श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, आदि ने भी महासभा की ओर से राजेन्द्र प्रसाद को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# बैंक की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**पनागर।** संस्कारधानी में इन दिनों साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गढ़ा शाखा से सामने आया है, जहाँ एक 69 वर्षीय बुजुर्ग महिला मरसुम बाई के खाते से जालसाजों ने धीरे-धीरे 2.5 लाख रुपये पार कर दिए। हैरान करने वाली बात यह है कि पीड़िता की एफडी मैच्योर होने से महज 5 दिन पहले ही तोड़ दी गई, लेकिन बैंक की ओर से न कोई अलर्ट आया और न ही कोई कॉल। पीड़ित बुजुर्ग महिला शहर के एक स्कूल में झाड़ू-पोछा कर अपना गुजर-बसर करती हैं। उन्होंने अपनी जीवन भर की गाढ़ी कमाई से एक-एक रुपया जोड़कर अपनी नातिन की शादी के लिए 5.39 लाख रुपये की एफडी 2 वर्ष के लिए कराई थी। नियमानुसार, 24 दिसंबर को यह अवधि पूरी होनी थी और 31 दिसंबर को उन्हें 5.88 लाख रुपये मिलने थे। लेकिन जब वह पैसे निकालने बैंक पहुँचीं, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

### न मैसेज आया, न कॉल: बैंक के सुरक्षा तंत्र पर सवाल

पीड़िता जब अपने बेटे के साथ बैंक से 3000 रुपये निकालने पहुँची, तब उन्हें पता चला कि उनके खाते से किश्तों में 2 लाख रुपये से अधिक की राशि गायब हो चुकी है। स्टेटमेंट निकलवाने पर खुलासा हुआ कि उनकी एफडी तय समय से पहले ही 24 दिसंबर को तोड़ दी गई थी, इसके बाद छोटी-छोटी राशि करके कई बार में पैसे निकाले गए, केवायसी और मोबाइल नंबर लिंक होने के बावजूद, पहली बार 10,000 रुपये निकलने या एफडी टूटने का कोई भी एसएमएस पीड़िता के फोन पर नहीं आया, जिससे पीड़ति को पता भी नही चला कि उनकी एफडी टूट गई है, या उससे पैसे निकाले जा रहे है, अन्यथा बड़ा क्राइम होने से बच जतिन ओर समय रहते अपने खाते ओर जमा पूंजी सुरक्षित किया जा सकता था।

### बैंक मैनेजर का संवेदनहीन रवैया

पीड़ति बुजुर्ग महिला का आरोप है कि जब वे मदद की गुहार लेकर शाखा प्रबंधक के पास पहुँचीं, तो उन्हें राहत देने के बजाय अपमानित किया गया। बैंक मैनेजर ने मामले की गंभीरता से जांच करने के स्थान पर गोलमोल जवाब दिए और उल्टा महिला के बेटे पर ही पैसे निकालने का आरोप मढ़ दिया। जबकि बेटे का कहना है कि न तो वह और न ही उसकी वृद्ध माँ इस दौरान बैंक आए थे।

### पुलिस और साइबर सेल की शरण में पीड़ति

बैंक से न्याय न मिलता देख, बुजुर्ग महिला ने गढ़ा थाना और साइबर पुलिस को अपनी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज और ट्रांजैक्शन हिस्ट्री की बारीकी से जांच की जाए ताकि यह साफ हो सके कि बिना ओटीपी या बैंक आए एफडी कैसे टूट गई और पैसे किसके खाते में ट्रांसफर हुए। फिलहाल, पुलिस ने आवेदन स्वीकार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना बैंकिंग सुरक्षा और बुजुर्गों के प्रति बैंक अधिकारियों के रवैये पर बड़े सवाल खड़े करती है।

### इनका कहना है -

मैनेजर साहब ने हमारी सुनने के बजाय हमें ही दोषी ठहरा दिया। हमने एक-एक पैसा मेहनत से जोड़ा था, अब नातिन की शादी कैसे होगी।

**मरसुम बाई पटेल,**
**पीड़ति महिला**




**श्रीमती कौशल्या बाई कुशवाहा-** आमनपुर नरसिंह वार्ड निवासी श्री सखाराम कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई कुशवाहा (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हंसराज ठाकुर-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री हंसराज ठाकुर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्ञानवती त्रिपाठी-** पंचशील नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री राम सागर त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञानवती त्रिपाठी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता तिवारी-** कृष्णा कॉलोनी घमापुर निवासी श्री सुधीर कुमार तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती ममता तिवारी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शिवदेवी गुप्ता-** एकता चौक गंगासागर रोड गढ़ा निवासी श्री रामधनी गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शिवदेवी गुप्ता (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष सैनी-** गंगासागर एकता चौक के पास निवासी श्री मनीष सैनी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई वाल्मीक-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री हेमचंद वाल्मीक की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई वाल्मीक (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरी शंकर प्रजापति-** नारायण चौक लालमाटी निवासी श्री गौरी शंकर प्रजापति (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रजनी विश्वकर्मा-** कालीमठ आमनपुर निवासी श्री गणेश प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी विश्वकर्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार लडिय़ा-** सिद्धबाबा वार्ड आशा चक्की के पास निवासी श्री मूलचंद लडिय़ा के पुत्र श्री राजेंद्र कुमार लडिय़ा (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोनू बैरागी-** रामपुर मांडवा सामुदायिक भवन के पास निवासी श्री सोनू बैरागी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
उक्त साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 1x1 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x1 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x3 से.मी. रंगीन 1300/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बने राजमणि बघेल



**सिहोरा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की नियुक्ति के पश्चात प्रदेश में लगातार नियुक्तियों का दौर चल रहा है पहले प्रदेश कार्यकारणी फिर जिला ओर इसके बाद मोर्चा प्रदेश कार्यकारणी की नियुक्तिया इसी तारतंभ के अंतर्गत जबलपुर ग्रामीण के युवा किसान नेता राजमणि सिंह बघेल को भाजपा प्रदेश संगठन ने किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किया है । राजमणि बघेल विगत 15 वर्षों युवा मोर्चा मैं कार्य कर रहे हैं पहले जिला मंत्री और उसके बाद लगातार दो बार युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ग्रामीण पद पर नियुक्त किए गए हैं। युवाओं में अलग पहचान रखने वाले बघेल ने अपने जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में अनेक बड़े राजनैतिक और सामाजिक कार्य किए हैं।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष की प्रदेश मंत्री नियुक्ति पर युवा मोर्चा ग्रामीण जिले के युवाओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की युवाओं ने कहा कि बघेल ने अपने मोर्चा कार्यकाल में जिला ग्रामीण को प्रदेश की प्रथम पंक्तियों में लाकर खड़ा किया है । सभी ने भाजपा संगठन का आभार व्यक्त किया है।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.-स.क्र. 11/25-26/ दिनांक 25-02-2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री राम मनोहर पुरोहित पिता श्रीकांत पुरोहित(2) श्रीमती सविता पुरोहित पिता स्व. धन्नालाल ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक FR-4 चौथी मंजिल ब्लाक सी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000429188 पर दर्ज चतुर्थ तल FR-4 चौथी मंजिल ब्लाक सी सत्यमेव जयते कॉम्पलेक्स तहसील परिसर पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथपत्र, विक्रयपत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र रिलीज डीड, बंटवारानामा के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुषमा पांडे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# सोने के निवेशकों को बड़ा झटका, 1अप्रैल 2026 से देना होगा भारी टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में सोने में निवेश करने वालों के लिए एक अहम और सनसनीखेज नीतिगत तब्दीली होने जा रही है। सरकार ने बजट 2025-26 में सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम (एसजीबी) के टैक्स नियमों में बड़ा संशोधन कर दिया है, जिसका सीधा असर उन निवेशकों पर पड़ेगा जो स्टॉक एक्सचेंज के ज़रिए गोल्ड बॉन्ड खरीदते हैं। एसजीबी को 8 साल की मैच्योरिटी तक होल्ड करने पर कैपिटल गेन पूरी तरह टैक्स-फ्री रहता था चाहे बॉन्ड सीधे सरकार से खरीदा गया हो या सेकेंडरी मार्केट से। लेकिन 1 अप्रैल 2026 से यह राहत सिर्फ़ "मूल निवेशकों" तक सीमित रहेगी। सीधे आरबीआई के माध्यम से बॉन्ड सब्सक्राइब किए हैं, केवल वही मैच्योरिटी पर टैक्स-फ्री लाभ के हकदार होंगे।

- स्टॉक एक्सचेंज के जरिए गोल्ड खरीदने वालों पर पड़ेगा असर

## सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम के टैक्स नियमों में हुआ बड़ा संशोधन

### निवेशकों की दो कैटेगरी बनाई

*इस नए नियम ने निवेशकों को दो कैटेगरी में तकसीम कर दिया है- प्राइमरी निवेशको को 2.5 फीसदी सालाना ब्याज के साथ मैच्योरिटी पर पूरा टैक्स-फ्री रिटर्न मिलेगा। सेकेंडरी मार्केट खरीदार को 2.5 फीसदी ब्याज तो हासिल होगा, लेकिन पूंजीगत मुनाफे पर टैक्स अदा करना पड़ेगा।*



### एक्सचेंज से खरीदने पर टैक्स फ्री नहीं

एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर कोई निवेशक 1 अप्रैल 2026 के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) या बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से एसजीबी खरीदता है या उसे गिफ्ट के तौर पर प्राप्त करता है, तो मैच्योरिटी पर होने वाला मुनाफा अब टैक्स-फ्री नहीं माना जाएगा।

### कैपिटल गेन पर टैक्स देना होगा

इस तब्दीली का सीधा असर आपकी कमाई पर पड़ेगा। मिसाल के तौर पर, अगर आपने एक्सचेंज से एक बॉन्ड 7,000 रुपए में खरीदा और मैच्योरिटी पर उसकी कीमत 11,000 रुपए हो गई, तो 4,000 रुपए के मुनाफे पर 12.5% की दर से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। मतलब आपको 500 रुपए सरकार को अदा करने होंगे। पहले यही पूरी रकम आपकी जेब में जाती थी।

### एसजीबी का आकर्षण कम हो सकता है

विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से सेकेंडरी मार्केट में एसजीबी की लिक्विडिटी और आकर्षण कम हो सकता है। अब तक निवेशक एक्सचेंज पर रियायती दरों पर बॉन्ड खरीदकर टैक्स-फ्री मुनाफे की रणनीति अपनाते थे, जो अब अप्रभावी साबित होगी। कुल मिलाकर, सोने में निवेश की दुनिया में यह बदलाव एक अहम मोड़ साबित हो सकता है जहां हर निवेशक को अपनी स्ट्रैटेजी दोबारा सोचनी पड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल विनिर्माता रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 1,00,905 इकाई रही। फरवरी, 2025 में 90,670 वाहनों की बिक्री की थी। पिछले महीने कंपनी की घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 91,248 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 80,799 इकाई थी।

### टोयोटा की बिक्री में 20 प्रतिशत का इजाफा

TOYOTA

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की कुल बिक्री फरवरी, 2026 में 20 प्रतिशत बढ़कर 34,034 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 28,414 वाहन बेचे थे। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 30,737 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 26,414 इकाई थी।

### हुंडई की फरवरी में कुल बिक्री 12.6 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया की कुल वाहन बिक्री फरवरी, 2026 में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 66,134 इकाई रही है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। फरवरी में कंपनी की घरेलू बिक्री 9.8 प्रतिशत बढ़कर 52,407 इकाई रही, जबकि निर्यात 24.8 प्रतिशत बढ़कर 13,727 इकाई पर पहुंच गया।

### टाटा मोटर्स पैसेंजर की कुल बिक्री 35% उछली

TATA MOTORS PASSENGER VEHICLES


**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की कुल बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 63,331 इकाई हो गई। पिछले साल इसी महीने में यह 46,811 इकाई थी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 62,329 इकाई रही।

### रेनॉ की बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 3495 इकाई



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो की थोक बिक्री फरवरी, 2026 में 31 प्रतिशत बढ़कर 3,495 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 2,676 वाहन बेचे थे। रेनो इंडिया ने रविवार को बयान में कहा कि वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में कंपनी ने अपनी सकारात्मक वृद्धि दर को बरकरार रखा है और पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 32 प्रतिशत की संचयी वृद्धि दर्ज की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल के चेयरमैन का पद संभाला



**नई दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी का पद संभाल लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियर गुप्ता को प्राकृतिक गैस पारेषण, विपणन और बुनियादी ढांचा विकास का व्यापक अनुभव है। इससे पहले उन्होंने गेल में परिचालन, व्यवसाय वृद्धि और कॉरपोरेट प्रबंधन में प्रमुख नेतृत्व वाली भूमिकाएं निभाई हैं।

## मंत्रालय ने कहा, इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी

# सीमा शुल्क के बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई' एक अप्रैल से होगी लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी, और ऐसे आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

### योजना में एमएसएमई भी शामिल

मंत्रालय ने कहा, ''इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी, एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।'' मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

**खास बातें**

- आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे
- मापदंड पूर्ण करने वाले आयातकों को यह सुविधा मिल पाएगी
- पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को भी पूरा करना होगा

अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क INDIRECT TAXES AND CUSTOMS सत्यमेव जयते भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA देशसेवार्थ करसंचय

### योजना 31 मार्च 2028 तक लागू रहेगी

इसमें आगे कहा गया, ''यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान 'आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

*आयातक एईओ-टी2 व टी3 दर्जा हासिल करें : योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।*

*आवेदन एईओ पोर्टल पर एक मार्च से : ईएमआई योजना के तहत आवेदन एईओ पोर्टल पर एक मार्च, 2026 से किए जा सकते हैं। आम बजट 2026-27 में भरोसेमंद विनिर्माताओं के लिए बाद में सीमा शुल्क के भुगतान की नई सुविधा की घोषणा की गई थी।*

### राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की हिस्सेदारी बढ़ी

*कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू' (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।*

### रीइश्यू पर निर्भरता लगातार बढ़ी

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है। पिछले दो साल के दौरान रीइश्यू पर निर्भरता लगातार बढ़ी है।*

### राज्यों ने उधारी बढ़ाई

*वित्त वर्ष 2024-25 में इसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत थी, जहां राज्यों ने कुल 10,73,330.197 करोड़ रुपये की उधारी में 1,30,827.11 करोड़ रुपये फिर से जारी किए थे। आंकड़ों के अनुसार, यह पिछले वर्षों के तुलना में काफी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 5.73 प्रतिशत, 2022-23 में 7.77 प्रतिशत, 2021-22 में 10.4 प्रतिशत और 2020-21 में 9.72 प्रतिशत था।*

# विदेशी निवेशकों ने फरवरी में शेयर बाजार में डाले 22,615 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- यह 17 माह का उच्चस्तर रहा

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले हैं, जो 17 माह का उच्चस्तर है। इसकी वजह अंतरिम भारत-अमेरिका व्यापार करार, घरेलू बाजार के मूल्यांकन में कमी और कंपनियों के तीसरी तिमाही के बेहतर नतीजे हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में लिवाली से पहले लगातार तीन माह तक एफपीआई बिकवाल रहे थे। एफपीआई ने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

कुल मिलाकर, एफपीआई ने 2025 में भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) निकाले थे, जिससे यह एफपीआई के प्रवाह की दृष्टि से सबसे खराब वर्षों में से एक रहा। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह सितंबर, 2024 के बाद का सबसे ज़्यादा मासिक प्रवाह है। उस समय एफपीआई ने शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये डाले थे।

वेंचुरा के शोध प्रमुख विनीत बोलिंजकर ने कहा कि यह प्रवाह द्वितीयक बाजार में खरीदारी से बढ़ा, जो 2025 की निकासी के बाद नए विदेशी भरोसे का संकेत है। एंजल वन लिमिटेड के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक जावेद खान ने कहा कि तीन खास वजहों से एफपीआई प्रवाह को समर्थन मिला। इनमें भारत-अमेरिका व्यापार करार और भारतीय बाजार के मूल्यांकन में कमी शामिल है।

### एफपीआई ने आईटी शेयरों में की भारी बिकवाली

कृत्रिम मेधा से होने वाली दिक्कतों की चिंताओं के बीच इस खंड से 10,956 करोड़ रुपये की निकासी हुई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, एंथ्रोपिक के झटके और क्षेत्र में लगातार कमजोरी के कारण एफपीआई ने आईटी शेयरों में भारी बिकवाली की।

# एयर इंडिया बोइंग 787 विमानों के एफसीएम में कर रही है बदलाव

- जल नियंत्रण मॉड्यूल में परिवर्तन कर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एयर इंडिया अपने अधिकांश ड्रीमलाइनर विमानों के 'फॉसेट कंट्रोल मॉड्यूल' (जल नियंत्रण मॉड्यूल) में बदलाव कर रही है। यह कदम अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के उस संशोधित निर्देश के बाद उठाया गया, जिसमें पानी के रिसाव की आशंका वाले मॉड्यूल को बदलने के लिए कहा गया था। इस रिसाव से विमान के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर बुरा असर पड़ सकता था। एफएए ने दो फरवरी को एक उड़ान सुरक्षा निर्देश (एडी) जारी किया था, जो कुछ बोइंग 787-8, 787-9 और 787-10 विमानों पर लागू होता है। इन विमानों को ड्रीमलाइनर के नाम से भी जाना जाता है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के बेड़े में 33 बोइंग 787 विमान हैं, जिनमें 26 पुराने 787-8 विमान शामिल हैं।

*विमानों की सटीक संख्या पता नहीं : हालांकि, उन विमानों की सटीक संख्या का पता नहीं चल सका है जिनमें यह काम पूरा हो चुका है। इस मामले में एयर इंडिया और बोइंग की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।*

## किया इंडिया की बिक्री में 10.3 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किया इंडिया ने रविवार को बताया कि पिछले महीने उसकी बिक्री 10.3 प्रतिशत बढ़कर 27,610 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 25,026 इकाई रही थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत में परिचालन शुरू करने के बाद से यह किसी भी वर्ष के फरवरी महीने में उसकी अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। लगातार दूसरे महीने दोहरे अंक की मजबूत वृद्धि ब्रांड में ग्राहकों के निरंतर भरोसे को दर्शाती है। किया इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) अतुल सूद ने कहा, ''हम केवल बाजार के रुझानों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं, बल्कि नवाचार, प्रीमियम डिजाइन, उन्नत प्रौद्योगिकी और ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें नया आकार दे रहे हैं।''

# ईरान संकट: यात्रा बुकिंग रद्द करने के मामलों में तेजी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स' (आईएटीओ) ने रविवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंधों की वजह से यात्रा बुकिंग रद्द करने और तारीखें आगे बढ़ाने के अनुरोधों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

इसका सबसे अधिक प्रभाव खाड़ी देशों के प्रमुख केंद्रों के माध्यम से भारत को यूरोप से जोड़ने वाले मार्गों पर पड़ा है। आईएटीओ के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि देशभर के ट्रैवल एजेंट यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए एयरलाइन और विदेशी भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके तहत वैकल्पिक मार्ग, बुकिंग में बदलाव और पैसा वापसी की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, अभी अल्पकालिक अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन हमें उम्मीद है कि स्थिति जल्द स्थिर होगी।

# पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच शेयर बाजारों में गिरावट की आशंका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- गिरावट इस बात पर निर्भर, संघर्ष कितने समय तक चलता है
- विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण सोमवार को शेयर बाजारों में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी।

हालांकि, बाजार में गिरावट इस बार पर निर्भर करेगी कि यह संघर्ष कितने समय तक चलता है। विश्लेषकों ने यह बात कही। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर हमला किया था। ईरानी सरकारी मीडिया ने रविवार सुबह पुष्टि की कि इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए हैं। भू-राजनीतिक स्थिति के अलावा, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। होली के अवसर पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के बाद निवेशकों का उत्साह और भी कम हो गया है। मीणा ने कहा, ''भारत जैसी तेल आयातक अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, राजकोषीय संतुलन और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के लिए जोखिम पैदा करती हैं। यह बाहरी झटका बाजार के लिए एक तकनीकी रूप से कमजोर क्षण में आया है।''

*कच्चे तेल की ऊंची कीमतें प्रभावित करेगी बाजार को : मीणा ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच सोमवार को बाजार गिरावट के साथ खुल सकते हैं।*

### बाजार नकारात्मक प्रतिक्रिया देगा

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''बाजार बहुत नकारात्मक प्रतिक्रिया देगा। यदि कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक ऊंची रहती है, तो हमारे व्यापार संतुलन और भुगतान संतुलन पर असर पड़ेगा, क्योंकि हम अपनी तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात से पूरा करते हैं।''

## रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशन होने के कारण खुद को रेगुलेट नहीं कर सकता

# एनएसई का आईपीओ खुद के प्लेटफॉर्म पर नहीं होगा सूचीबद्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- आईपीओ दूसरे प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध किया जा सकता है

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) जब पब्लिक होगा, तो वह अपने शेयर अपने प्लेटफॉर्म पर लिस्ट नहीं करेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय नियम इसकी इजाजत नहीं देते हैं। यह बात एनएसई के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) आशीष चौहान ने कही है।

चौहान ने कहा, 'यह भारत का एक नियम है, और हमें इसका पालन करना होगा।' उन्होंने समझाया कि एक रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशन होने के नाते एनएसई खुद को रेगुलेट नहीं कर सकता है। इसलिए उसे किसी दूसरे एक्सचेंज पर लिस्ट होना होगा। भारत के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत, कॉनफ्लिक्ट-ऑफ-इंटरेस्ट कारणों से स्टॉक एक्सचेंजों को अपने प्लेटफॉर्म पर खुद को लिस्ट करने की इजाजत नहीं है।

### इनवेस्टमेंट बैंकों को पिच के लिए किया इनवाइट

*एनएसई ने इनवेस्टमेंट बैंकों को एक रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया है। इसमें उन्हें आईपीओ में रोल के लिए पिच करने के लिए इनवाइट किया गया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में मामले से जुड़े लोगों के हवाले से कहा गया है कि एक्सचेंज मार्च 2026 के मध्य तक आईपीओ के लिए एडवाइजर चुनने का प्लान बना रहा है। एनएसई ने फरवरी महीने की शुरुआत में नॉन-इंडिपेंडेंट डायरेक्टर और एलआईसी के पूर्व एमडी तबलेश पांडेय की अध्यक्षता में आईपीओ कमेटी बनाई थी। साथ ही लिस्टिंग प्रोसेस की देखरेख के लिए रॉथ्सचाइल्ड एंड कंपनी को एक इंडिपेंडेंट एडवाइजर अपॉइंट किया था।*




### एनएसई में अभी 1,95,000 शेयरहोल्डर

एनएसई में अभी लगभग 195,000 शेयरहोल्डर हैं, जिनके पास कुल मिलाकर एक्सचेंज का 100 प्रतिशत हिस्सा है। चौहान ने आईपीओ को काफी हद तक प्रोसिजरल बताया, जिसका मकसद मौजूदा शेयरहोल्डर्स को लिक्विडिटी उपलब्ध कराना है, न कि विस्तार के लिए फंडिंग जुटाना। एक्सचेंज अपने ग्रोथ प्लान को पूरा करने के लिए काफी प्रॉफिट में है।

### प्रस्ताव में ऑफर फॉर सेल रहेगा

एमडी ने आगे कहा कि एक्सचेंज को अपने आईपीओ का ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस तैयार करने और फाइल करने में कुछ महीने लगेंगे, जिसके बाद सेबी डॉक्यूमेंट को रिव्यू करेगा और आगे की मंजूरी देगा। प्रस्तावित आईपीओ में केवल ऑफर फॉर सेल (ओएसएस) रहेगा, जिसमें मौजूदा निवेशक शेयरों को बिक्री के लिए पेश करेंगे। इसलिए एक्सचेंज को कोई नई कैपिटल हासिल नहीं होगी।

# जीएसटी संग्रह फरवरी में 8.1% से बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस बढ़ोतरी में मुख्य योगदान रहा। इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे।

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 29/ मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) / वर्ष 2025-26 भोपाल, दिनांक 24/02/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | ई.एम.डी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_484722_1 | नरसिंहपुर | पुल कार्य | नरसिंहपुर जिले के हीरापुर से सांकल मार्ग में नर्मदा नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य ई.पी.सी.मोड पर। | प्रथम | 4041.94 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | कुल योग | | 4041.94 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07/04/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र
भोपाल

जी - 26677/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# बम से नहीं, वार्ता से सुलझाएं विवाद

संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए व्यापक सैन्य हमलों ने क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु एवं घायल होने की सूचना ने मानवीय संकट को और गहरा कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में ईरान द्वारा भी हमले किए जाने से स्थिति और विस्फोटक हो गई है। यह संघर्ष यदि इसी दिशा में आगे बढ़ता रहा, तो इसका प्रभाव केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी चपेट में आ सकती है। सैकड़ों निर्दोष लोग मारे जाएंगे, आर्थिक संकट भी बढ़ेगा। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बम और मिसाइलें क्षणिक बढ़त तो दिला सकती हैं, लेकिन वे स्थायी शांति की नींव नहीं रख सकतीं। इस संघर्ष ने न केवल हजारों परिवारों को शोक में डुबोया है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता को भी बढ़ाया है। स्कूलों, रिहायशी इलाकों और नागरिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्धों में सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक ही चुकाते हैं। ऐसे समय में वार्ता, संयम, संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है जो व्यापक विनाश को रोक सकते हैं। मध्य पूर्व का भू-राजनीतिक महत्व पूरी दुनिया जानती है। ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यदि तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गहरा असर पड़ेगा। तेल की कीमतों में उछाल से विश्व अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा, महंगाई बढ़ेगी और विकासशील देशों की आर्थिक स्थिति और कठिन हो जाएगी। स्पष्ट है कि यह केवल दो या तीन देशों का मामला नहीं है, बल्कि पूरी वैश्विक व्यवस्था की स्थिरता का प्रश्न है। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। भारत का यह रुख संतुलित और जिम्मेदार कूटनीति का परिचायक है। इसी प्रकार चीन और रूस ने भी सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। यह सकारात्मक संकेत है कि वैश्विक शक्तियां कम से कम औपचारिक रूप से ही सही, शांति की वकालत कर रही हैं। वास्तव में, यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। क्या सैन्य हमले किसी परमाणु या सुरक्षा विवाद का स्थायी हल दे सकते हैं? क्या क्षेत्रीय प्रभुत्व की राजनीति निर्दोष नागरिकों के जीवन से अधिक मूल्यवान है? इन प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट है। विश्व व्यवस्था नियम-आधारित होनी चाहिए, जहां सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो। यदि कूटनीतिक प्रयासों को मजबूत किया जाए, तो विवादों का समाधान संभव है। अतीत में भी कई जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद वार्ता की मेज पर सुलझे हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा और प्रतिबंधों जैसे मुद्दों पर व्यापक और पारदर्शी वार्ता ही आगे का रास्ता दिखा सकती है। सैन्य टकराव से केवल अविश्वास बढ़ता है, जबकि संवाद से पुल बनते हैं। विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश देना होगा कि 21वीं सदी में संघर्षों का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है। इसलिए यही उचित होगा कि सभी पक्ष तुरंत सैन्य कार्रवाइयों पर विराम लगाएं, तनाव कम करें और बातचीत की प्रक्रिया को पुनः आरंभ करें। बम से नहीं, बल्कि वार्ता से ही स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।



तनाव
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चिंताएं

**ईरानी और इजराइल-अमेरिका युद्ध लंबा खिंचने की आशंका से भारत की भी कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी जैसी चिंताएं बढ़ सकती हैं। लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा।**

इजराइल-अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान के द्वारा इजरायल व अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमलों से निर्मित युद्ध ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खास तौर से इस युद्ध में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद जहां ईरानी सेना ने इजराइल-अमेरिका से इसका पूरा बदला लेने और इजराइल- अमेरिका के द्वारा ईरान को पूरी तरह से कमजोर किए जाने के वक्तव्यों से इस युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे भारत की भी चिंताएं बढ़ सकती हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी की आशंकाओं से संबंधित हैं।

उल्लेखनीय है कि ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। ईरान ने 33 किलोमीटर चौड़ा यह जल मार्ग रोक दिया है। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। चूंकि भौगोलिक रूप से ईरान भारत का पड़ोसी क्षेत्र है और कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब आधा कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। वजह यह है कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ा सकती है। स्थिति यह है कि युद्ध के तनाव के बीच 28 फरवरी को कच्चे तेल की कीमत 73 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई, जो सात माह का रिकॉर्ड मूल्य स्तर है। युद्ध के लंबा खिंचने पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है। ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश युद्धग्रस्त है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर भी हो सकता है।

इस युद्ध से वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी बड़ा असर पड़ने की आशंका है। इस युद्ध से भारत के शेयर बाजार में बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेचने और बड़ी संख्या में निवेश निकालने की स्थिति दिखाई दे सकती है। सेंसेक्स और निफ्टी के लिए मार्च 2026 बड़ी गिरावट का महीना होगा। इस युद्ध के कारण निवेशक तेजी से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी



रुख करते हुए दिखाई देंगे। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत और तेजी से बढ़ेगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध के लंबा खिंचने पर पश्चिम एशिया में रहने वाले करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी भारत के लिए चिंता का कारण बन सकती है। इस युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ सकता है और भारतीय रुपया कमजोर भी हो सकता है।

लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ था और इस वर्ष 2026 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में इस समय लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। इसी तरह इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था।

एक खास बात यह है कि भारत में महंगाई नियंत्रित है भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जनवरी 2026 में 1.81 प्रतिशत पर रही है। इसी तरह उपभोक्ता महंगाई दर 2.75 प्रतिशत रही है। भारत में महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्धारित लक्ष्य से भी कम है। निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। यदि युद्ध से जरूरी दवाइयों की आपूर्ति में कोई कमी आती है, तो सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले 35 प्रमुख कच्चे माल (एपीआई) का उत्पादन देश में ही तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे सकेगी। इससे दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। इस युद्ध के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। इस समय भारत के पास 74 दिनों की रणनीतिक कच्चा तेल भंडार उपलब्ध है। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। इससे कुछ ही देशों से तेल खरीदने संबंधी जोखिम कम हो गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने, महंगाई नियंत्रण व जरूरी दवाइयों की किफायती दाम पर आपूर्ति के लिए जो प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, वे युद्ध की चुनौती के बीच भारत के आम आदमी को राहत देते हुए दिखाई दे सकेंगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के दुर्भाग्यपूर्ण रूप से विस्तारित होने पर युद्ध से निर्मित आर्थिक चुनौतियों की आशंका के मद्देनजर ऐसी बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिससे देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकेगा।

( लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कूटनीति
महेन्द्र तिवारी



# खामेनेई के बाद ईरान की रणनीति व भारत पर असर

अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु और उसके बाद मोजतबा खामेनेई का सत्ता के केंद्र में आना ईरान के इतिहास का वह मोड़ है, जहां से वापसी का रास्ता केवल संघर्ष और रणनीतिक आक्रामकता से होकर गुजरता है। ईरान की आगामी रणनीति अब केवल अस्तित्व बचाने की नहीं, बल्कि अपने खोये हुए गौरव और नेतृत्व के अपमान का बदला लेने की है। अहमद वाहिदी जैसे कट्टरपंथी सैन्य रणनीतिकार के हाथों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कमान होने का सीधा अर्थ है कि ईरान अब 'रणनीतिक धैर्य' की नीति को त्यागकर 'प्रत्यक्ष प्रतिशोध' के युग में प्रवेश कर चुका है। मोजतबा खामेनेई के लिए चुनौती दोहरी है: उन्हें न केवल अपने पिता की विरासत को सुरक्षित रखना है, बल्कि देश के भीतर पनप रहे असंतोष और बाहर से हो रहे सैन्य प्रहारों के बीच एक संतुलन बनाना है। ईरान की अगली चालों में सबसे महत्वपूर्ण उसका परमाणु कार्यक्रम होगा। अंतरराष्ट्रीय दबाव व हमलों के बावजूद, ईरान अब परमाणु हथियार की क्षमता को 'अंतिम सुरक्षा कवच' के रूप में देख रहा है। 2025-26 के इस कालखंड में ईरान का 90% तक यूरेनियम संवर्धन करना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक ब्लैकमेलिंग का हथियार है, जो पश्चिम को सीधे टकराव से रोकने के लिए इस्तेमाल होगा। क्षेत्रीय स्तर पर, ईरान अपने 'एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस' यानी हिजबुल्लाह, हूती व हमास को नई ऊर्जा और आधुनिक हथियारों से लैस करेगा ताकि इजरायल-अमेरिकी ठिकानों पर दबाव बना रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी ईरान का वह ब्रह्मास्त्र है, जिसे वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने में इस्तेमाल कर सकता है।

इस भीषण उथल-पुथल के बीच भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक और चुनौतीपूर्ण हो गई है। भारत के लिए ईरान केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया तक पहुंचने का प्रवेश द्वार है। ईरान में इस तरह का नेतृत्व परिवर्तन और युद्ध की स्थिति भारत की 'स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी' यानी रणनीतिक स्वायत्तता की कड़ी परीक्षा है। भारत ने हमेशा से एक संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाई है, जहां उसने एक तरफ इजरायल के साथ गहरे रक्षा संबंध बना रखे हैं, वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ चाबहार पोर्ट जैसे रणनीतिक निवेशों के जरिए अपनी कनेक्टिविटी को सुरक्षित किया है। खामेनेई के बाद यदि ईरान पूरी तरह से चीन और रूस के पाले में चला जाता है, जैसा कि वर्तमान संकेतों से लग रहा है, तो भारत के लिए अपनी स्वायत्तता बनाए रखना कठिन होगा। अमेरिका और इजरायल के साथ भारत की बढ़ती निकटता के बीच ईरान का नया कट्टरपंथी नेतृत्व नई दिल्ली को संदेह की दृष्टि से देख सकता है। यदि ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगते हैं या वह पूर्ण युद्ध में उलझता है, तो चाबहार बंदरगाह और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' जैसे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में जा सकते हैं, जो भारत के लिए मध्य एशिया और यूरोप तक पहुंचने का सबसे छोटा और सस्ता रास्ता हैं। भारत की विदेश नीति के लिए यह वह समय है जब उसे 'गुटनिरपेक्षता 2.0' के सिद्धांतों पर चलते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि वह किसी एक पक्ष का मोहरा न बने।

सामाजिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखें तो ईरान और पश्चिम के बीच बढ़ता तनाव भारत के भीतर के जनसांख्यिकीय संतुलन और प्रवासी सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और वहां से आने वाला प्रेषण भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि युद्ध फैला, तो उनकी सुरक्षित वापसी बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती होगी।

अंततः, खामेनेई के बाद का ईरान एक ऐसा ज्वालामुखी है जिसके फटने का असर वाशिंगटन से लेकर नई दिल्ली तक महसूस किया जाएगा। मोजतबा खामेनेई और अहमद वाहिदी की जोड़ी ईरान को एक सैन्यीकृत धार्मिक शासन की ओर ले जा रही है, जो कूटनीति से अधिक शक्ति प्रदर्शन में विश्वास रखता है। भारत को ऐसे समयय में अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' को ढाल बना अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, भले ही इसके लिए उसे कठिन कूटनीतिक फैसले लेने पड़ें। उसे चाहिए कि वह ईरान के नए नेतृत्व के साथ अनौपचारिक माध्यमों से संवाद बनाए रखे और साथ ही अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करे। ईरान का यह संकट वैश्विक व्यवस्था के पुनर्निर्धारण का संकेत है, और भारत को इस बदलती व्यवस्था में एक दर्शक के बजाय निर्णायक भूमिका निभानी होगी, ताकि उसकी ऊर्जा सुरक्षा और संप्रभुता पर आंच न आए। ईरान की अगली चालें केवल उसके भविष्य को ही नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी नई दिशा देंगी।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कुंभकर्ण एवं रावण के पिछले जन्म का रहस्य



संकलित
**दर्शन**

सनक, सनंदन, सनातन तथा सनतकुमार भगवान विष्णु से मिलने वैकुंठ लोक गए। वहां उनके द्वारपाल जय-विजय ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और उनका अपमान किया। इससे क्रुद्ध होकर चारों मुनि कुमारों ने जय-विजय को पृथ्वी लोक पर असुर के रूप में जन्म लेने का शाप दे दिया। ऋषि कुमारों द्वारा शाप मिलने पर दोनों द्वारपालों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वे दोनों उनके चरणों पर गिरकर पश्चाताप करने लगे और अपने अपराध के लिए क्षमा मांगने लगे। उसी समय वहां देवी लक्ष्मी सहित विष्णु पधारे। चारों मुनि कुमारों ने उन्हें प्रणाम किया। जय-विजय ने भगवान विष्णु को सास वृत्तांत सुनाया और प्रार्थना करते हुए कहा,'प्रभु हम पर दया करें। हमें शाप मुक्त करें।' भगवान विष्णु ने कहा, 'यह मेरे वश में नहीं है। ये चारों मुनि कुमार ही तुम्हें इस शाप से मुक्त कर सकते हैं।' मुनि कुमारों को दोनों द्वारपालों पर दया आ गई। उन्होंने जय-विजय से पूछा, 'आप सौ योनियों में जन्म लेकर भगवान विष्णु के भक्त बनकर जीने के बाद शाप मुक्त होना चाहेंगे या फिर तीन योनियों में भगवान के शत्रु बनकर जीने के बाद मुक्त होना चाहेंगे। दोनों ने कहा, 'सौ जन्म भगवान से दूर रहने की बजाय हम तीन जन्मों का ही चयन करेंगे।'जय और विजय ने असुरों के रूप में पहली योनि में हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकशिपु, दूसरी योनि में कुंभकर्ण एवं रावण और तीसरी योनि में शिशुपाल तथा दंतवक्र के रूप में जन्म लिया। भगवान विष्णु ने नरसिंह, राम तथा कृष्ण का अवतार धारण कर उनका संहार कर शाप से मुक्ति दिलाई।


## आपकी इच्छाशक्ति में सफलता का बीज



संकलित
**प्रेरणा**

दुर्बल इच्छाशक्ति एक सीमित इच्छाशक्ति है। जैसे ही कठिनाइयां और असफलताएं उसे नष्ट कर देती हैं, अनंत शक्ति के स्रोत से उसका संबंध टूट जाता है। अच्छे उद्देश्य के लिए इच्छाशक्ति के पीछे ईश्वर की इच्छाशक्ति होती है, जो कभी विफल नहीं हो सकती। यहां तक कि ईश्वर की इच्छाशक्ति को रोकने की शक्ति मृत्यु में भी नहीं है। जिस प्रार्थना के पीछे अनवरत इच्छाशक्ति हो, उस प्रार्थना का उत्तर प्रभु अवश्य देंगे। अधिकांश लोग जब कुछ ऐसा पाने की कोशिश कर रहे होते हैं, जिसका उनके लिए बहुत महत्व है, तो वे अत्यधिक अशांत या तनावग्रस्त हो जाते हैं। अधीर और अशांत कार्य ईश्वर की शक्ति को आकर्षित नहीं करते, परंतु इच्छाशक्ति का निरंतर शांत, शक्तिपूर्ण प्रयोग सृष्टि की शक्तियों को झकझोर देता है और अनंत से उत्तर प्राप्त करता है। आप जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसकी सफलता का बीज आपकी इच्छाशक्ति में है। कठिनाइयों से बुरी तरह आहत हुई इच्छाशक्ति थोड़े समय के लिए पंगु हो जाती है, परंतु जो कृतसंकल्प मनुष्य यह कहता है, 'मेरा शरीर भले ही टूट जाए, परंतु इच्छाशक्ति रूपी मेरा सिर झुक नहीं सकता।' वह इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करता है। इच्छाशक्ति ही आपको दिव्य बनाती है। जब आप उस इच्छाशक्ति का प्रयोग करना बंद कर देते हैं, तो आप नश्वर मानव बन जाते हैं। बहुत-से लोग कहते हैं कि हमें अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग परिस्थितियों को बदलने के लिए नहीं करना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *- रमेश कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# ईरान में आसान नहीं होगा सत्ता परिवर्तन

ईरान में गूंजे धमाकों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ सैन्य दबाव है या ईरान में सत्ता परिवर्तन की शुरुआत। इन हमलों के पैमाने से आपको क्या संकेत मिलता है? मुझे लगता है कि इन बड़े हमलों और क्षेत्र में कई हफ्तों से तैनात जहाजों तथा कुछ सैनिकों के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहा है। मेरा अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक और हमले हो सकते हैं। शुरुआत में वे उस पारंपरिक रणनीति को अपनाएंगे, जिसमें सेना के कमांड और नियंत्रण प्रणाली यानी सैन्य नियंत्रण के मुख्य केंद्रों को निशाना बनाया जाता है। मीडिया में आ रही खबरों से हमें पहले ही पता लग गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आवास पर हमला किया गया है। इसमें उनकी मौत हो गई है। यहां अमेरिका की रणनीतिक अंतिम योजना क्या है? सत्ता परिवर्तन करना आसान नहीं होगा। आज ट्रंप ने ईरानी जनता से सरकार को गिराने की अपील की है लेकिन यह बहुत कठिन काम है। बिना हथियारों के लोग उस शासन को मुश्किल गिरा पाएंगे जो बहुत कड़े नियंत्रण में है और जिसके पास भारी हथियार हैं।



## ऑफ बीट

# विकसित भारत 2047 युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालयों व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## X ट्रेंड

### अहम भूमिका निभाएगा तमिलनाडु



तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ममता को हटाना चाह रही जनता



तृणमूल पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी में बदलाव कर इसे 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाना चाहती है। राज्य का हर सही सोच रखने वाला नागरिक अब अपनी सुरक्षा और अस्तित्व के लिए ममता बनर्जी की इस सरकार को हटाना चाहता है। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय मंत्री

### पिंक कार्ड से फ्री यात्रा



पिंक कार्ड से दिल्ली की महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही इसका उपयोग मेट्रो, क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सशुल्क यात्रा के लिए भी किया जा सकेगा। **-रेखा गुप्ता,** सीएम, दिल्ली

### पीएम को देश मतलब नहीं



भाजपा ने एक साल के शासन में राष्ट्रीय राजधानी को बर्बाद कर दिया। यहां की सड़कें टूटी हुई हैं, पानी भी दूषित है और वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री का देश से कोई मतलब नहीं है। **-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, दिल्ली

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खामेनेई की हत्या पर लखनऊ में शिया मुसलमानों ने किया विरोध प्रदर्शन

# फूट-फूटकर रोए लोग, कैंडल मार्च निकालेंगे, 3 दिन शोक मनाएंगे

## इमाम ईदगाह ने कहा कि इजराइल और यूएस ने स्वतंत्र देश पर हमला किया, स्कूलों को भी नहीं छोड़ा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में रविवार को सुबह शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इस्राइल और यूएस ने मिलकर एक स्वतंत्र देश ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ़ अब्बास नक़वी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता थे। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि इस्राइल और यूएस ने किस तरह दहशतगर्दी फैलाई है।


खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते लोग

### प्रतिष्ठान बंद रख श्रद्धांजलि अर्पित की

आयतुल्ला ख़ामेनई की शहादत पर घोषित 3 दिवसीय शोक के तहत शिया समुदाय के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस संबंध में मौलाना कल्बे जवाद ने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत परस्त लोगों से शोक में शामिल होने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि रविवार रात 8 बजे छोटे इमामबाड़े में शोकसभा आयोजित की गई, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला गया।

### उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी

लखनऊ में भी शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह बैठक में सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।



### ओखला विहार में अमेरिका और इजराइल पर फूटा गुस्सा | लोगों ने की नारेबाजी, भारी पुलिस बल तैनात रहा

**नई दिल्ली।** ईरान पर इजराइली और अमेरिका ने मिलकर हमला किया। जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। दिल्ली के जामियानगर इलाके के ओखला विहार में शिया समुदाय के करीब 100 से 150 लोग इकट्ठा हुए। इन लोगों ने अमेरिका ओर इजराइली के खिलाफ नारेबाजी की।



### 'इजराइल मुर्दाबाद अमेरिका मुर्दाबाद'

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ जमकर नारे लगाए। इजराइल मुर्दाबाद और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। कई लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर विरोध के संदेश लिखे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे ईरान के साथ हैं।

## खबर संक्षेप

### अविमुक्तेश्वरानंद के बचाव में उतरे सदानंद



**मथुरा।** द्वारिका शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर लगे आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। सनातन धर्म के आचार्यों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वे गोहत्या जैसे मुद्दों को उठाते हैं।

### सीतापुर में 13 शिक्षकों को किया बर्खास्त



**सीतापुर।** यहां 13 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। सभी फर्जी प्रपत्र लगाकर नौकरी कर रहे थे। वर्ष 2024 में तैनाती मिली थी। सत्यापन के बाद शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था। ये टीईटी का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी कर रहे थे। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### हिंदू बन श्मशाद ने 200 लोगों से की डेढ़ करोड़ की ठगी



**गोंडा।** रूस भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर दस जिलों के 200 लोगों से करीब डेढ़ करोड़ की ठगी करने के मुख्य आरोपित शमशाद उर्फ विवेक को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह बिहार जिले के चंपारण का रहने वाला है। शमशाद ने हिंदू बन लोगों को ठगी के जाल में फंसाया है। पुलिस छापेमारी कर रही है।

### 6 लोग जहरीली गैस का शिकार, 3 की मौत



**हाजीपुर।** सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनवरपुर गांव में शौचालय के टंकी के गैस से आधा दर्जन से अधिक लोग मूर्छित हो गए। डॉक्टर ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया।मौके पर अफरातफरी मच गई। सराय थाना की पुलिस ने लोगों की मदद से सभी को आनन-फानन सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

## पीएम मोदी ने 2 राज्यों को दी करोड़ों की सौगात, परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# कनेक्टिविटी में आएगी क्रांति, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार बढ़ेंगे और लोगों का जीवन बदलेगा


मदुरै में पूजन करते पीएम मोदी

**तमिलनाडु में दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी**

पीएम मोदी ने कहा- एक दशक में रेल और सड़क मार्गों में हुआ ऐतिहासिक परिवर्तन

एजेंसी ▶▶ मदुरै

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में एक सभा को संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है, जिसका प्रभाव विशेष रूप से तमिलनाडु में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में रेलवे बजट आवंटन में 9 गुना वृद्धि हुई है। 1300 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, 97 फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया गया है और सैकड़ों फ्लाईओवर व अंडरपास का निर्माण किया गया है, जिससे सुरक्षा और दक्षता में सुधार हुआ है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत सरकार ने तमिलनाडु के राजमार्ग नेटवर्क में भारी निवेश किया है। 2014 से यहां 4,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगा और कृषि उपज तथा समुद्री उत्पादों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करेगा।

### 1300 किमी रेल लाइनों, 97 फीसदी विद्युतीकरण और 4,000 किमी से अधिक राजमार्गों के निर्माण से लोगों की यात्रा सुगम व सुचारू होगी



### 4,400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुल मिलाकर, 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में क्रांति आएगी, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार सृजित होंगे और लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन आएगा। इससे किसानों को बाजार तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़कें मिलेंगी, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की यात्रा आसान होगी, और व्यवसायों के लिए परिवहन तेज होगा।

### पीएम मोदी ने इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- एनएच मार्गों के मराक्कनम-पुडुचेरी, परमकुडी - रामनाथपुरम खंडों को 4-लेन बनाने की आधारशिला रखी।
- 3 नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। 8 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया।

## 2,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, 'बीईएसटी पुडुचेरी'

### पुडुचेरी को दी बड़ी सौगात



प्रधानमंत्री ने रविवार को पुडुचेरी में 2,700 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल ग्रोथ को गति देने वाले प्रेजेक्ट थे।

### एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी

पीएम मोदी ने कहा कि पुडुचेरी ने प्रति व्यक्ति आय में शानदार बढ़ोतरी दिखाई है। इसने देश में सबसे ज्यादा सामाजिक प्रगति सूचकांक स्कोर भी हासिल किया है। एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी।

### नए भवनों और छात्रावासों का लोकार्पण किया

पीएम मोदी ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और गंगा हॉस्टल, क्षेत्रीय कैंसर केंद्र का लोकार्पण किया।

### करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया

उन्होंने 750 एकड़ में फैले करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने व जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार के उद्देश्य से अलग-अलग जल आपूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

## मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस आज से

# भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे सिंधिया, भारत पैवेलियन शुरू करेंगे




**नई दिल्ली।** स्पेन के बार्सिलोना में 2 से 5 मार्च तक होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2026 में भारत की भागीदारी का नेतृत्व करेंगे। एमडब्ल्यूसी दुनिया के सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रभावशाली टेक्नोलॉजी और मोबाइल सम्मेलनों में से एक है। संचार मंत्री अपनी यात्रा के दौरान एमडब्ल्यूसी 2026 में भारत पैवेलियन का उद्घाटन भी करेंगे। यह पैवेलियन भारत की बढ़ती दूरसंचार निर्माण क्षमताओं और नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करने के लिए वैश्विक मंच मुहैया कराएगा। भारत की मेजबानी में आयोजित सीईओ डिनर में वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करेंगे जिनमें सहभागी नवोन्मेष और भरोसेमंद साझीदारियों के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया जाएगा। वह प्रमुख वैश्विक और भारतीय कंपनियों के बूथों और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों में भी जाएंगे।

### सत्र का मंत्र 'भविष्य के लिए निर्माण'

सिंधिया मुख्य मंच के सत्र 'भविष्य के लिए निर्माण' के दौरान जीएसएमए मंत्रिस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसमें वैश्विक नेता डिजिटल अवसंरचना और उभरते प्रौद्योगिकी फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। ज सिंधिया जीएसएमए मंत्रिस्तरीय मंच पर 'ब्रेकिंग द कॉस्ट बैरियर' विषय पर सत्र में मुख्य समापन भाषण देंगे। यह सेशन दुनिया के लिए किफायती, समावेशी और मापनीय डिजिटल कनेक्टिविटी मॉडलों पर केंद्रित होगा। वह इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 की पूर्व-प्रस्तुति का भी अनावरण करेंगे। आईएमसी की विशेषताओं पर प्रकाश डालेंगे।

## पेंट करने वाला प्लांट आग की चपेट में आया | अलवर की फैक्ट्री में जिंदा जलने से बचे 30 मजदूर

एजेंसी ▶▶ अलवर

अलवर में ट्रक-बस बनाने वाली कंपनी अशोक लीलैंड के प्लांट में आग लग गई। फैक्ट्री के जिस हिस्से में आग लगी वहां 30 से ज्यादा वर्कर काम कर रहे थे। प्लांट के इस एरिया में ट्रक-बसों पर पेंट किया जाता है। आग भड़कने के कुछ मिनटों में ही लोगों को बाहर निकाल दिया गया था। हादसा शनिवार रात करीब 10.30 बजे मत्स्य इंडिसट्रियल एरिया में हुआ। करीब एक से डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। फकर्मचारियों ने बताया कि प्लांट के गेट नंबर दो पर कुछ हिस्से में अचानक आग लगी थी। कुछ मिनटों बाद आग की लपटें 300 मीटर दूर तक से भी दिखाई दे रही थीं। आग के कारणों को लेकर अभी कुछ जानकारी सामने नहीं आई है।



### 30 लाख से ज्यादा का नुकसान

अलवर के फायर ऑफिसर अमित मीणा ने बताया- प्लांट के जिस हिस्से में आग लगी, उसके पास ही बसों और ट्रकों की कई चेचिस रखी हुई थी। हालांकि आग इस हिस्से तक नहीं आई। वहीं, अनुमान है कि आग से करीब 30 लाख रुपए का नुकसान हो गया।

## तेलंगाना सरकार ने आईएएस अरविंद कुमार को सस्पेंड किया



**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने फॉर्मूला-ई कार रेस से जुड़े आरोपों के बीच आईएएस ऑफिसर अरविंद कुमार को सस्पेंड कर दिया है। केंद्र ने अरविंद पर केस चलाने की इजाज़त पहले ही दे दी है।यह सस्पेंशन करप्शन, पावर का गलत इस्तेमाल, लापरवाही और सरकारी आदेशों के उल्लंघन के आरोपों की वजह से डिपार्टमेंटल डिसिप्लिनरी एक्शन का हिस्सा है। यह सस्पेंशन जांच पूरी होने तक जारी रहेगा। एक क्रिमिनल केस दर्ज किया गया है, और एंटी-करप्शन ब्यूरो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करके मामले की जांच कर रहा है।सरकार, जिसने हाल ही में आईएएस ट्रांसफर प्रोसेस के दौरान अरविंद कुमार को वेटिंग लिस्ट में रखा था, ने एक्शन लेने के बाद केंद्र को उनके सस्पेंशन की जानकारी दी।

## शादी के बाद तिरुपति पहुंचे रश्मिका-विजय



**भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया**

तिरुपति। 26 फरवरी को रश्मिका मांदाना और विजय देवकोंडा ने उदयपुर में शादी कर ली है। पति-पत्नी बन चुके रश्मिका-विजय ने रविवार को आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला पहाड़ियों पर स्थित तिरुपति बालाजी (वेंकटेश्वर स्वामी) मंदिर के दर्शन कर नए शादीशुदा जीवन के लिए आशीर्वाद लिया है।उनका यह वीडियो फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

## केजरीवाल ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर किया रैली को संबोधित

## प्रधानमंत्री और देश के गृहमंत्री पर लगाए आरोप | भाजपा के सत्ता से हटने की उल्टी गिनती हो चुकी शुरू,अब मेरी ईमानदारी हो गई साबित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शराब घोटाला केस में दिल्ली की एक कोर्ट से बरी होने के 48 घंटे बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला किया और दावा किया कि भाजपा के सत्ता से हटने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जंतर-मंतर पर रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने प्रधानमंत्री और शाह पर एक्साइज पॉलिसी केस में उन्हें फंसाने की साजिश करने का आरोप लगाया। कोर्ट ने साबित कर दिया कि वह कट्टर ईमानदार (कट्टर ईमानदार व्यक्ति) थे।

### प्रधानमंत्री सबसे डर रहे, संसद नहीं गए

कई राज्यों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री सबसे डरते हैं और कहा कि जब कोई तानाशाह डरता है, तो यह उसके राज के अंत का संकेत होता है। उन्होंने सोनम वांगचुक को जेल भेज दिया, जो एक बड़े साइंटिस्ट हैं और बच्चों की पढ़ाई के लिए काम करते हैं। पीएम मोदी एक दिन भी पार्लियामेंट नहीं गए, उन्हें डर था कि महिला सांसद उन पर हमला कर देंगी। वह ट्रंप से भी डरते हैं। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि देश में भाजपा के 12 साल के राज में सभी सेक्टर बर्बाद हो गए और सड़कों, हेल्थकेयर, शिक्षा और सफाई वगैरह की हालत खराब हो गई।



## बंगाल की सड़कों पर भाजपा ने शुरू किया 5,000 किमी लंबा शक्ति प्रदर्शन

# सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी, 280 जनसभाएं होंगी

### यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच भाजपा ने रविवार से राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा' की शुरुआत कर दी है। पार्टी इस अभियान के जरिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के खिलाफ जनमत को संगठित करने, जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और चुनाव से पहले व्यापक जनसंपर्क स्थापित करने की रणनीति पर काम कर रही है। परिवर्तन यात्रा करीब 5,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। इस दौरान 63 बड़ी सार्वजनिक सभाएं और 280 जनसभाएं आयोजित की जाएंगी।

**राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा'**


रैली को हरी झंडी दिखाते जेपी नड्डा

### 9 स्थानों से एक साथ शुरुआत की, 63 सभाएं भी होंगी

पार्टी का दावा है कि इस यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल को एक बड़े पैमाने पर लोगों से जुड़ने, अभियान और संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा दोनों के रूप में तैयार किया गया है, ताकि बूथ स्तर की तैयारी को बड़े जनसमर्थन में बदला जा सके। परिवर्तन यात्रा राज्य के 9 अलग-अलग स्थानों कूचबिहार, कृष्णानगर, कुल्टी, गरबेटा, रैदिघी, इस्लामपुर, हसनाबाद, संदेशखाली और आमता से शुरू हुई है। कृष्णानगर के दिगनगर पंचायत मैदान, सर्वमंगला मंदिर में सभा की।

भाजपा अध्यक्ष नबीन का आरोप

### ममता दीदी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में की घुसपैठियों की मदद

बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा ने रासमेला मठ,कूचबिहार से परिवर्तन यात्रा शुरू की है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नबीन ने टीएमसी और सूबे की मुखिया ममता बेनर्जी पर निशाना साधा।



# महासंग्राम से 'महासंकट की दस्तक'

**एआई की नजर में जंग की विभीषिकाः** हरिभूमि ने एआई से मिडिल ईस्ट की जंग से के भविष्य की तस्वीर बनवाई। जिसके परिणाम बेहद डरावने है,पहली तस्वीर में हाहाकार और दूसरी में सर्वनाश दिखाया है

*ईरान,अमेरिका और इजराइल की यह जंग लंबे समय तक चलती है तो दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां होंगी। हरिभूमि अपने पाठकों को इनसे रूबरू कराने का प्रयास कर रहा है।*

**1** जलडमरूमध्य बंद होने से कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित होगी और कीमतें बढ़ेगी

**2** विमानों ने पिछले 24 घंटों में ईरान में अलग-अलग जगहों पर 1,200 से अधिक हथियार गिराए

**3** ईरान बीते 47 वर्षों से लगातार अमेरिका को मौत का नारा देकर लगातार भड़का रहा था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच मौजूदा सैन्य संघर्ष ने दुनिया को एक अभूतपूर्व वैश्विक संकट के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका के 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और इजराइल के 'लायन्स रोर' के तहत ईरान पर हुए हमलों के बाद स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। इसका सबसे बड़ा संकट वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर मंडरा रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का लगभग 20-30% तेल गुजरता है, ईरान द्वारा बंद किए जाने की धमकी से कच्चे तेल की कीमतें 100 प्रति बैरल डॉलर के पार जाने का जोखिम है। भारत जैसे देशों के लिए यह 'दोहरी मार' है, क्योंकि भारत की तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से आता है और शिपिंग लागत पहले ही 50% तक बढ़ चुकी है।

सामरिक दृष्टि से, यह केवल तीन देशों की जंग नहीं रही, बल्कि इसमें लेबनान (हिजबुल्ला), यमन (हुथी) और इराक के मिलिशिया गुटों के शामिल होने से पूरा मध्य-पूर्व 'प्रॉक्सी वॉर' की आग में झुलस रहा है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो यह वैश्विक मंदी, शरणार्थी संकट और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक ध्रुवीकरण (जैसे रूस-चीन की भूमिका) का कारण बन सकता है, जो विश्व शांति के लिए सीधा खतरा है। मतलब साफ है कि महासंग्राम से महासंकट की दस्तक मानी जा रही है।

## इजराइल ने बताई हमले की पूरी कहानी, वीडियो भी जारी किया

सबसे पहले बात करते हैं खामेनेई और उनके ठिकाने को कैसे निशाना बनाया गया। आईडीएफ ने रविवार को दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मध्य तेहरान में उनके नेतृत्व परिसर के भीतर मार गिराया गया। आईडीएफ ने दावा किया कि यह कार्रवाई इसराइल के खिलाफ दशकों से जारी आतंक के एक लंबे अध्याय का अंत है। खामेनेई को अमेरिका और इसराइलकी संयुक्त कार्रवाई में मार दिया गया। इसे 46 साल के धर्मशासन में एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है। वहीं, तेहरान की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया के कई हिस्सों में तनाव और संघर्ष बढ़ गया है। अपने आधिकारिक बयान में आईडीएफ ने हमले की परिस्थितियों का विवरण दिया और कहा, वायु सेना सैन्य खुफिया की सटीक जानकारी के आधार पर और सैन्य खुफिया के सहयोग से मध्य तेहरान में उस नेतृत्व परिसर पर हमला किया, जहां खामेनेई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ठहरे हुए थे। आईडीएफ ने इस परिसर पर हमले का एक वीडियो भी जारी किया है। इजराइल सेना ने खामेनेई को 1989 से ईरान के तथाकथित 'आतंकी शासन' का प्रमुख बताया था और उन पर इजराइल व पश्चिमी देशों के खिलाफ चरमपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उसने यह भी आरोप लगाया कि खामेनेई वर्षों तक ईरानी नागरिकों के दमन के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे। आईडीएफ ने कहा, खामेनेई इजराइल को खत्म करने की योजना के जनक और 'ईरानी ऑक्टोपस' के प्रमुख थे। उन्होंने अपने हाथ पूरे पश्चिम एशिया और इस्राइल की सीमाओं तक फैलाए, जिनका नेतृत्व आतंकी संगठन हिजबुल्ला कर रहा था। शासन के नेता (खामेनेई) इजराइल पर आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार थे और दुनियाभर में कई नागरिकों के खून के जिम्मेदार थे। इससे पहले रविवार को आईडीएफ ने घोषणा की थी कि इजराइली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने पिछले 24 घंटों में ईरान में अलग-अलग जगहों पर 1,200 से अधिक हथियार गिराए हैं। इजराइल सेना के मुताबिक, इस सैन्य अभियान में सैकड़ों ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और वायु रक्षा प्रणालियां शामिल थीं।

## ईरान ने की राष्ट्रपति ट्रंप को मारने की कोशिशः अमेरिका



अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मौत हो गई है। कल तड़के सुबह इजराइल ने ईरान के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। ये हमले ईरान के मिलिट्री बेस, एयरफील्ड और सरकारी स्थानों को निशाना बनाकर किए गए। रविवार भी ईरान में हमलों का दौर जारी है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका ने बड़ा दावा किया। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरानी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीधे और प्रॉक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की। यूएन सुरक्षा परिषद में माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान 47 वर्षों से लगातार 'अमेरिका को मौत' का नारा दे रहा है और इजराइल को समाप्त करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ हमले करने, यूएन चार्टर का उल्लंघन करने और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। वॉल्ट्ज ने कहा कि ईरान ने ट्रंप को मारने के प्रयास किए और खुद को पीड़ित बताते हुए अपनी कार्रवाइयों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की गतिविधियां अमेरिका, उसके सैनिकों, बेस, सहयोगियों और दुनिया भर के पार्टनर्स के लिए खतरा हैं।

### संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का बचाव

अमेरिकी-इस्राइल ऑपरेशन को लेकर अमेरिका ने यूएनएससी में कहा कि यह यूएन चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत, देश और उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैध कदम है। वाल्ट्ज ने यह भी बताया कि ईरानी लोग इन हमलों पर शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि जश्न मना रहे हैं।

## डराने वाले 10 तरह के संकट

- **ऊर्जा संकट :** हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल
- **वैश्विक मुद्रास्फीति :** ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ेगी, जिससे दुनिया भर में खाद्य और आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे
- **शिपिंग और व्यापार :** समुद्री मार्ग असुरक्षित होने से शिपिंग इंश्योरेंस और माल ढुलाई के समय में भारी वृद्धि
- **प्रॉक्सी वॉर का विस्तार :** हिजबुल्ला और हुथी विद्रोहियों द्वारा इजराइल व अमेरिकी ठिकानों पर हमलों में तेजी
- **क्षेत्रीय अस्थिरता :** यूएई, सऊदी अरब और कतर जैसे खाड़ी देशों के तेल बुनियादी ढांचों पर हमले का खतरा
- **परमाणु खतरा :** ईरान के परमाणु कार्यक्रमों पर सीधे हमलों से परमाणु प्रसार की नई होड़ या रेडियोधर्मी जोखिम
- **भारत पर प्रभाव :** 88% तेल आयात पर निर्भर भारत के लिए चालू खाता घाटा बढ़ने और रुपये के कमजोर होने का संकट
- **निवेश को झटका :** इजराइल में काम कर रही भारतीय कंपनियों (जैसे अडानी का हाइफा पोर्ट) के बिजनेस पर संकट
- **शरणार्थी समस्या :** मध्य-पूर्व में व्यापक युद्ध से यूरोप और पड़ोसी देशों की ओर बड़े पैमाने पर पलायन
- **राजनयिक ध्रुवीकरण :** रूस, चीन और पश्चिमी देशों के बीच तनाव बढ़ने से 'शीत युद्ध' जैसी स्थिति का फिर से पैदा होना

## निर्यातकों के सामने ये भी चिंताएं

### संकट का दिखा असर, चिंता में भारत के चावल निर्यातक, शिपमेंट अटके

**पेमेंट में भी देरी ने बढ़ाई चिंता इसके अलावा निर्यात भी घट रहा है**



ईरान वॉर टेंशन का असर दिखने लगा है। मिडिल ईस्ट में बढ़ी इस टेंशन का असर भारतीय चावल निर्यातकों पर दिखने लगा है और एक्सपोर्टर शिपमेंट में रुकावट और पेमेंट में देरी का सामना करने को मजबूर हो रहे हैं। पहले से ही इस जंग का आशंका के बीच परेशानियां बढ़ती नजर आने लगी थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, हरियाणा में चावल एक्सपोर्टर ईरान पर अमेरिका और इज़राइली के हमलों के बाद ईरान और अफगानिस्तान जाने वाले शिपमेंट में पेमेंट में देरी और रुकावट का सामना कर रहे हैं। राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के स्टेट यूनिट प्रेसिडेंट सुशील कुमार जैन ने कहा कि इस जंग का चावल के ट्रेड पर असर शुरू हो चुका है। जो शिपमेंट ईरान या ईरान के सबसे बड़े पोर्ट बंदर अब्बास के रास्ते अफगानिस्तान जा रहे थे, वे अटक गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हालात ठीक नहीं हो जाते, ये शिपमेंट रुके रहेंगे और इसका असर मार्केट पर पड़ेगा, जिससे पेमेंट में भी देरी हो सकती है. हालांकि, जैन के मुताबिक, इसके पूरे असर का अंदाजा लगाना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि लड़ाई कितने समय तक चलती है। भारत के कुल सालाना चावल निर्यात में करीब 35 फीसदी हिस्सा हरियाणा से होता है. करनाल के एक राइस मिलर नीरज कुमार की मानें, तो शनिवार से लड़ाई शुरू होने के बाद अनिश्चितता की स्थिति है। एक दिन के अंदर व्यापार पर असर दिखा है, जिससे बासमती के रेट में लगभग 4-5 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है और ये 400-500 रुपए प्रति क्विंटल होती है। उन्होंने बताया कि ऐसा ही असर बीते साल जून 2025 में ईरान-इजराइल संघर्ष के दौरान दिखा था।एक्सपोर्टर युद्ध के दौरान जहाजों के लिए इंश्योरेंस कवरेज की कमी को लेकर भी परेशान हैं, जिससे उनका रिस्क बढ़ जाता है. सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल मार्केट है. भारत ने मार्च में खत्म हुए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के दौरान ईरान को लगभग 1 मिलियन टन खुशबूदार अनाज एक्सपोर्ट किया था। इस दौरान लगभग 6 मिलियन टन बासमती चावल का निर्यात किया गया था, जिसकी डिमांड मुख्य रूप से मिडिल ईस्ट और वेस्ट एशियन मार्केट से आई थी।

### होर्मुज स्ट्रेट के दोनों ओर 150 जहाज फंसे

शिपिंग डेटा के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट के दोनों ओर सैकड़ों जहाज रुक गए हैं। कम से कम 150 टैंकर जिनमें कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ले जाने वाले जहाज शामिल हैं। जलडमरूमध्य से आगे खाड़ी के खुले समुद्र में लंगर डाले खड़े हैं। इसके अलावा, इस समुद्री मार्ग के दूसरी ओर भी दर्जनों जहाज स्थिर स्थिति में हैं।

## ब्रिटेन ने दी चेतावनी कहा- जवाब देंगे

# बिना सोचे-समझे... ईरान ने यूके के बेस साइप्रस पर दागे दो मिसाइल



मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने साइप्रस की दिशा में दो मिसाइल दागे हैं। साइप्रस में ब्रिटेन के सैन्य अड्डे मौजूद हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि ये मिसाइल सीधे ब्रिटिश ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागे गए थे, लेकिन इससे यह साफ होता है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई बिना भेदभाव के हो रही है। बातचीत में जॉन हीली ने यह भी बताया कि बहरीन में तैनात करीब 300 ब्रिटिश सैनिक मिसाइल हमलों के काफी नजदीक थे। कुछ सैनिक हमले वाली जगह से कुछ सौ गज की दूरी पर मौजूद थे। एक दिन पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा था कि मिडिल ईस्ट में रक्षा के लिए ब्रिटिश लड़ाकू विमान तैनात कर दिए गए हैं, जो जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करेंगे। रक्षा मंत्री ने ईरान से अपील की कि वह अपने अनियंत्रित और बिना भेदभाव वाले हमले बंद करे और अपने हथियार कार्यक्रमों को छोड़ दे। उन्होंने कहा कि हालात और ज्यादा बिगड़ सकते हैं, इसलिए क्षेत्रीय स्थिरता जरूरी है। यह तनाव उस समय बढ़ा है जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर कई मिसाइल हमले किए। इन हमलों में ईरान के सैन्य ठिकानों और शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाया गया। हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत की भी खबर है। जॉन हीली ने कहा कि आयतुल्लाह की मौत पर बहुत कम लोग शोक मनाएंगे, लेकिन उन्हें इस पूरे घटनाक्रम के क्षेत्रीय असर की ज्यादा चिंता है।उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि क्या ब्रिटेन सीधे सैन्य कार्रवाई में शामिल होगा। फिलहाल, कतर और साइप्रस से उड़ान भरने वाले ब्रिटिश विमान वहां की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। अगर हवा में रहते हुए उन्हें किसी अन्य देश की ओर बढ़ते मिसाइल या ड्रोन दिखते हैं, तो वे उन्हें भी गिरा सकते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान पर ब्रिटेन की सड़कों पर 20 आतंकी साजिशें रचने, अपने ही नागरिकों की मौतों और रूस को 50 हजार ड्रोन देने जैसे गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। हालांकि, उन्होंने अमेरिका और इजरायल के हमलों की कानूनी स्थिति पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी व्याख्या अमेरिका को करनी चाहिए। लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि ब्रिटेन जो भी करता है, वह अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत करता है।

## जंग का असरः आगे की परीक्षाओं पर निर्णय तीन मार्च को,

# जंग के बीच पश्चिम एशिया में सीबीएसई की परीक्षा रद्द

सीबीएसई ने मध्य पूर्व क्षेत्र में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए नई तिथियां तय की हैं। 2 मार्च 2026 को निर्धारित परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में सीबीएसई संबद्ध स्कूलों की परीक्षाएं टाली गई हैं। बोर्ड ने 3 मार्च को बैठक कर 5 मार्च से आगे की परीक्षाओं पर फैसला लेने का ऐलान किया है। संशोधित तिथियां जल्द ही घोषित की जाएंगी, छात्र अपने स्कूलों से अपडेट ले सकते हैं। यह निर्णय मध्य पूर्व के तनावपूर्ण हालात के कारण लिया गया है। छात्र चिंता न करें और नियमित पढ़ाई जारी रखें। बोर्ड सभी आधिकारिक घोषणाएं स्कूलों के माध्यम से करेगा।दूसरी ओर सोशल मीडिया पर एक फर्जी नोटिस भी वायरल हो रहा है। इस कथित सर्कुलर में दावा किया गया है कि कुछ देशों में असामान्य वैश्विक हालात और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण पैदा हुई बाधाओं तथा छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं।हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय की ओर से ट्वीट कर इस वायरल सर्कुलर को गलत बताया गया। बोर्ड ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों से सतर्क रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। परीक्षाएं तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी।

# ईरानी सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, चार की मौत



अमेरीका इसराइल के ईरान के साथ युद्ध के बीच सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार 4 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में पायलट भी शामिल है और हेलीकॉप्टर में नीचे गिरते ही आग लग गई थी। इसके बाद शवों को कब्जे में ले लिया गया। हेलीकॉप्टर रिहायशी इलाके में एक सब्जी मार्केट में गिरा था।

जिससे कई दुकानें भी जलकर राख हो गईं। ईरान के सरकारी मीडिया की माने तो, राजधानी तेहरान से करीब 330 किलोमीटर दूर दक्षिणी इलाके में टेक्निकल प्रॉब्लम के कारण हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ। हेलीकॉप्टर भीड़ बाली मार्केट मे गिरा लेकिन यह खाली थी। क्योंकि इजराइल और अमेरिका के हमले के चलते मार्केट खाली करवाई गई थी।हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ और हादसे में मरने वालों में पायलट, को-पायलट और 2 सब्जी विक्रेता शामिल हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही ईरान के सैन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर मलबे को जब्त किया। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसा होने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

## वेस्ट एशिया संकटः मप्र के 700 से ज्यादा यात्री यूएई में फंसे

# किसी ने कहा- दवा खत्म हुई तो किसी ने कहा हम परीक्षा नहीं दे पाएंगे





जंग से मिडिल ईस्ट में हालात बिगड़ने लगे हैं, जिसका असर अब पंजाब के लोगों पर भी दिख रहा है। एयरस्पेस बंद होने से संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई पंजाबी यात्री फंस गए हैं। बठिंडा की प्रिंसिपल नीरू गर्ग ने एयरपोर्ट से वीडियो जारी कर बताया कि उनके पास बीपी और शुगर जैसी जरूरी दवाइयां खत्म हो चुकी हैं और हालात लगातार मुश्किल होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत सरकार से मदद की अपील की थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रबंध नहीं हुआ। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच उड़ानों के रद्द होने से मध्य प्रदेश के 700 से ज्यादा लोग संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में फंस गए हैं। रविवार को ट्रैवल एजेंट्स संगठन ने बताया कि फंसे लोगों में म प्रके दो पूर्व विधायक भी शामिल हैं।

**कहां कितने भारतीय फंसे**

- ईरान में फंसे छात्रः 1,200
- हवाई अड्डों पर फंसे यात्रीः 400
- पूरे खाड़ी में: लगभग 80 लाख

## कथा सुनाने गए पंडितजी दुबई में फंसे



ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण जोधपुर के 120 श्रद्धालु दुबई में फंस गए हैं। ये सभी लोग बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत अमृतराम महाराज की कथा सुनने के लिए दुबई गए थे। महाराज की 24 से 28 फरवरी तक दुबई में कथा थी, जो सेवन सीज होटल में थी। सभी लोग 23 फरवरी को दुबई गए थे। वहीं कथा 28 फरवरी को खत्म हुई तो वे वापस आने वाले थे। जोधपुर के मंडोर और सूरसागर के माली समाज के करीब 100 लोग शामिल होने गए थे। कथा शनिवार को समाप्त होने के बाद सभी आबुधाबी एयरपोर्ट पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद उन्हें उड़ान रद्द होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने उन लोगों को वापस होटल भेज दिया। वहीं दुबई में फंसे लोगों ने केंद्रीय सरकार से तत्काल मदद की मांग की है।

## बॉलीवुड के कई सितारे फंसे,पीएम से गुहार



दुबई में इस वक्त कई बॉलीवुड और फिल्मी जगत के सितारे फंसे हुए हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें वापस घर पहुंचाने की अपील की थी। वहीं, ईशा गुप्ता ने भी बताया कि वो यूएई में हैं लेकिन वहां की डिफेंस सिस्टम के कारण सुरक्षित हैं। खुद को फिल्म क्रिटिक कहने वाले कमाल आर खान भी दुबई में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने एक्स पर इस गंभीर स्थिति में रहने पर रिएक्ट किया है। केआरके ने लिखा है कि दुबई में मिसाइलों और ड्रोन के धमाकों की तेज आवाज के कारण मेरा परिवार पूरी रात सो नहीं पाया। शहर के लिए यह बहुत ही खतरनाक स्थिति है।

# हजारों साल पहले गुम हुआ रहस्यमयी पर्वत समुद्र की गहराइयों में मिला

वैज्ञानिकों ने एक बड़ी खोज की है। दरअसल प्रंशात महासागर के विशाल पर्वत मिला है, टीम के लिए के बड़ी खोज हैं। अमेरिकी सरकारी एजेंसी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन की टीम ने प्रशांत महासागर में एक बड़ी खोज की है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। जो महासागर की एक दुर्लभ खोजों में एक बताई जा रही है।

इस खोज में टीम को एक पहाड़ मिला है जो पलाऊ के उत्तर में प्रशांत महासागर में एक बड़ा रॉकी पहाड़ समुद्र के नीचे मौजूद है। इसके साथ ही अब आखिरकार उसका नक्शा भी मिल गया है। इसका शिखर सतह से लगभग 800 फीट नीचे है और पूरी संरचना गहरे समुद्र तल से लगभग 2.6 मील ऊपर तक फैली है।

### इतना बड़ा है ये पहाड़

इसी माह 2 सितंबर, 2025 को एक फील्ड लॉग में छपी रिपोर्ट की मानें तो, पलाऊ से लगभग 250 मील नॉर्थ में स्थित इस पहाड़ के बारे में और इसकी चोटी की गहराई और पैमाने का उल्लेख किया गया है। इस शुरुआती रिपोर्ट ने भविष्य में वहां गोता लगाने और नमूने के लिए भी आधार तैयार किया।

### 4000 मीटर है ऊंचाई, देख कर दंग रह गए वैज्ञानिक



**इंसान भी देख सकते है ये पहाड़**

लगभग 800 फीट ऊंचे इस शिखर तक सतह पर लगे जहाज के सेंसर आसानी से पहुंच सकते हैं और सही उपकरणों के साथ इंसान के साथ ही वाहन भी इसे आसानी से देख सकते हैं. इसकी ऊंचाई जमीन के फेमस पहाड़ों के बराबर है।

### कैसे मिला ये पहाड़

पहाड़ के नक्शे को बनाने के लिए टीम ने मल्टीबीम सोनार का यूज किया, जो कई ध्वनि किरणें भेजकर प्रतिध्वनि का एनालिसिस करता है। इस प्रोसेस को घास काटना कहते है, जिसमें ऑर्गेनाइज्ड तरीके से ट्रैक बनाकर पूरे एरिया का नक्शा तैयार होता है।

### किस तरह का है ये पहाड़

सीमाउंट एक पानी के नीचे का पहाड़ है, जो गायब ज्वालामुखी के फॉसिल होते है और जो कभी सतह पर नहीं आए या किसी वजह से पानी की लहरों के नीचे डूब गया। वैज्ञानिकों की मानें, तो दुनिया में इसी तरह की 1 लाख से ज्यादा बड़ी-बड़ी समुद्री पर्वतमालाएं हैं, लेकिन बाकी सब को खोजा नहीं जा सका हैं।



### क्यों ये खोज है बेहद अहम

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस नए पहाड़ की खोज महासागर के अंदर की बनावट को समझने और भविष्य में रिसर्च के लिए नया रास्ता दिखाती हैं। इसके साथ ही, इनका आकार धाराओं को बदलता है और ऐसे आवास बनाता है जो मछलियों, मूंगों और समुद्री जीवों का ध्यान खींचता हैं।

---

**रोचक खबरें**

## गरीबी से जंग, वायरल वीडियो से मिली पहचान



हैदराबाद। तेलंगाना के अरुण कुमार की कहानी इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई है। वायरल लाफिंग बॉय के नाम से मशहूर हुए अरुण कभी बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखते थे। हालात इतने कमजोर थे कि चौथी कक्षा के बाद ही उन्हें स्कूल छोड़ना पड़ा। किताबों की जगह उन्होंने ट्रकों के बीच काम करना शुरू कर दिया और लॉरी क्लीनर बन गए।

**क्यों छूटी पढ़ाई :** घर की माली हालत ठीक नहीं थी। कम उम्र में ही अरुण को समझ आ गया था कि घर चलाने के लिए कमाना जरूरी है। दिनभर ट्रक के साथ सफर, सफाई और छोटी मोटी मजदूरी ही उनकी जिंदगी बन गई। पढ़ाई का ख्वाब जैसे अधूरा रह गया था, लेकिन किस्मत को शायद कुछ और मंजूर था।

**कैसे वायरल हुई हंसी :** काम के दौरान उनकी मुलाकात ड्राइवर नेहरु से हुई। एक दिन चाय पीते वक्त अरुण की जोरदार हंसी सुनकर नेहरु ने उसका वीडियो बना लिया। यही वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया गया। देखते ही देखते वीडियो वायरल हो गया। लोग उस हंसी को मीम्स और रील्स में इस्तेमाल करने लगे।

### किसने बदली जिंदगी

वीडियो वायरल होने के बाद नेहरु ने सिर्फ तालियां नहीं बजाईं, बल्कि अरुण का हौसला भी बढ़ाया। उन्होंने दोबारा स्कूल में दाखिला दिलवाया और पढ़ाई के लिए मदद की। मेहनत और लगन से अरुण ने 10वीं की परीक्षा पास कर ली। आज अरुण कुमार एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं। वह अपनी कामयाबी का श्रेय नेहरु को देते हैं।

---

**लोककथा**

## पाताल लोक का रास्ता? देश के कौन-कौन से हिस्से में हैं ये जगह

**भागवत पुराण में ब्रह्मांड को 14 लोकों में विभाजित बताया**

पुराणिक और लोककथाओं के अनुसार पाताल लोक कोई सामान्य यात्रा नहीं, बल्कि दिव्य शक्ति या तपस्या से संभव मानी जाती। मनुष्य के लिए यह असंभव है, लेकिन कथाओं में देवता या अवतार (जैसे हनुमान जी) यहां पहुंचे। हिंदू धर्म के पुराणों और शास्त्रों जैसे विष्णु पुराण, भागवत पुराण में ब्रह्मांड को 14 लोकों में विभाजित बताया गया है। इनमें से ऊपरी सात लोक (भूलोक सहित) ऊर्ध्वलोक कहलाते हैं, जबकि नीचे के सात अधोलोक हैं।

पुराणिक दृष्टि से पाताल लोक सुखी लेकिन मायावी है, जहां पापी आत्माएं नहीं जातीं (नर्क अलग है)। वास्तविकता में ये रास्ते पर्यटन या आध्यात्मिक स्थल हैं, लेकिन खोजबीन खतरनाक हो सकती है। वैज्ञानिक रूप से पाताल लोक का कोई प्रमाण नहीं, लेकिन ये कथाएं ब्रह्मांड की रहस्यमयी संरचना हैं।



### नागों, दैत्यों, दानवों और यक्षों का निवास स्थान


पाताल लोक नागों, दैत्यों, दानवों और यक्षों का निवास स्थान है, जहां वैभवपूर्ण महल, उद्यान और मायावी क्रीड़ास्थल हैं। पुराणों के अनुसार, पाताल लोक कोई साधारण जगह नहीं, बल्कि सुख-समृद्धि से भरी दुनिया है, लेकिन यह मनुष्यों के लिए पहुंच से परे है। पुराणों में पाताल लोक को सात परतों में विभाजित बताया गया है, प्रत्येक की लंबाई-चौड़ाई लगभग 12,000-13,000 किमी है। ये परतें अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल, पाताल धरती के नीचे स्थित हैं।

### पाताल लोक जाने का रास्ता

पुराणिक और लोककथाओं के अनुसार पुराणों में पाताल लोक भौतिक रूप से पृथ्वी के अंदर है, इसलिए जाने का रास्ता गुफाओं, नदियों, जलाशयों या भूमिगत सुरंगों से होकर बताया गया है। यह कोई सामान्य यात्रा नहीं, बल्कि दिव्य शक्ति या तपस्या से संभव मानी जाती है। मनुष्य के लिए यह असंभव है, लेकिन कथाओं में देवता या अवतार (जैसे हनुमान जी) यहां पहुंचे हैं।

### नर्मदा नदी के माध्यम से

पुराणों में नर्मदा को पाताल गंगा कहा गया है। किंवदंती है कि नर्मदा के जल में पार्वती जी की कान की बाली गिर गई थी, जिससे पाताल लोक का एक द्वार खुला। मध्य प्रदेश में अमरकंटक (नर्मदा का उद्गम) से लेकर जबलपुर तक के क्षेत्रों में गुफाएं (जैसे पातालपानी) पाताल के द्वार मानी जाती हैं। यहां से जलप्रवाह के अंदर उतरकर पाताल पहुंचा जा सकता है, लेकिन यह अत्यंत रहस्यमयी और खतरनाक है।



### रामायण कालीन पातालपुरी (लंका से सुरंग)

रामायण में हनुमान जी अहिरावण को मारने पातालपुरी गए थे। इसका रास्ता लंका (श्रीलंका) से भूमिगत सुरंग होकर बताया गया है। कुछ कथाओं में होंडुरास (मध्य अमेरिका) के जंगलों में सियुदाद ब्लांका शहर को पाताल लोक माना जाता है, जहां से भारत-श्रीलंका की दूरी के बराबर सुरंग है। यहां वानर देवताओं की मूर्तियां मिली हैं, जो हनुमान से जुड़ी हैं।

---

## दुनिया की सबसे अनोखी जनजातियां जहां 6 फीट के लोग भी लगते हैं छोटे



जुबा। अगर आप सोचते हैं कि 6 फीट लंबा इंसान बहुत लंबा होता है, तो जरा दक्षिण सूडान की डिंका जनजाति के बारे में जान लीजिए। यहां 6.5 फीट के लोग भी आम नजर आते हैं। यहीवजह है कि इस जनजाति को दुनिया की सबसे लंबी कौमों में गिना जाता है। नील नदी के किनारे रहने वाले ये लोग सिर्फ अपनी लंबाई ही नहीं, बल्कि अनोखी जीवनशैली और परंपराओं के लिए भी मशहूर हैं। पशुपालन पर आधारित इनकी जिंदगी, गायों के प्रति आस्था और मजबूत सांस्कृतिक पहचान इन्हें बाकी दुनिया से अलग बनाती है। डिंका जनजाति को दुनिया की सबसे लंबी जनजातियों में गिना जाता है। इनकी औसत लंबाई 6 फीट (182 सेमी) से अधिक होती है, जबकि कई लोग 2 मीटर यानी 6.5 फीट से भी ज्यादा लंबे होते हैं। यही वजह है कि ये जहां भी जाते हैं, लोगों का ध्यान तुरंत खींच लेते हैं और शोधकर्ताओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं। यह जनजाति मुख्य रूप से दक्षिण सूडान में नील नदी के किनारे रहती है। खास तौर पर बहर अल ग़ज़ल और ऊपरी नील क्षेत्र इनके प्रमुख निवास स्थान माने जाते हैं। पानी और चरागाह की उपलब्धता इनके जीवन के लिए बेहद जरूरी है, इसलिए इनकी बसाहट अक्सर नदी और घास वाले इलाकों के आसपास ही होती है।

**पूरी तरह पशुपालन पर आधारित है अर्थव्यवस्था-** डिंका लोगों की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पशुपालन पर आधारित है। इनके लिए गाय सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि धन, प्रतिष्ठा और सामाजिक पहचान का प्रतीक है। शादी, दीक्षा और धार्मिक अनुष्ठानों में गायों की अहम भूमिका होती है। जितनी ज्यादा गायें, उतना ऊंचा सामाजिक सम्मान माना जाता है। डिंका जनजाति के लोग डिंका भाषा बोलते हैं, जो पश्चिमी नीलोटिक भाषाओं के समूह में आती है। भाषा के साथ-साथ इनके रीति-रिवाज, पहनावा और सामुदायिक जीवन भी काफी अलग और विशिष्ट है।

### गृहयुद्धों ने पारंपरिक जीवन को किया प्रभावित

डिंका लोग दक्षिण सूडान के सबसे बड़े जातीय समूहों में शामिल हैं। 2011 में जब दक्षिण सूडान स्वतंत्र देश बना, तब इस समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हालांकि 20वीं सदी के गृहयुद्धों ने इनके पारंपरिक जीवन को प्रभावित किया, फिर भी यह जनजाति आज भी अपनी परंपराओं और जीवनशैली को मजबूती से संभाले हुए हैं।

---

## महिला ने 5.9 किलो के बच्चे को दिया जन्म

न्यूयार्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक बच्चे के जन्म ने उसके परिवार और अस्पताल के कर्मचारियों को आश्चर्यचकित कर दिया है, क्योंकि उसका वजन औसत नवजात बच्चे के वजन से लगभग दोगुना है। बच्चे की मां ने बताया कि उनका बच्चा अभी से ही तीन से छह महीने के बच्चों के कपड़े और डायपर पहन रहा है। आमतौर पर बच्चे जब पैदा होते हैं तो उनका औसत वजन 3 किलो के आसपास होता है। हालांकि, कुछ बच्चे 4 या 4.5 किलो के भी होते हैं, लेकिन अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक महिला ने एक ऐसे बच्चे को जन्म दिया है, जिसका वजन औसत नवजात शिशु के वजन से लगभग दोगुना है। इस बच्चे को देखकर न सिर्फ परिवार और अस्पताल के कर्मचारी ही आश्चर्यचकित हुए, बल्कि बच्चे की मां भी पहली बार उसे देखकर चौंक गई। बताया जा रहा है कि शॉन जूनियर नाम का ये विशालकाय बच्चा बीते 31 जनवरी को कायूगा मेडिकल सेंटर में पैदा हुआ था, जिसका वजन 5.9 किलोग्राम (13 पाउंड) है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के माता-पिता टेरिका और शॉन ने कहा कि उन्हें पता था कि उनका बेटा साइज में थोड़ा बड़ा होगा, लेकिन जब उन्होंने उसे पहली बार देखा तो वो हैरान रह गए। टेरिका ने कहा, 'हमें पता था कि वो बड़ा होगा। लेकिन हमने इसकी उम्मीद नहीं की थी। पैदा होने के बाद यह बच्चा अस्पताल में पैदा होने वाला अब तक का सबसे वजनी बच्चा बन गया है। फेसबुक पोस्ट में आगे कहा गया है, 'एक परिवार ने शॉन जूनियर का स्वागत किया, जो एक रिकॉर्ड बनाने वाला 13 पाउंड का नवजात शिशु है, जो अस्पताल में पैदा हुआ अब तक का सबसे बड़ा बच्चा है, जबकि दूसरे परिवार ने नन्ही मार्गोट के जन्म का जश्न मनाया, जिसका वजन सिर्फ 4 पाउंड है।' मार्गोट की मां ने कहा कि दोनों बच्चों को एक साथ देखकर उनका अपना अनुभव और भी खास हो गया. उन्होंने कहा कि यह एक प्यारी सा याद है कि सभी बच्चे अपने आप में अनोखे और खास होते हैं।

## चमत्कारी पेड़! गांववाले कहते राजा-रानी का प्यार

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के लुकवासा गांव में स्थित 200 साल पुरानी कल्पवृक्ष की जोड़ी 'राजा-रानी' के नाम से प्रसिद्ध है। मान्यता है कि इन पेड़ों के नीचे सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। लोग यहां विवाह, संतान, नौकरी और स्वास्थ्य जैसी इच्छाओं के साथ पहुंचते हैं और धागा बांधकर प्रार्थना करते हैं। इन पेड़ों के अनोखे फल और आपस में गुंथी शाखाएं इसे और भी खास बनाती हैं। आस्था और प्रकृति का यह संगम शिवपुरी की सांस्कृतिक पहचान को एक अलग ही ऊंचाई देता है। मध्य प्रदेश के शिवपुरी से करीब 35 किलोमीटर दूर लुकवासा गांव में एक ऐसी जगह है, जहां लोग सिर्फ दर्शन करने नहीं बल्कि उम्मीद लेकर आते हैं। यहां मौजूद है करीब 200 साल पुरानी कल्पवृक्ष की जोड़ी, जिसे गांव वाले प्यार से 'राजा-रानी' कहते हैं। कहते हैं, यहां सच्चे मन से जो भी मांगो, वो खाली नहीं जाता।



### फल भी हैं अनोखे

ग्रामीणों के मुताबिक इन पेड़ों के फल भी अलग तरह के होते हैं। देखने में आम, नारियल और बेल के मिश्रण जैसे लगते हैं। पकने के बाद रंग और आकार सूखे खजूर जैसा हो जाता है। वनस्पति विशेषज्ञ इसे दुर्लभ प्रजाति मानते हैं, लेकिन गांव वालों के लिए ये चमत्कार से कम नहीं। लोग पेड़ के नीचे धागा बांधते हैं, दीप जलाते हैं और मन ही मन अपनी इच्छा बोलते हैं।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलु कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (बिलासपुर /04/मार्च 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

---

## राशिफल

**मेष** - किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** - धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** - माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** - मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** - आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** - आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** - कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** - संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** - आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।


**मकर** - माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** - आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** - आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

---

## शब्द पहेली - 6154



**बाएँ से दाएं-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 6153 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6164

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6163 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |



# जय हिंद जय सिंध में महेश आएंगे नजर, रंगमंच पर भी करेंगे वापसी

**मुंबई।** महेश मांजरेकर ने हिंदी फिल्मों में बतौर निर्देशक और अभिनेता अलग छाप छोड़ी है। जल्द ही उनका एक नया हिंदी नाटक 'एनिमल' दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह काफी वक्त के बाद रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'जय हिंद जय सिंध' का भी हिस्सा हैं। बड़े पर्दे पर अभिनय और निर्देशन करने के अलावा महेश मांजरेकर की रंगमंच की दुनिया में भी सक्रिय रहे हैं। एक बार फिर से वह थिएटर निर्माता अश्विन गिडवानी के साथ काम कर रहे हैं। इस बार एक हिंदी नाटक 'एनिमल' के साथ महेश रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। कई साल बाद दोनों साथ काम कर रहे हैं, इससे पहले दोनों नए नाटक 'डबल डील' किया था।

लाइफ Style



# आलिया

## ताना मारने वालों को दिया करारा जवाब

एजेंसी ⏭ मुंबई

आलिया भट्ट ने हाल ही बाफ्टा में एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उनके एक्सप्रेशंस का खूब मजाक उड़ाया गया और आलोचना भी हुई। इस पर आलिया ने अब रिएक्ट किया है और एक्सप्रेशंस का मजाक उड़ाने वालों को जवाब दिया है।

आलिया भट्ट हाल ही लंदन में आयोजित 79वें ब्रिटिश अकेडमी फिल्म अवाड्र्स में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। वहां आलिया ने हिंदी में स्पीच देकर सबका दिल जीत लिया था, लेकिन रेड कार्पेट पर एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने जो एक्सप्रेशंस दिए, उनके कारण एक्ट्रेस की भद भी पिटी। आलिया का खूब मजाक उड़ा। हाल ही आलिया जब मिलन फैशन वीक के एक इवेंट में शामिल हुईं और यहां बाफ्टा में हुई उस गड़बड़ के बारे में रिएक्ट किया, जिस पर लोगों ने उनका मजाक उड़ाया और ताने मारे। इस बारे में पूछे जाने आलिया भट्ट ने 'गुच्ची शो' के दौरान डाइट साब्या को जवाब दिया और समझाया कि पूरी सिचुएशन क्या थी। वह बोलीं, 'इस बारे में इतनी चर्चा क्यों हो रही है? क्या यह मेरे हावभाव की वजह से है? तो असल हुआ ये था कि मेरे हिसाब से यह ('गॉन गर्ल') सबसे बेहतरीन ट्विस्ट है, लेकिन मैंने इस फिल्म को नहीं देखा है। ये कब रिलीज हुई थी? 10 साल पहले? तो मैंने इसे उसके बाद नहीं देखा। तो जब वह उस मोनोलॉग की बात कर रही थीं, तो मैंने कहा कि हां, और मैं अपने दिमाग में दोहरा रही थी कि अरे हां, वो मोनोलॉग, बिल्कुल सही बिल्कुल सही।'

## हॉलीवुड मसाला



# दोस्त के साथ मिलकर बनाए गाने

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर सिंगर और गीतकार नील सेडाका का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। उनके शानदार गानों ने उन्हें रॉक एन रोल के शुरुआती वर्षों में उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया। अपने गानों की वजह से वह 1970 के दशक में काफी मशहूर हुए। ब्रिल बिल्डिंग सॉन्गराइटिंग फैक्ट्री के सदस्य, सेडाका ने लिरिसिस्ट हॉवर्ड ग्रीनफील्ड के साथ मिलकर ऐसे गाने बनाए जो 1950 के दशक के आखिर से 1960 के दशक की शुरुआत तक काफी मशहूर हुए।



# ईरान के लोगों के लिए बयां किया था दर्द...

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट इस वक्त जंग बिगुल बजा हुआ है, अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला है। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो चुकी है। इसी बीच हाल ही में ईरान की रहने वाली एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने ईरान के लोगों पर किए गए जुल्मों पर अपना दर्द बयां किया था। एलनाज नोरौजी ने भारत का जिक्र करते हुए कहा था कि ईरान उतना ही डाइवर्स था, जितना भारत है। मगर एक रात सब बदल गया। एलनाज ने वीडियो में कहा था, आज कल्पना करें भारत। इतना डाइवर्स, इतना जिंदादिल, अलग-अलग धर्म, अलग-अलग भाषाएँ, अलग-अलग तरह के जीवन, सब एक साथ रहते हैं- हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी।



# वेब सीरीज हेल्लो बच्चों का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह स्टारर आगामी वेब सीरीज 'हेल्लो बच्चों' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह शो शिक्षक अलख पांडे और उनकी टीचिंग से प्रभावित छात्रों से प्रेरित है। यह शो अलग-अलग पृष्ठभूमियों के उन छात्रों की कहानी बताता है, जो अपने सपनों को एक ऐसे शिक्षक के समर्थन से पूरा करते हैं जो उन पर विश्वास करता है। 2 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे एक छोटे से क्लास रूम से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे शहरों और छोटे कस्बों के छात्रों तक पहुंचा। सीरीज में पांच छात्रों की कहानी दिखाई गई है। जो व्यक्तिगत और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, दूसरा ऐसे दबाव का सामना कर रहा है जिससे उसकी पढ़ाई रुक सकती है, जबकि तीसरा अपने परिवार का सहारा बनने के लिए क्रिकेट में अपने इंटरेस्ट को छोड़ देता है।



# शुभांगी को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार

**मुंबई।** अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इस फिल्म में बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इसी खुशी में इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनुपम खेर ने शुभांगी के लिए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपना प्यार जताया है और साथ ही अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अनुपम खेर ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त के साथ कुछ खास तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनुपम ने शुभांगी को अपनी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम ने इन तस्वीरो के साथ लिखा, 'प्यारी शुभांगी, बहुत बढ़िया काम के लिए पुरस्कार।'

## टीवी मसाला



# अदिति की टीवी में एंट्री 'ये है मोहब्बतें' से स्टारडम

**नई दिल्ली।** साल 2004 में अदिति भाटिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखे। उनका पहला टीवी शो 'होम स्वीट होम' था। इसके बाद वह 'घर की लक्ष्मी बेटियां', 'तुझ संग प्रीत लगाई सजना' और 'टशन-ए-इश्क' में दिखीं, लेकिन छोटे पर्दे पर पॉपुलैरिटी 'ये है मोहब्बतें' से मिलीं। बहुत से फैंस अदिति भाटिया को आज भी रूही भल्ला के किरदार से याद करते हैं। अदिति भाटिया ने कुछ रियलिटी शोज भी किए, जिनमें 'खतरा खतरा खतरा', 'कॉमेडी सर्कस' और 'कॉमेडी नाइट्स बजाओ ताजा' जैसे नाम शामिल हैं। अदिति भाटिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें पहला विज्ञापन 5 महीने की उम्र में मिला था। तब वह पैरेंट्स के साथ एक मॉल में थीं। वहां एक डायरेक्टर ने बेबी अदिति को देखा और पैरेंट्स को उनका पोर्टफोलियो बनवाने की सलाह दी। अदिति ने बताया था कि उनका पूरा बचपन सेट पर बीता। स्कूल खत्म होने के बाद वह सेट पर पहुंच जातीं और वहीं खेलती थीं। अदिति भाटिया ने बताया था कि उनकी मॉम चाहती थीं कि वह इंजीनियर बनें, पर बचपन से ही उन्हें हीरोइन बनने का शौक था। लेकिन परिवार खिलाफ था, तो उन्हें एक्टिंग में आने के लिए थोड़ा विद्रोह करना पड़ा। अदिति भाटिया को फिर 'ये है मोहब्बतें' सीरियल मिला और वह छा गईं। 'द केरल स्टोरी 2' के कलेक्शन की बात करें, तो शुकवार, 27 फरवरी को देर रात रिलीज होने के बाद इसने अभी तक दो दिनों में 5.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि इसे सीमित शोज पर ही रिलीज किया गया है। ओपनिंग डे की तुलना में 'द केरल स्टोरी 2' ने दूसरे दिन 520% ज्यादा कमाई की।


## ममता लाफ्टर शेफ्स 3 के सेट पर



**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों का पसंदीदा शो है। इसके पिछले दो सीजन को इतना प्यार मिला कि मेकर्स पुराने कंटेस्टेंट्स के साथ इसे सीजन दर सीजन आगे बढ़ा रहे हैं। बीते एपिसोड में जहां दिग्गज शेफ संजीव कपूर आए थे। वहीं 28 फरवरी और 1 मार्च के एपिसोड में सभी होली के रंग में रंगे दिखाई देंगे। हालांकि, नए एपिसोड की शूटिंग भी हुई, जहां पर हर कोई रेट्रो लुक में दिखाई दिया। कोई 'वास्तव' वाला संजय दत्त बना तो कोई 'करण-अर्जुन।' वहीं, माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाए और लाला साड़ी के साथ सोने के गहने पहने ममता कुलकर्णी भी पहुंची। उन्होंने बातचीत में कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। मैं 25 साल बाद टीवी पर आ रही हूं। यहां तक की अगर आपने नोटिस किया हो तो मैं अपनी लाइफ के 25 सालों में कभी भी टीवी पर नहीं आई। एक अच्छा मौका है। हंसने का मौका मिलता है। हम लोग बहुत गंभीर हो गए हैं। जिंदगी बहुत गंभीर हो गई है।

# विजय-रश्मिका का प्यार होगा गहरा सामंथा-राज पर चढ़ेगा इश्क का खुमार

*नई दिल्ली। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, प्यार का रंग भी इस उत्सव के साथ गहरा हो जाता है। खासकर शादी के बाद जब कपल्स पहली होली मनाते हैं तो उनके लिए यह दिन यादगार बन जाता है। इस साल कई सेलिब्रिटी कपल्स भी शादी के बाद पहली होली मनाएंगे। कुछ इसी गाने की तर्ज पर हाथों में अबीर और गुलाल लिए अपनी सजनी को साजन रंग लाएंगे। सजनी भी 'मुझे रंग दो' की धुन पर थिरकती दिख जाएंगी। कुछ ऐसा ही नजारा बॉलीवुड से लेकर साउथ सेलिब्रिटीज के घर-आंगन में होली के दिन देखने को मिल सकता है। इस साल रश्मिका और विजय देवरकोंडा से लेकर नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन तक शादी के बाद अपनी पहली होली साथ मनाएंगे। इस लिस्ट में कई और जोड़े भी शामिल हैं, जानिए किन-किन सेलिब्रिटीज कपल्स पर चढ़ेगा होली का रंग।*



***श्रीवल्ली बन रश्मिका लगाएंगी विजय पर रंग*** : 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गए। इस कपल्स की शादी की तस्वीरों पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया। शादी-शुदा जोड़े के तौर पर पर रश्मिका और विजय अपनी पहली होली भी मनाएंगे। दोनों की होली की तस्वीरों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

***सामंथा के बलम 'राज' चलाएंगे पिचकारी*** : साउथ फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस सामंथा रूथ और डायरेक्टर राज निदिमोरु ने भी पिछले साल दिसंबर में शादी की। यह बतौर कपल उनकी पहली होली होगी। रश्मिका की जिंदगी में राज ढेर सारी खुशियां लेकर आए हैं तो होली भी उनके लिए खास होगी। सामंथा पर भी राज के प्यार का रंग इस होली खूब चढ़ने वाला है।

**स्टेबिन बेन की 'साहिबा' बनकर नूपुर झूमेंगी** : जनवरी महीने में कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने सिंगर स्टेबिन बेन संग साथ फेर लिए हैं। इस कपल की शादी भी खूब चर्चा में रही। 'साहिबा' जैसे हिट सॉन्ग गाने वाले सिंगर स्टेबिन बेन नूपुर सेनन के साथ शादी के बाद पहली होली खलेंगे। कृति सेनन भी इनके होली जश्न में शामिल हो सकती हैं।

# मुगल-ए-आजम को हिट करने में पांच राज्यों की लगी मेहनत...

**नई दिल्ली।** के. आसिफ की डायरेक्टेड और प्रोड्यूस्ड फिल्म 'मुगल-ए-आजम' के बनने की प्रक्रिया रिलीज से 16 साल पहले यानी 1944 में ही शुरू हुई थी। लेकिन सिनेमाघरों में इसे 1960 में उतारा गया था। करीब 1.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था और सुपरहिट रही थी। पहले ये ब्लैक एंड व्हाइट रिलीज हुई थी लेकिन दोबारा रिलीड करने के लिए इसे कलर किया गया था और ऐसा करने वाली ये वर्ल्ड सिनेमा के इतिहास की पहली फीचर फिल्म बन गई थी। एडवांस **बुकिंग के लिए** लोग **शनिवार** से **ही** लाइन **में** लग **गए** थे, **जबकि** फिल्म **सोमवार** को **देखनी** थी। **लोग** लड़क **पर** सोते थे। और परिवार के दूसरे लोग उनके लिए खाना लेकर आते थे।

### 'मुगल-ए-आजम' में 5 राज्यों के कारीगरों की मेहनत

फिल्म में किरदारों के जो कपड़े थे, वो मामूली नहीं थे। बल्कि उसे सिलने के लिए दिल्ली से दर्जी आए थे। और सूरत से उन पर कढ़ाई करने वाले स्पेशलिस्ट बुलाए गए थे। इतना ही नहीं, जो सभी ने आभूषण पहने थे, वो भी हैदराबाद के सुनार ने और मुकुट कोल्हापुर के कारीगरों ने तैयार किए



थे। साथ ही जो भी हथियार आपने फिल्म में देखे हैं, वो सब राजस्थान के लोहारों ने बनाए थे और आगरा से सभी के जूते मंगवाए गए थे।

### 10 लाख में शूट हुआ 'प्यार किया तो डरना क्या'

इस फिल्म के गाने भी मशहूर हुए थे। 'प्यार किया तो डरना क्या' बहुत पसंद किया गया था। यहां तक कि आज भी ये बजता है तो लोगों के पांव थिरकने लगते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इसकी शूटिंग में ही 10 लाख रुपये का खर्च आया था और इसे गीतकार शकील बदायुनी ने एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 105 बार लिखा था। क्योंकि उसमें बार-बार बदलाव किए जा रहे थे। फिर अंत में म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद ने हरी झंडी दिखाई थी। और मोहन स्टूडियो में लाहौर किले के शीश महल की रेप्लिका के रूप में बने एक सेट पर फिल्माया गया था। जिसे फिरोजाबाद के कारीगरों ने तैयार किया था और इसे बनने में दो साल लगे थे और इसकी लागत 15 लाख रुपये आई थी। वहीं, गाने की रिकॉर्डिंग लता मंगेशकर ने स्टूडियो के बाथरूम में की थी।

## कुछ गाने 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को करते हैं उजागर

# होली के उत्सव को रंगीन बनाते हैं बॉलीवुड के ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के होली गीतों की खासियत यह है कि उनमें से कई हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पर आधारित हैं , जिनमें पारंपरिक लोक धुनें पिरोई गई हैं और जिनके बोल त्योहार के चंचल, शरारती और आनंदमय सार को दर्शाते हैं। कुछ गीत रोमांस का जश्न मनाते हैं, तो कुछ 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को उजागर करते हैं।*

### रंग बरसे-सिलसिला (1981)

अगर होली का कोई ऐसा गीत है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है, तो वह है 'रंग बरसे'। यह गीत परंपरा से ओतप्रोत है, जिसकी जड़ें ब्रज लोक धुन में हैं जो होली की चंचल भावना को बखूबी दर्शाती है। अमिताभ बच्चन की गहरी, मदहोश कर देने वाली आवाज और उनके पिता, कवि हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखे गए चंचल बोल मिलकर एक ऐसा गीत बनाते हैं जो चंचल और उत्सवपूर्ण दोनों है। भारतीय रागों में प्रशिक्षित शास्त्रीय संगीतकार शिव-हरि द्वारा रचित यह गीत एक कालातीत आकर्षण प्रदान करता है। यह होली का सर्वोत्कृष्ट गीत है- चाहे आप रंगों में सराबोर हों या ठंडाई पी रहे हों, यह गीत किसी भी होली पार्टी में कम से कम एक बार जरूर बजेगा!

### बलम पिचकारी-ये जवानी है दीवानी (2013)

'बलम पिचकारी' एक ऐसा गीत है जिसने बॉलीवुड के होली संगीत को आधुनिक रूप दिया है। यह गीत लोक संगीत से प्रेरित धुनों के साथ युवा ऊर्जा का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करता है। पारंपरिक होली गीतों के विपरीत, इसमें इलेक्ट्रॉनिक डांस बीट के साथ देसी धुनों का भी समावेश है, जिससे यह युवाओं के बीच तुरंत लोकप्रिय हो गया। फिल्म में इस गाने का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है- यह एक ऐसा मोड़ है जहाँ दोस्ती प्यार में बदल जाती है। इसका मनमोहक मुखड़ा और चुलबुले बोल इसे कॉलेज की होली पार्टियों में बेहद लोकप्रिय बनाते हैं, जिससे इसे आधुनिकता का स्पर्श मिलता है और साथ ही त्योहार का पारंपरिक आकर्षण भी बरकरार रहता है।




### होली के दिन-शोले (1975)

आर.डी. बर्मन भारतीय लोक संगीत को सिनेमाई भव्यता के साथ जोड़ने में माहिर थे, और होली के दिन इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। यह गीत ढोल की थाप से शुरू होता है और देखते ही देखते एक ऊर्जावान लोक नृत्य में बदल जाता है। इस गीत की खासियत यह है कि इसमें एकजुटता पर जोर दिया गया है—यह रोमांस या व्यक्तिगत उत्सवों के बारे में नहीं है, बल्कि होली की सामुदायिक भावना के बारे में है। शोले के दृश्य इसे और भी सशक्त बनाते हैं, जिसमें ग्रामीण एक साथ आकर होली को एकता के त्योहार के रूप में मनाते हैं।

### मेरी मदद करो, चलो होली खेलते हैं- वक्त (2005)

अपने बेबाक और चंचल बोलों के लिए मशहूर यह गाना पारंपरिक होली गीतों से हटकर है। इसकी धुन आकर्षक, तेज़ रफ़्तार वाली और जोशीले नृत्य के लिए एकदम उपयुक्त है। सुनिधि चौहान की आवाज़ इसमें एक मज़ेदार और चुलबुलापन जोड़ती है, जिससे यह गाना अक्सर युवाओं के होली समारोहों में बजाया जाता है। हालांकि यह परंपरा में उतना गहराई से निहित नहीं है, लेकिन इसकी आकर्षक रचना और क्लब-शैली की धुनें इसे एक ऐसा गीत बनाती हैं जो कानों में गूंजता रहता है।

### जय जय शिवशंकर-युद्ध (2019)

हाल के बॉलीवुड इतिहास के सबसे ऊर्जावान होली गीतों में से एक, 'जय जय शिवशंकर' डांस बीट्स और हिंदुस्तानी संगीत तत्वों का एक ज़बरदस्त मिश्रण है। इस गाने में बॉलीवुड के दो बेहतरीन डांसर, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ, तालमेलपूर्ण नृत्य और चमकीले रंगों के शानदार संयोजन में नज़र आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसका संबंध भगवान शिव से है, क्योंकि "शिवशंकर" उस देवता को संदर्भित करता है जो विनाश और नशा (होली के दौरान भांग पीना) दोनों से जुड़े हैं। गाने की धुनें यह सुनिश्चित करती हैं कि यह किसी भी होली पार्टी में डांस फ्लोर पर धूम मचा दे।

## भारत टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में: मैन ऑफ द मैच संजू के नाबाद 97 रन से दर्ज की जीत

# टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

## अब 5 मार्च को भारत का इंग्लैंड से मुकाबला होगा, दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के सामने साउथ अफ्रीका



**कोलकाता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब टीम 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। आखिरी सुपर-8 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेज (40) और जेसन होल्डर (नाबाद 37) ने अहम योगदान दिया, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट झटके। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत डगमगाई। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन 10-10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 27 रन बनाए, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंदों में 18 रन जोड़े। लेकिन, संजू सैमसन एक छोर से टिके रहे। उन्होंने सूर्यकुमार यादव 35 बॉल पर 58 रन की साझेदारी करके भारतीय पारी को संभाला। उन्होंने तिलक वर्मा के साथ 42, हार्दिक पंड्या के साथ 38 और शिवम दुबे के साथ नाबाद 20 की साझेदारी करके भारत को जीत दिला दी। सैमसन ने रोमारियो शेफर्ड की दूसरी बॉल पर चौका लगाया।एक समय 15 ओवर में कैरेबियाई टीम का स्कोर 125/4 था। टीम ने आखिरी के 5 ओवर में 70 रन बनाए। रोवमन पॉवेल और जेसन होल्डर ने 5वें विकेट के लिए 35 बॉल पर नाबाद 76 रन की अहम साझेदारी की। कप्तान शाई होप और रोस्टन चेज ने 53 बॉल पर 68 रन जोड़े। 20वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड की पहली गेंद पर सैमसन ने छक्का लगाया। इसके बाद भारत को जीत के लिए 1 रन की जरुरत थी। सैमसन ने दूसरी गेंद पर चौका लगाया और भारत को 5 विकेट से जीत दिला दी।

भारतीय टीम को जीत के लिए आखिरी ओवर में 7 रन चाहिए। 19वें ओवर में शमार जोसेफ की दूसरी गेंद पर हार्दिक कैच आउट हो गए। जेसन होल्डर एक्सट्रा कवर पर आसान कैच पकड़ा। हार्दिक 17 रन बनाकर आउट हुए। आखिरी तीन बॉल पर दो चौके लगाए।





### खबर संक्षेप



### जयसूर्या श्रीलंका टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ेंगे

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की।

### दुबई हवाई अड्डे पर सिंधू व कोच सुरक्षित

एजेंसी ▶▶| दुबई

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को 'तनावपूर्ण और डरावना' बताया क्योंकि जहां खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वह और उनके इंडोनेशियाई कोच रुके हुए थे और उसके पास एक धमाका हुआ। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है।

### लुकाकू के गोल से नेपोली का जीत इंतजार खत्म

**मिलान।** रोमेलु लुकाकू ने शनिवार को यहां हेलास वेरोना के खिलाफ मैच की आखिरी किक पर सत्र का अपना पहला गोल किया जिससे नेपोली का जीत का इंतजार खत्म हुआ। सत्र से पूर्व लगी जांघ की गंभीर चोट के कारण अब तक सत्र में सिर्फ 41 मिनट खेलने वाले लुकाकू ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके नेपोली को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। लुकाकू ने अपना पिछला गोल पिछले साल 23 मई को किया था जिसके बाद कुछ महीने उनके लिए बहुत बुरे बीते। जांघ में चोट लगने के कुछ समय बाद सितंबर 2025 में 58 साल की उम्र में उनके पिता का अचानक निधन हो गया। यह नेपोली की सभी प्रतियोगिताओं में चार मैच में पहली जीत थी। गत सीरी ए चैंपियन टीम अभी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है और शीर्ष पर चल रहे इंटर मिलान से 14 अंक पीछे है जिसने जिनोआ को 2-0 से हराया।



### चंडीगढ मैराथन में 3500 धावकों ने भाग लिया

**चंडीगढ।** इथियोपिया के ओल्बाना एन येडेट और मेस्केरेम तेस्फाये फिकाडू ने चंडीगढ इंटरनेशनल मैराथन में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में फुल मैराथन जीती जबकि 3500 धावकों ने इसमें भाग लिया । हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) में भारत के हरमनजोत सिंह और इथियोपिया की टीसेहे डेसालेन ने क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में खिताब जीते । दस किलोमीटर में साहिल कपूर ने पुरूष वर्ग में और सोनिया ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की ।



### जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते 153 रन का स्कोर खड़ा किया

# साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 में लगाई जीत की हैट्रिक जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, ग्रुप-1 की टॉपर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के अपने आखिरी सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका की टीम सुपर-8 के पहले ग्रुप में तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ टेबल टॉपर बनी है। दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 17.5 ओवर में 154 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया।

■ जबाव में अफ्रीका 17 .5 ओवर में 154 रन बनाकर 5 विकेट से जीती

इस जीत के साथ सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की किस टीम से टक्कर होगी ये भी तय हो गया है। साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला सेमीफाइनल मैच 4 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

#### मिडिल ऑर्डर ने बाजी को पलटा

हालांकि, मिडिल ऑर्डर में डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में 42 रनों की पारी खेलकर बाजी को पलट दिया। अपनी इस पारी में ब्रेविस ने 4 छक्के और 2 चौके भी लगाए. इसके अलावा साउथ अफ्रीका के लिए रायन रिकेल्टन ने 31 और जॉर्ड लिंडे की नाबाद 30 रनों की पारी भी उपयोगी रही। वहीं डेविड मिलर ने 22 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 रनों का योगदान दिया।




#### जिम्बाब्वे ने साउथ अफ्रीका को दी मैच में कड़ी टक्कर

वहीं मुकाबले की बात करें तो 153 रनों का बचाव करते हुए जिम्बाब्वे की टीम ने साउथ अफ्रीका को कड़ी टक्कर दी। यही वजह है कि लक्ष्य तक पहुंचने के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने पांच विकेट गंवा दिए। खास तौर से टॉप ऑर्डर की बल्लेबाजी मैच में बेअसर रही। क्विंटन डिकॉक (0) और एडेन मार्करम (4) जिम्बाब्वे के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए।

#### जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा ने किया कमाल

साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कमाल का प्रदर्शन किया। रजा ने सबसे पहले बल्लेबाजी में 43 गेंद में 73 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 4 छक्के भी लगाए। बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी उन्होंने टीम के लिए मोर्चा संभाला। सिकंदर रजा ने गेंदबाजी में जिम्बाब्वे के लिए 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। यही वजह है कि हारे मैच में भी सिकंदर रजा प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजे गए।

#### रजा को अच्छा साथ नहीं मिला

रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। रविवार का दिन और दोपहर बाद का मैच होने के कारण मैदान में लगभग 25,000 दर्शक मौजूद थे।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला क्लीन स्वीप की

## हीली ने शतक से वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| होबार्ट



कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे।

#### राणा ने छटके दो विकेट

भारत के लिए स्नेह राणा (66 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट लिए। श्री चरणी (106 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 100 से अधिक रन लुटाने वाली सिर्फ तीसरी गेंदबाज बनीं। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

#### मंधाना खाता भी नहीं खोल पाई

उप कप्तान और फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खेल सकीं और दूसरे ओवर में आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं। जिसके बाद प्रतिका रावल (27) और जेमिमा रोड्रिग्स ( 42) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। लेकिन आठवें ओवर में प्रतिका के आउट होने के बाद मुश्किलें बढ़ गईं।

### पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से लिया नाम वापस

## महिला विश्व कप क्वालीफायर हॉकी के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था।'' अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी।

■ प्रतियोगिता 8 मार्च से 14 मार्च तक हैदराबाद में खिली जाएगी

#### टीम इस प्रकार है:

गोलकीपर: बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम। डिफेंडर: सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी। मिडफील्डर: नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा दद्दासो पिसल, दीपिका सोरेंग। फारवर्ड: नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

### पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा वनडे रद्द

एजेंसी ▶▶| कराची




पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच चल रही सीरीज का दूसरा वनडे मैच शनिवार को अबुधाबी में इलाके में मौजूदा सुरक्षा हालात की वजह से रद्द कर दिया गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि आज खेला जाने वाला मैच रद्द कर दिया गया है और सभी खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को एहतियात के तौर पर अपने होटल में अंदर रहने का निर्देश दिया गया है। अबुधाबी में बिगड़ते हालात को देखते हुए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की सलाह के बाद यह फैसला लिया गया। अधिकारी ने कहा, ''कोई अभ्यास सत्र भी नहीं होगा और टीम को अंदर रहने की सलाह दी गई है।'' उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। पीसीबी और ईसीबी लगातार संपर्क में है और हालात पर करीब से नजर रखे हुए हैं।

### चेक गणराज्य के डेविड नवारा को बराबरी पर रोका

## गुकेश को प्राग शतरंज महोत्सव में नवारा ने बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| प्राग (चेक गणराज्य)

विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है तब वान फोरेस्ट तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

■ भारत के गुकेश को अभी पहली जीत का इंतजार



#### दिव्या के डेढ़ अंक

*अब्दुसत्तोरोव और नवारा के ढाई अंक हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे याकुबोएव, केमर और गुइजारो हैं। चिदंबरम, गुकेश, नीमैन और माघसूदलू के डेढ़ अंक हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने शीर्ष पर चल रही चेक गणराज्य की वेनक्लाव फिनेक को बराबरी पर रोका जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने मेजबान देश के स्टीफन हर्बेक से ड्रॉ खेला। दिव्या के डेढ़ जबकि गांगुली का एक अंक है। फिनेक के तीन अंक हैं।*

### टीम पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रही : आगा

# हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए: पाक कप्तान

एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल (श्रीलंका)

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। लेकिन यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। लेकिन आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया।




#### हर मैच जरूरी होता है

कप्तान ने कहा, ''हर मैच जरूरी होता है क्योंकि अगर आप एक मैच हार जाते हैं तो ऐसा लगता है कि आप टूर्नामेंट से बाहर हो जाते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि जब आप दबाव में होते हैं तो आपको अच्छे फैसले लेने होते हैं।'' आगा को लगता है कि पाकिस्तान के लिए समय की जरूरत है कि वे दबाव की स्थितियों में अपने खेल में सुधार करें।

#### टूर्नामेंट में दबाव ज्यादा होता है

आगा ने कहा, ''और यही बात मैंने उनसे कही, जब हम दबाव में हों तो हमें बेहतर फैसले लेने होंगे। क्योंकि असल में आप दबाव में गलतियां करते हैं। और आईसीसी टूर्नामेंट में, दबाव ज्यादा होता है क्योंकि आप दुनिया की सबसे अच्छी टीमों के खिलाफ खेल रहे होते हैं।''

#### गेंदबाजी बेहतर पर क्रियान्वयन में चूके

आगा ने कहा, ''हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए।'' पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली।

#### हार के लिए हम जिम्मेदार थे

कप्तान ने कहा, ''हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे। उन्होंने कहा कि दबाव की स्थितियों में फैसले लेना पाकिस्तान के लिए एक बड़ी समस्या थी जिसे आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर नतीजों के लिए सुलझाना होगा।




## अपराधियों की खैर नहीं, गड़बड़ी करने वालों पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश

# होली व रमजान पर पुलिस अलर्ट

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने दो टूक शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. होली और रमजान के दौरान शहर में अमन चैन कायम रहना चाहिये. उन्होंने गड़बड़ी करने वालों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये हैं. उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि छोटी से छोटी घटना पर भी तुरंत संज्ञान लेकर वैद्यानिक कार्यवाही करें. पुलिस अधीक्षक यहां कंट्रोल रूम में जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे. इस बीच उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि त्योहार के दौरान आमजनता में सुरक्षा की भावना और अपराधियों में खौफ होना चाहिये. उन्होंने पुलिस अधिकारियों पर निष्पक्ष और पार्दर्शी कार्यवाही पर बल देते हुये अब तक गुंडे बदमाशों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की समीक्ष भी की. एसपी ने कहा कि सभी पुलिस अधीकारी विशेष सर्तका बरतें, होलिका प्रतिमाएं पारम्परिक स्थानों पर ही स्थापित करना सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों की विशेष निगरानी की जाए. सूचनातंत्र को मजबूत करने हेतु थाना स्तर पर होलिका उत्सव समितियों एवं शांति समिति की बैठक में आए सुझावों पर अमल करने और सूचना तंत्र मजबूत करने के निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में जिन स्थानों पर विवाद हुये वहां सीएसपी और थाना प्रभारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर फीडबैक लें और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें. बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा सहित जिले के सभी सीएसपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी मौजूद थे।

## कांबिंग गस्तः रात के 5 घंटे में 289 वारंटी गिरफ्तार

### चाकू, बका सहित 14 , अवैध शराब के 41 कारोबारी अंदर



**जबलपुर।** होली सहित अन्य त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार देर रात एक बड़ा अभियान चलाया। 'कांबिंग गस्त के नाम से की गई इस सघन कार्रवाई में पुलिस ने जिले भर में दबिश देकर सैकड़ों फरार वारंटियों और अवैध गतिविधियों में लिप्त बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुँचाया। यह अभियान 28 फरवरी की रात 9 बजे से शुरू होकर 1 मार्च की सुबह 2 बजे तक लगातार जारी रहा। इस विशेष अभियान की कमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, सुश्री अंजना तिवारी, सुश्री पल्लवी शुक्ला और सूर्यकांत शर्मा ने संभाली। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में एक साथ छापेमारी करते हुए कुल 289 वारंट तामील किए। इनमें 120 गैर-म्यादी वारंट, 91 गिरफ्तारी वारंट और 71 जमानती वारंट शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों में कई ऐसे शातिर अपराधी भी शामिल हैं, जो पिछले कई वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। इन सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अपराधों की रोकथाम हेतु की गई इस गस्त के दौरान पुलिस ने हथियारों और अवैध नशे के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया। कार्रवाई के दौरान 14 आरोपियों को धारदार हथियारों (13 चाकू और 1 बका) के साथ पकड़ा गया। वहीं, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 41 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 58 लीटर और 134 पाव देशी शराब जब्त की गई। रात भर चली इस गस्त में पुलिस ने न केवल पुराने गुंडे-बदमाशों के रिकॉर्ड चेक किए, बल्कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग भी की।



## रेल नीर की बंद बोतल में निकला कचरा

### रेलमंत्री को यात्री ने टैग किया, तत्काल हरकत में आया रेल प्रशासन

**जबलपुर।** जबलपुर मुख्य रेल्वे स्टेशन पर एक स्टॉल से खरीदी गई रेल नीर की बंद बोतल में कचरा देख यात्री ने कचरे वाली उक्त पानी की बोतल की इंटरनेट पर प्रसारित कर दी। जैसे ही यह शिकायत रेल मंत्री को टैग की गई तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में रेलवे के अधिकारियों की टीम संबंधित स्टाल पर जा पहुंची और वहां रखा रेल नीर का स्टॉक जब्त कर लिया गया। इसके बाद जब्त की गई बोतलबंद पानी की गुणवत्ता की जांच शुरू कर दी गई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्वालियर निवासी पवन शर्मा शुक्रवार को किसी काम से जबलपुर पहुंचें थे। उसके बाद वे जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस से घर वापसी के लिए दोपहर में लगभग पौने तीन बजे मुख्य रेल्वे स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक छह पर स्थित सांची के एक स्टॉल से रेल नीर की दो बोतल खरीदी और अपने बैग में रख लीं।

# बस हड़ताल टली यात्रियों को बड़ी राहत

### मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद ऑपरेटरों ने वापस लिया 2 मार्च का आंदोलन



**जबलपुर।** सहित पूरे मध्य प्रदेश के बस यात्रियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। आज 2 मार्च को प्रस्तावित बस ऑपरेटरों की राज्यव्यापी हड़ताल को आधिकारिक रूप से रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया। गौरतलब है कि बस ऑपरेटरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 2 मार्च से हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी, जिससे प्रदेशभर में यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही थी। हालांकि, यात्रियों की संभावित परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने बस संचालकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में सरकार की ओर से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद बस एसोसिएशन ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया।

#### मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से निकला समाधान

चर्चा के दौरान बस ऑपरेटरों ने टैक्स, परमिट और अन्य प्रशासनिक मुद्दों से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करने और चरणबद्ध समाधान निकालने का भरोसा दिलाया। सरकार के इस सकारात्मक रुख के बाद ऑपरेटरों ने जनहित में आंदोलन स्थगित करने का फैसला किया। अब प्रदेशभर में बसें अपने निर्धारित समय और तय रूट पर सामान्य रूप से संचालित होंगी। इससे लाखों दैनिक यात्रियों, छात्रों, कर्मचारियों और व्यापारिक यात्रियों को राहत मिलेगी।

#### होली पर घर जाना होगा आसान

आगामी होली पर्व को देखते हुए यह निर्णय विशेष महत्व रखता है। बड़ी संख्या में लोग त्योहार पर अपने गृह नगर जाने की तैयारी कर रहे हैं। यदि हड़ताल होती, तो बस स्टैंडों पर अफरा-तफरी और लंबी कतारों की स्थिति बन सकती थी।

# होली के उत्साह के बीच परीक्षाओं का तनाव

### भाईदूज के दिन परीक्षा केन्द्र कैसे पहुंचेंगे

**जबलपुर।** शहर में इस वर्ष होली के त्योहार के तुरंत बाद शुरू हो रही महत्वपूर्ण परीक्षाओं ने छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को भारी असमंजस में डाल दिया है। आगामी 2 मार्च को होलिका दहन, 3 मार्च को ग्रहण और 4 मार्च को धुरेड़ी का पर्व मनाया जाना है। इसके ठीक अगले दिन यानी 5 मार्च को भाई दूज के पर्व के दौरान कक्षा 9वीं, 11वीं और 12वीं की मुख्य परीक्षाएं निर्धारित हैं। जिले में होली का उत्साह धुरेड़ी के बाद भी बना रहता है, जिसके कारण परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में छात्रों को असुविधा होने की आशंका जताई जा रही है।**त्योहार और परिवहन व्यवस्था का संकट** .....निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 5 मार्च को कक्षा 9वीं का संस्कृत, 11वीं का राजनीति विज्ञान और 12वीं का भूगोल विषय का पेपर है। गौर करने वाली बात यह है कि इसी दिन कलेक्टर द्वारा 'भाईदूज के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश भी घोषित किया गया है। धुरेड़ी के अगले दिन अक्सर सड़कों पर सन्नाटा रहता है और सार्वजनिक परिवहन के साधन बेहद सीमित होते हैं। ऐसे में छात्र और अभिभावक इस बात को लेकर चिंतित हैं कि परीक्षा केंद्रों तक समय पर कैसे पहुंचा जाएगा। त्योहार की गहमागहमी के बीच छात्रों की सुरक्षा और परीक्षा की तैयारी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। **स्थानीय अवकाश का परीक्षा पर नहीं होगा असर** विभागीय नियमों के अनुसार, परीक्षाओं के टाइम-टेबल में पहले ही यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि परीक्षा की तिथियों के दौरान कोई सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षाओं के कार्यक्रम पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। शासन के इसी निर्देश के कारण जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी फिलहाल इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जब तक राज्य शासन से कोई नया आदेश प्राप्त नहीं होता, परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय पर ही आयोजित की जाएंगी।

## भतीजे ने चाचा के सिर पर राड मारी

**जबलपुर।** सिहोरा थानान्तर्गत धनगवां में कल रात एक युवक अपने चाचा के घर आकर गाली-गलौज कर रहा था तभी चाचा ने घर से बाहर निकलकर उसे गालियां देनेसे मना किया तो वह आक्रोशित होकर चाचा के साथ मारपीट करते हुए चाचा के सिर पर रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सिहोरा पुलिस ने बताया कि धनगवां निवासी सुनील कुचबंधिया कल जब अपने घर पर था तभी उसका भतीजा आदित्य कुचबंधिया उसके घर आया और गाली गलौज करने लगा गालियां देने से मना करने पर आदित्य ने अपने चाचा सुनील के साथ मारपीट करते हुए हुए उसके सिर पर रॉड से हमला कर दिया।

# कार्ड बंद होने का झांसा देकर 72 हजार निकाले



**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानान्तर्गत सीओडी कालोनी में संजीवनी नगर में एक महिला को उसके पति का क्रेडिट कार्ड बंद होने की जानकारी देकर अज्ञात सालसाज ने डेविट कार्ड की जानकारी लेकर थर्ड पार्टी एप डाउनलोड कराकर स्क्रीन शेयर पर महिला के एक निजी बैंक के खाते से तीन बार में 71 हजार 8 सौ रूपए ट्रांसफर कर लिये जांच में पता चला कि उक्त रकम किसी महिला के खाते में ट्रांसफर की गई है आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि सीओडी कालोनी निवासी श्रीमती सोनाली श्रीवास्तव के मोबाईल नंबर पर उसके पति नितिन श्रीवास्तव का क्रेडिट कार्ड बंद होने की सूचना मिली थी। किसी अज्ञात ने सोनाली को कॉल कर डेविट कार्ड की जानकारी मांगी इसके बाद सोनाली के मोबाईल नंबर पर एक ओटीपी आया और उसके आईसीआईबैंक शारदा चौक मदन महल के खाते से तीन बार में 71 हजार 8 सौ रूपए निकल गये साईबर ठगी के शिकार महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए इस दौरान पता चला कि उक्त रकम किसी साईस्ता खातून महिला के खाते में ट्रांसफर हुई। आरोपी महिला ने श्रीमती सोनाली श्रीवास्तव के मोबाईल नंबर पर कॉल कर उसके पति निखिल श्रीवास्तव का क्रेडिट कार्ड बंद होने की सूचना देकर डेविट कार्ड की जानकारी लेकर सोनाली को दो थर्ड पार्टी एप डाउनलोड करने कहा एप डाउन लोड करते ही सोनाली के मोबाईल का स्क्रीन शेयर हो गया उसके आईसीआईसी बैंक खाते से रूपए साफ हो गये।




# मृतकों के खाते से रकम निकालने वाले को 4 साल की कैद

### 37 खातों से 27.55 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर किए थे

**जबलपुर।**

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रुपेश गुप्ता की अदालत ने सतना स्थित इलाहाबाद बैंक में आउटसोर्स कर्मचारी रहे आरोपी ब्रजेश तिवारी को मृत व्यक्तियों के खातों से रकम निकालने के मामले में दोष सिद्ध पाते हुए चार साल की सजा सुनाई , साथ ही 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। उक्त मामले की जांच 2017 में जबलपुर सीबीआई ने शिकायत के आधार पर शुरू की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने मृत खाताधारकों के खाते से करीब 27.55 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। इस मामले में सबूतों के अभाव में बैंक के ही तीन बैंक अधिकारियों को बरी कर दिया गया। प्रकरण के मुताबिक सतना के इलाहाबाद बैंक में सैकड़ों खातों, खासकर पेंशन खातों में गड़बड़ी की शिकायत 2017 में सीबीआई को मिली थी। इस मामले की जांच में खुलासा हुआ कि जिन लोगों की मौत हो चुकी थी, उनके नाम पर 2011 से 2015 के बीच लगातार पेंशन निकाली जाती रही। पड़ताल के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ बुजुर्गों की करीब 30 हजार रुपए की पेंशन ट्रेजरी फीड के जरिए उनके खातों से निकाल ली गई। इसके बाद सीबीआई ने मामला दर्ज कर गुप्त जांच शुरू की। ज्ञात हुआ कि इलाहाबाद बैंक में सैकड़ों खातों के बीच जब किसी खाताधारक की मृत्यु हो जाती थी, तो हेड ऑफिस से जोनल ऑफिस को सूचना भेजी जाती थी कि अब संबंधित व्यक्ति की पेंशन बंद की जाए। यह पूरा डाटा आरोपी ब्रजेश तिवारी के पास पहुंचता था। वह इसी जानकारी का फायदा उठाकर मृत व्यक्तियों के खाते नंबर ट्रेजरी फीड के जरिए बदल देता था, जिससे पेंशन की राशि उसके खाते में ट्रांसफर हो जाती थी। जांच में सामने आया कि 2011 से 2015 के बीच उसने ऐसे करीब 37 खातों की पेंशन रकम अपने खाते में डलवाई, जिनकी राशि 30 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक थी। सतना निवासी आरोपी ब्रजेश तिवारी को साल 2005 में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में नौकरी मिली थी। नौकरी के दौरान उसने कई बैंक मैनेजरों के साथ काम किया। उसने 2011 से ही फर्जीवाड़े का खेल शुरू कर दिया था। 2017 में जबलपुर सीबीआई को एक गुप्त शिकायत मिली कि मृत लोगों के नाम पर भी बैंक से लाखों रुपए की पेंशन निकाली जा रही है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई ने जांच शुरू की, जिसमें बड़ा खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि ब्रजेश तिवारी ने कुछ बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से पहले हेड ऑफिस से मृत खाताधारकों के खाते नंबर हासिल किए, फिर ट्रिगर फीड सिस्टम में अपना खाता नंबर दर्ज कर पेंशन की रकम अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। दरअसल ट्रिगर फीड इस्तेमाल करते समय खाताधारक का नाम नहीं, केवल खाता नंबर दिखाई देता था। इसी तकनीकी खामी का फायदा उठाकर आरोपी ने अपने खाते की जानकारी दर्ज कर रकम हड़प ली।जबलपुर सीबीआई की टीम ने शिकायत की जांच के बाद 2019 में सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट पेश की । इसके बाद मामला चलता रहा और आखिरकार 2026 फरवरी को पेंशन घोटाला से संबंधित केस का निर्णय आया। हालांकि सीबीआई की विशेष अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बैंक अधिकारी बादल पटेल, सचिन दुबे और ए.के गुलाटी को आरोपों से बरी कर दिया। जबकि मुख्य आरोपी ब्रजेश तिवारी को दोष सिद्ध पाते हुए 4 साल की कारावास तथा जुर्माने की सजा से दंडित किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240